दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 12 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-258 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पूर्व-उपराष्ट्रपति धनखड़ एआईआईएमएस में भर्ती

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक दौरान बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें नई दिल्ली में एआईआईएमएस में भर्ती कराया गया। सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर वाहन से घर ले गए। धनखड़ कुछ मिनट तक बेहोश रहे। बाद में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एम्बुलेंस से एआईआईएमएस ले जाया गया। 75 साल धनखड़ को कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती किया गया है। वे कार्डियोलॉजी विभाग में हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। धनखड़ की हालत के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है।

एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

कोलकाता। एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को बुधवार सुबह हाईजैक करने की धमकी मिली। विमान के टॉयलेट में मिले एक नोट में लिखा था कि सुबह 11:10 बजे प्लेन हाईजैक कर लिया जाएगा। नोट मिलते ही क्रू ने पायलट को इसकी जानकारी दी। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अलर्ट किया। इसके बाद विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू की। विमान में उस समय 93 यात्री और 5 क्रू मेंबर सवार थे।

असम में ट्रेन पटरी से उतरी, 50 पैसेंजर घायल

गुहावटी। असम के कामरूप में बुधवार सुबह करीब 6:54 बजे कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस का इंजन और 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे में 50 पैसेंजर घायल हुए हैं। हालांकि रेलवे का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (NFR) के मुताबिक, डिगारू स्टेशन पर ट्रेन को दूसरी लाइन पर लेने के दौरान लोको पायलट स्पीड कम नहीं कर सका, इससे ट्रेन डेड एंड पर लगे बैरिकेड्स से टकरा गई। 45 सेकेंड के वीडियो में इंजन के लोको पायलट केबिन का अंदरूनी हिस्सा दिखाई दे रहा है।

पाकिस्तान में पुलिस टीम पर हमला, 11 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को आतंकियों ने पुलिस टीम पर घात लगाकर हमला कर दिया। इसमें एक ऊढ और एक सब-इंस्पेक्टर समेत 11 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हैं। पुलिस टीम अवैध सोने के खनन के खिलाफ छापेमारी करने जा रही थी। इसी दौरान कोहाट और करक के बीच दरबोकाच इलाके में हमलावरों ने उसे निशाना बनाया। हमलावर आसपास की पहाड़ियों पर छिपे थे। घटना कोहाट जिले के गंबत इलाके की है। हमले में पुलिस की 5 गाड़ियों को आग लगा दी गई।

पाकिस्तानी एजेंटों से संबंध के आरोप में पूर्णिया का छात्र गिरफ्तार

पटना। पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर यूट्यूब चैनलों से देश में कट्टरता फैलाने के आरोप में पूर्णिया पुलिस मधुबनी थाना क्षेत्र स्थित काली प्रसाद यादव टोला के रहने वाले शमीम अख्तर के 23 वर्षीय पुत्र शाहिद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया। वह पूर्णिया कॉलेज में जंतु विज्ञान का छात्र है। उसकी गिरफ्तारी आंध्र प्रदेश से मिली सूचना के आधार पर खुफिया विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से की है। गिरफ्तार युवक के मोबाइल फोन से कई ऐसे वीडियो संदेश मिले हैं, जो देश में कट्टरता फैलाने के लिए पाकिस्तान से भेजे जाने के बाद युवक द्वारा देशभर में वायरल किए गए थे। एटीएस सहित देश की कई अन्य खुफिया एजेंसियों ने भी उससे घंटों पूछताछ की।

कैबिनेट ने नॉर्थ व साउथ ब्लॉक में 'युगे युगीन भारत' संग्रहालय को मंजूरी दी

3,230 करोड़ रुपए होंगे खर्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर में 'युगे युगीन भारत' संग्रहालय (वाईवाईबीएम) के विकास को मंजूरी दे दी। इस परियोजना की अनुमानित कुल लागत 3,230 करोड़ रुपए है।



दिल्ली में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा प्रदर्शनी क्षेत्र वाला म्यूजियम

आधिकारिक बयान के अनुसार, संग्रहालय का विकास ऐतिहासिक नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर के अनुकूल पुनः उपयोग के जरिए किया जाएगा। इसके तहत इन इमारतों की वास्तुकला और विरासत से जुड़े महत्व को संरक्षित रखते हुए इन्हें एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित संग्रहालय लगभग 1,78,509 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र में फैला होगा। इसमें आधुनिक संग्रहालय प्रथाओं, इमर्सिव टेक्नोलॉजी और आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्याख्या की आधुनिक प्रणालियों को शामिल किया जाएगा। युगे युगीन भारत संग्रहालय दुनिया का सबसे बड़ा प्रदर्शनी क्षेत्र वाला संग्रहालय होगा। इसे एक ऐतिहासिक सभ्यतागत संग्रहालय के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसमें भारत की 5 हजार वर्षों की सभ्यतागत विरासत की निरंतरता, विविधता और समृद्धि को उसकी मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के एकीकृत स्वरूप के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। संग्रहालय में विशेष रूप से तैयार विषयगत दीघाओं, प्रदर्शनियों और व्याख्याओं के माध्यम से भारत की सभ्यतागत यात्रा को प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं, ज्ञान प्रणालियों, कलात्मक प्रथाओं और विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा।

2027 के अंत तक होगा पहली गैलरी का शुभारंभ

इस परियोजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 तक चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। नॉर्थ ब्लॉक में 'श्रृंगार' विषय पर आधारित पहली उद्घाटन गैलरी के 2027 के उत्तरार्ध में आम जनता के लिए खुलने की उम्मीद है। अन्य गैलरी जोड़ने के लिए मॉड्यूलर दृष्टिकोण तैयार किया जा रहा है। संग्रहालय की सामग्री और संग्रह का विश्लेषण किया जा रहा है। राष्ट्रीय संग्रहालय और संस्कृति मंत्रालय के अन्य संग्रहालयों, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के 52 स्थल संग्रहालयों तथा विभिन्न राज्य संग्रहालयों और निजी संग्रहों से लगभग 18 लाख वस्तुओं की पहचान की गई है, जिन्हें युगे युगीन भारत संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा।

बिहार में 7202 कर्मियों के खातों में पहुंचे 35 करोड़ रुपए एक्स्ट्रा

पटना (एनएसबी)। एक रैंडम ऑडिट से बिहार में शिक्षा विभाग में 35,27,49,333 रुपये की हेराफेरी का भंडाफोड़ हो गया। सरकारी सेवकों के वेतन, मकान किराया भत्ता (एचआरए) और बकाया राशि के भुगतान में यह हेराफेरी हुई। अब वसूली की प्रक्रिया चल रही है।

अभी तक 33 करोड़ से कुछ अधिक राशि की वसूली हो चुकी है और 2,24,30,205 करोड़ रुपये की वसूली शेष रह गई है। इस भंडाफोड़ के बाद ही वित्त विभाग द्वारा वेतन-भत्ता के भुगतान से पहले मेकर-चेकर-अप्रूवर की व्यवस्था के अक्षरशः अनुपालन का निर्देश दिया गया। उसके बाद वेतन रोके जाने और खजाना खाली होने की अफवाह शुरू हो गई। अक्टूबर में कुछ



38 जिलों के शिक्षा अधिकारियों को अल्टीमेटम

जिलों में रैंडम ऑडिट हुआ। तब भागलपुर, नवादा और पटना में आवश्यकता से अधिक भुगतान के तीन मामले उजागर हुए। उसके बाद सभी 38 जिलों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) के जरिए किए गए वेतन-भत्तों के भुगतान की जांच हुई।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो पुलिस जवान लापता

आर्मी पेट्रोलिंग टीम के साथ थे, इलाके में फायरिंग भी सुनी गई

किश्तवाड़ (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार दोपहर से 2 स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) लापता हैं। दोनों किश्तवाड़ के दूरदराज इलाके दच्छन-मरवाह में आर्मी पेट्रोलिंग टीम के साथ थे।

सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि दोनों ढेरना पोस्ट की ओर जा रहे थे। लापता होने से पहले उनके मोबाइल भी चालू थे, लेकिन बाद में स्विच ऑफ हो गए। वहीं, जब यह घटना हुई ठीक उसी समय इलाके में फायरिंग भी सुनी गई। घटना के बाद से पुलिस और सुरक्षाबलों ने दोनों रढड की तलाश के लिए जॉइंट ऑपरेशन चलाया है।



पुलिस ने लापता अधिकारियों की तलाश शुरू की

दोनों एसपीओ के लापता होने के दौरान इसी इलाके में एयरटेल नेटवर्क सेवाएं बाधित होने की जानकारी भी सामने आई है। एयरटेल कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को मरवाह इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। 15 अक्टूबर 2026 को एसपीओ बशीर अहमद किश्तवाड़ के त्रिगाम स्थित पुलिस पिकेट से सर्विस राइफल के साथ लापता हुए थे। अगले दिन 16 अक्टूबर को उनका शव त्रिगाम के जंगल में एक नाले के पास गड्ढे में दबा मिला। 19 अक्टूबर को पुलिस ने इस हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। आतंकी हमले का सीसीटीबी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। दोनों किश्तवाड़ जिले के कियार दच्चन के निवासी हैं। दोनों एसपीओ की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर 17 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के टीओबी कैंप धरना, सेक्टर मरवाह में लगाई गई थी। हालांकि, दोनों निर्धारित समय पर ड्यूटी के लिए कैंप में नहीं पहुंचे। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

कुलगाम में आतंकी हमला, 3 जवान जख्मी

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। आतंकी हमले का सीसीटीबी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। घटना करीब 2:15 बजे की है। इसमें तीन जवान घायल हो गए। उन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमवीर और कॉन्स्टेबल संतानो और राकेश दास के तौर पर हुई है। तीनों CRPF की 46वीं बटालियन में तैनात हैं। एक जवान के पैर, दूसरे के हाथ और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। फायरिंग के बाद हमलावर फरार हो गए।

भारत ने वीजा सिस्टम बदला अब सिर्फ 9 ही कैटेगरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्रालय ने भारत के वीजा सिस्टम में बदलाव किया है। अब वीजा की मुख्य कैटेगरी 13 से घटाकर 9 और सब-कैटेगरी 49 से घटाकर 23 कर दी गई हैं। यानी विदेशियों के लिए वीजा चुनना और आवेदन करना आसान होगा। टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर विजिटर वीजा कर दिया गया है। इसके अलावा वीजा आवेदन फॉर्म में भरे जाने वाले कॉलम भी 65-70% कम कर दिए गए हैं। इससे पहले अक्टूबर 2025 में वीजा की मुख्य कैटेगरी 22 से घटाकर 13 और सब-कैटेगरी 63 से घटाकर 49 की गई थीं। नई व्यवस्था दिसंबर 2026 तक लागू हो जाएगी। फिलहाल भारत 172 देशों के नागरिकों को ई-वीजा की सुविधा देता है।

मेडिकल वीजा को सामान्य इलाज और अ USH पद्धति से इलाज के लिए अलग-अलग किया गया है। ट-1 वीजा सामान्य चिकित्सा और ट-3 वीजा अ USH पद्धति से इलाज के लिए मिलेगा। दोनों वीजा एक साल के लिए जारी होंगे और इनमें कई बार भारत आने की अनुमति होगी। वहीं, मरीज के साथ आने वाले अटेंडेंट को ट-2 और ट-4 वीजा दिया जाएगा। इससे मरीजों को इलाज के दौरान बार-बार वीजा के लिए आवेदन नहीं करना पड़ेगा। स्टूडेंट वीजा की दो कैटेगरी: विदेशी छात्रों के लिए स्टूडेंट वीजा को स-1 और स-2 की दो कैटेगरी में बांटा गया है। स्टडी इन इंडिया पोर्टल के जरिए भारतीय संस्थानों में



टूरिस्ट की जगह विजिटर वीजा मिलेगा, फॉर्म में 70% कम जानकारी भरनी होगी दिसंबर से लागू होगा

दाखिला लेने वाले विदेशी छात्रों को ई-स्टूडेंट वीजा दिया जा सकेगा। बिजनेस वीजा को इ-1 और इ-2 की दो कैटेगरी में बांटा गया है। भारतीय कंपनियों के साथ काम करने वाले विदेशी विशेषज्ञों को भी इ-2 वीजा मिलेगा। वे मशीनों की इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस, क्वालिटी चेक और कर्मचारियों की ट्रेनिंग जैसे काम कर सकेंगे। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए 6 गैर-मुस्लिम समुदायों के लोगों को यहां रहने के लिए अब वीजा लेना होगा। इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। पहले इन लोगों को पासपोर्ट और वीजा, दोनों की अनिवार्यता से छूट मिली हुई थी। यह बदलाव उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2024 या उससे पहले भारत आए थे।

अब स्वास्थ्य केंद्रों पर भी विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे इलाज : निशांत

पटना (एनएसबी)। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने बुधवार को राजधानी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शास्त्री नगर एवं दरियापुर भट्ठी में विस्तारित ओपीडी सेवा का शुभारंभ किया। अब दोनों केन्द्रों पर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ओपीडी संचालित होगी। इस पहल से नौकरीपेशा एवं कामकाजी लोगों को अपनी सुविधानुसार इलाज कराने में सहूलियत मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों के और करीब पहुंचाना है, ताकि बेहतर इलाज के लिए लोगों को अनावश्यक रूप से बड़े अस्पतालों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं तभी सार्थक होंगी,

शास्त्री नगर एवं दरियापुर भट्ठी में रात 8 बजे तक ओपीडी सेवा शुरू

जब आम नागरिकों को उनके आस-पास में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा, विशेषज्ञ परामर्श और आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध हो। इन दोनों केन्द्रों पर जेनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, त्वचा रोग तथा कान, नाक एवं गला रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही निःशुल्क पैथोलॉजी जांच, ईसीजी, नेत्र जांच, दवाइया एवं टेली-कंसल्टेशन की सुविधा भी मिलेगी।

दरभंगा : ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा में भीषण सड़क हादसे में तीन किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी. चौथा गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज किया जा रहा है। घटना जिले के मब्बी थाना क्षेत्र के बाजार समिति-27 के पास हुई. इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के चाचा मो. अकील ने बताया कि, मृतक और घायल चारों युवक दरभंगा शहर के बाकरगंज स्थित मोमिन टोला, वार्ड संख्या 39 के रहने वाले थे। मोहल्ले की एक मस्जिद में धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था. बताया जाता है कि चारों दोस्त रात करीब तीन बजे अपने-अपने घरों से निकले थे. परिजनों को उन्होंने मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने की बात बताई थी। हालांकि, इसके बाद चारों युवक गाड़ी लेकर हाईवे की ओर निकल गए. बताया जा रहा है कि इसी दौरान मब्बी थाना क्षेत्र के बाजार समिति-27 के पास सुबह करीब चार बजे उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसा इतना भीषण था कि तीन किशोरों ने दम तोड़ दिया, जबकि चौथा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया(

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पटना नगर निगम की बड़ी उपलब्धि

राष्ट्रपति ने प्रदान किया स्वच्छ शहर का पुरस्कार

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वच्छता के क्षेत्र में पटना नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित 10वें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पुरस्कार समारोह में पटना नगर निगम को स्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी कुमारी, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव संदीप पुडकलकट्टी एवं नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि को विशेष बनाते हुए पटना नगर निगम की टीम ने अपने दो सफाई कर्मियों अमरजीत मांझी (नूतन राजधानी अंचल) एवं रॉकी पासवान (अजीमाबाद अंचल) के साथ पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में दिन-रात जुटे सफाई कर्मियों के समर्पण और योगदान का भी प्रतीक है। पटना नगर निगम को मिली यह सफलता सुदृढ़ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, लीगेसी वेस्ट के नियमानुसार निस्तारण, जन शिकायतों के त्वरित समाधान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में निरंतर सुधार तथा स्वच्छता अभियान में पटनावासियों की बढ़ती भागीदारी का परिणाम है। इस अवसर पर महापौर सीता साहू ने कहा कि यह सम्मान पूरे पटना शहर और यहां के नागरिकों को समर्पित है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में पटना नगर निगम की पूरी टीम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के शहरों में विकास और स्वच्छता को नई गति मिल रही है। पटना नगर निगम भी इसी दिशा में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस उपलब्धि के लिए सभी सफाई कर्मियों, निगमकर्मियों और पटनावासियों को हार्दिक बधाई। उप महापौर रेशमी कुमारी ने कहा कि पटना नगर निगम को मिला यह सम्मान हमारे सफाई साथियों के अथक परिश्रम और पटनावासियों के सहयोग का प्रतिफल है। स्वच्छ शहर का निर्माण केवल नगर निगम के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। यह पुरस्कार हमें स्वच्छता के अपने संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा।



स्वच्छ सर्वेक्षण में पटना नगर निगम की हैट्रिक

पटना नगर निगम ने पिछले तीन स्वच्छ सर्वेक्षणों में स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार अपनी स्थिति मजबूत की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पटना ने बिहार में स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ वाटर प्लस सर्टिफिकेट और 1-स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग हासिल की थी। वर्ष 2024 में इस प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम ने 3-स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग प्राप्त की और प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर पुरस्कार से सम्मानित हुआ। वहीं, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पटना को स्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटी पुरस्कार से नवाजा गया है। लगातार तीन सर्वेक्षणों में मिली ये उपलब्धियां पटना नगर निगम के सतत प्रयासों, स्वच्छता व्यवस्था में किए जा रहे सुधारों और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता का प्रमाण हैं। यह सम्मान स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ पटना के निर्माण के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा।

नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने कहा कि आने वाले समय में पटना क्लस्टर में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना, लीगेसी वेस्ट का पूर्ण निस्तारण, इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का विकास, नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और मोबाइल कोर्ट जैसी पहलें शहर की स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को नई मजबूती देंगी।

एक नजर

साईबर अपराधियों के चंगुल में फंसे युवक ने लगाई फांसी

दनियावां/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय दनियावां थाना क्षेत्र के फरीदपुर बाजार निवासी एवं व्यवसायी अरविंद कुमार के पुत्र प्रिंस कुमार(30) ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक दिल्ली विश्वविद्यालय से लॉ में स्नातक करने के बाद प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में जुटा था। इसी बीच दिवाली में दिल्ली से घर आया और साईबर अपराधियों के चंगुल में फंस गया था। अपराधियों ने उसे चंगुल में फंसाने के बाद उसका मोबाईल हैक कर लिया था।जिससे युवक दो दिनों से बहुत परेशान था।मंगलवार की दोपहर पिता की अनुपस्थिति में कमरा बंद कर जीवन इहलीला समाप्त कर ली।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।जिसके बाद स्वजनों और जनप्रतिनिधियों के निवेदन पर शव को पोस्टमार्टम न करा स्वजनों को सौंप दिया गया।घटना की जानकारी स्वजनों को बंद कमरा से कोई आवाज नहीं आने पर दरवाजा तोड़ प्रवेश करने पर ज्ञात हुई।घटना के बाद से स्वजनों और आसपास गम का माहौल व्याप्त है।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पचरुखिया थाना क्षेत्र के लश्करीचक गांव के पास मंगलवार की देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और उसके मासूम पुत्र की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुनपुन निवासी प्रयाग कुमार (35) एवं उनके 7 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के अनुसार प्रयाग कुमार फतुहा थाने के प्रह्लादचक गांव स्थित अपनी ससुराल आए हुए थे। बीती रात ससुराल में किसी बात पर उनकी नोकझोंक हो गई। इसके बाद रात को ही वे अपने 7 वर्षीय बेटे को लेकर बाइक से अपने घर पुनपुन लौट रहे थे। इसी दौरान लश्करीचक के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों की नजर दोनों पर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्रथमष्टया यह दुर्घटना तेज रफ्तार या ब्रेक फेल होने के कारण प्रतीत हो रही है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है एवं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। एक साथ पिता-पुत्र की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है।

गोदाम में रखी नौ लाख की बैटरी चोरी

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के विक्रमपुर स्थित एक बैटरी गोदाम से अज्ञात चोरों ने 96 पीस बैटरी की चोरी कर ली। चोरी गई बैटरी की कीमत नौ लाख बताई जाती है। पीड़ित मालिक विक्रमपुर निवासी अभिषेक कुमार ने बुधवार को थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित सूचना दी है। पीड़ित के अनुसार मंगलवार को जब वे गोदाम में बैटरी का स्टक मिलाने गए तो उन्होंने गोदाम से 96 पीस बैटरी गायब पाया। इसके बाद जब उन्होंने सीसीटीवी खंगाला तो देखा कि रविवार की रात 12 बजे चोर गोदाम के पीछे करकट के नीचे से गोदाम में दाखिल हुए और बैटरी की चोरी कर चलते बने। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

वृद्ध से पचास हजार छीनकर उचक्के फरार

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दरियापुर के पास बुधवार को बाइक सवार उचक्कों ने एक वृद्ध से दिनदहाड़े पचास हजार रुपए की छिनतई कर ली। पीड़ित दरियापुर निवासी उदय नारायण सिंह ने थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पीड़ित अवकाशप्राप्त सहकारिता पदाधिकारी ने स्टेशनरोड स्थित केनरा बैंक से दोपहर में 50 हजार रुपए निकाल कर बैग में रख लिया। इसके बाद उन्होंने चौराहे से दरियापुर के लिए अटो लिया। दरियापुर में अटो से उतरकर चालक को किराया देने लगे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार दो उचक्कों ने बैग झपट लिया और पूर्व दिशा में फरार हो गए। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पचास लाख की विदेशी शराब के साथ चार गिरफ्तार

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की अलसुबह मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने फतुहा के मुस्तफापुर स्थित एक गोदाम में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के 435 कार्टन यानी 3830.760 लीटर विदेशी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख से अधिक बताई जाती है। पुलिस ने मौके से राजस्थान के चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। सभी की पहचान सिणधारा थाने के वालोतरा निवासी देवाराम, विशनाराम, दिनेश कुमार और दयाराम के रूप में हुई है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेमप्रकाश ने बताया कि सूचना मिली थी कि फतुहा के मुस्तफापुर स्थित एक गोदाम में विदेशी शराब का भंडारण किया हुआ है। इसके बाद निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने बुधवार की अलसुबह वहां छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गोदाम के अंदर से 435 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई।

महिला शिक्षकों और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार पर होगी सख्त कार्रवाई

दैनिक नवसंदेश

पटना। विद्यालयों और शिक्षा विभाग के दफ्तरों में महिला शिक्षकों एवं कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसा व्यवहार सरकारी सेवक के आचरण के विरुद्ध और कदाचार माना जाएगा। संबंधित नियुक्ति प्राधिकार दोषी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकेंगे।

इस संबंध में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों, जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने विद्यालयों एवं कार्यालयों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण तैयार करने को कहा है।

निर्देश में साफ तौर पर कहा गया है कि महिला शिक्षकों एवं कर्मियों के साथ आदरपूर्ण व्यवहार किया जाए। उन्हें कार्य करने और अपनी प्रतिभा के अनुरूप योगदान देने के समान अवसर मिलें। स्कूल परिसर में

'विद्यालयों और कार्यालयों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और भेदभावमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का निर्देश'



सीके अनिल।

उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार या भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हर दफ्तर में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

महिला कर्मियों की शिकायतों के निवारण के लिए हर कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इस समिति की अध्यक्ष वरीयतम महिला कर्मी होंगी। किसी महिला कर्मी या शिक्षिका के साथ गलत व्यवहार होने पर वह 90 दिनों के भीतर समिति की अध्यक्ष को लिखित शिकायत दे सकती हैं। समिति प्रातिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप मामले की जांच करेगी।

महिला शिक्षकों को दी जाए मेंटर की जिम्मेदारी

विभाग ने महिला शिक्षकों की शैक्षणिक एवं सामाजिक भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया है। उन्हें छात्राओं के लिए मेंटर की जिम्मेदारी देने, अभिभावक-शिक्षक बैठक में माताओं से संवाद करने तथा राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया है।

सभी डीईओ को कड़ाई से अनुपालन कराने का निर्देश

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग का उद्देश्य विद्यालयों और कार्यालयों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भेदभावमुक्त कार्यस्थल बनाना है।

कमजोर छात्र-छात्राओं को शिक्षा विभाग की सौगात, 17 से शुरू होगी 'संकल्प संध्या'

राज्य के सभी 38 जिला मुख्यालयों में शाम 5 से 7 : 30 बजे तक चलेंगी निःशुल्क सांध्यकालीन कक्षाएं

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कमजोर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई मजबूत करने के लिए शिक्षा विभाग ने एक सार्थक प्रयास किया है। इसके तहत राज्य के सभी 38 जिला मुख्यालयों में 17 नवम्बर से सांध्यकालीन कक्षाएं शुरू होंगी। इन्हें 'संकल्प संध्या' नाम दिया गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर यह व्यवस्था की जा रही है। इस योजना का लाभ सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मिलेगा। विशेष रूप से कमजोर एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं पर ध्यान दिया जाएगा। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों को होमवर्क पूरा कराने के साथ परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने बताया कि संकल्प संध्या' का संचालन अगले वर्ष 31 मार्च तक किया जाएगा। हर जिला मुख्यालय में कम-से-कम एक और अधिकतम तीन सरकारी स्कूलों में कक्षाएं चलेंगी। इनका समय शाम 5 बजे से 7 : 30 बजे तक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों को यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क मिलेगी। रेमेडियल कक्षाओं में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पढ़ाई पर विशेष जोर रहेगा। इसके लिए सरकारी स्कूलों में उपलब्ध स्मार्ट बोर्ड और अन्य डिजिटल संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। सरकारी शिक्षकों के साथ सेवानिवृत्त अधिकारी भी स्वैच्छिक आधार पर पढ़ा सकेंगे। इसके लिए 70 वर्ष से कम आयु के इच्छुक सेवानिवृत्त आईएएस, बीएएस, बीईएस और अन्य सरकारी सेवाओं के अधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अस्थायी अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। वे विद्यांजलि ऐप के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में धूमधाम से मनाया गया चित्रगुप्त पूजा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना के गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में इस साल 11 नवंबर को भगवान चित्रगुप्त की पूजा पूरे विधि-विधान और धूमधाम से मनाई गयी। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद अध्यक्ष व गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त सभी मनुष्यों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखते हैं, इसलिए इस दिन विशेष रूप से कलम-दवात की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। पूजा समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 11 नवंबर की सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजन और हवन का अनुष्ठान चला। इसके बाद दोपहर 12 : 30 बजे से शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। वहीं, दोपहर 1 : 30 बजे से एक विशाल सामाजिक समरसता प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। इस बार आयोजन में सामाजिक सरोकार को निभाते हुए उद्घाटन के अवसर पर 25 गरीब और मेधावी छात्रों को स्कलरशिप भी प्रदान किया गया।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का स्वागत करते प्रो रणबीर नंदन।

समिति के अन्य सम्मानित सदस्यों में पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कु सिंह, सचिव चंचल कुमार, अंजनी कु सिन्हा, आशीष कु मिश्रा, प्रो केसी सिन्हा, प्रो प्रवीण कुमार, प्रो शशि प्रताप शाही, डा नीता नाथ, मुकेश रंजन झा और पं सत्य प्रकाश पाण्डेय शामिल हैं। साथ ही अभय कुमार, अवधेश प्रसाद सिन्हा, शैलेश कुमार, रूचि श्रीवास्तव, अजय सुंदर, सुषमा सिन्हा, अमन राज, राजीव कुमार, अभिषेक कुमार और अमित राज भी आयोजन को सफल बनाने में बतौर सदस्य अपनी सक्रिय भूमिका में रहे।

राजद कार्यालय में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद एवं भारत के प्रथम शिक्षामंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब की जयन्ती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर मौलाना साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब कवि, लेखक, पत्रकार, महान स्वतंत्रता सेनानी, महान देश भक्त तथा प्रसिद्ध शिक्षाविद थे। देश के प्रथम शिक्षामंत्री के रूप में उन्होंने शिक्षा में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को प्रतिष्ठित किया और देश की एकता एवं अखंडता की हिमायत की। वे भारत विभाजन के प्रबल विरोधी थे। वे माउंटबेटन के साथ कई बैठक में भारत का विभाजन नहीं करने की बातें कही। इस अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण करने वालों में पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बीनू यादव, पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, मदन शर्मा, हरेन्द्र कुमार कुशवाहा, निर्भय अम्बेदकर, डॉ. कुमार राहुल सिंह, नन्दू यादव, भाई अरूण कुमार, डॉ पेम कुमार गुप्ता, खुर्षीद आलम सिद्दिकी, बिरजू पटेल, कुमर राज्ञा, श्यामनंदन पासवान, संटू कुमार यादव, चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह गणेष कुमार यादव, तौकीर मंसूरी, षिवेन्द्र कुमार तांती, मो शमीम, प्रो पेमनाथ, सुबोध कुमार, सिकन्दर पासवान, विकास यादव, बैजू प्रसाद, दिनेष राम, बाबर खां, अमजद अहमद, जावेद अहमद, राजेश निराला, सैयद लियाकत हसन सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मौलाना साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

रब्बी की बुआई के लिए बेगूसराय के किसानों के बीच खाद के लिए त्राहिमाम

बेगूसराय / पटना (दैनिक नवसंदेश)। रबी की बुआई हेतु खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहे है। विगत मार्च से अक्टूबर माह तक बेगूसराय में पहुंचा खाद का बड़ा हिस्सा जिला कृषि पदाधिकारी एवं खाद माफिया की मिली भगत से कालाबाजारी का भेंट चढ चुका है। उसे नेपाल भेजा गया।

संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह,दिनेश कुमार, संतोष ईश्वर, मनोज कुमार, गणेश चौधरी, अशोक कुमार सिंह, रामनरेश महतो, राम चरित्र महतो, नवीन कुमार ने किसानों की हो रही लूट पर रोष प्रकट करते हुए, सरकार से मांग की है कि अविलंब इस लूट पर रोक लगे तथा दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाए तथा पर्याप्त खाद की आपूर्ति कर किसानों को रबी बुआई के लिए समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए अन्यथा किसान चुपचाप बैठ नहीं रहेंगे।

बेगूसराय में सात विधायक,दो विधान पार्षद और एक सांसद के अलावा जिला समाहर्ता के सामने दिनदहाड़े किसानों की लूट हो रही है। मगर हमारे जनप्रतिनिधिगण और डीएम बेगूसराय मौन धारण कर लिया है। दुर्भाग्य है कि कृषि मंत्री के बेगूसराय प्रवास के दौरान डी ए ओ द्वारा तेघरा के खाद माफिया से सेवा ली जाती है। सिर्फ दिखावे के लिए रोज डीएम बैठकों का दौर चला रहे है,मगर कहीं कुछ हो नहीं रहा है।

वित्तीय अराजकता, प्रशासनिक कुव्यवस्था का पर्याय बन चुका है बिहार : तेजस्वी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार वित्तीय अराजकता, प्रशासनिक कुव्यवस्था, बदइंतजामी, अनुशासनहीनता और राजशून्यता का पर्याय बन चुका है। कुशासन, बदहाल विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार एनडीए सरकार में गहरी व गंभीर संरचनात्मक समस्या बन चुका है जो सरकार और समाज के हर स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति एवं व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है।



हर स्तर पर माफिया का राज है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या होगा कि अपराधी पुलिस की हत्या कर रहे है और पुलिस अपनी खघमियाँ छुपाने के लिए निर्दोष नागरिकों की हत्या कर रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के अनाड़ी मुख्यमंत्री से बिहार संभल नहीं रहा है जिससे बिहार में अराजक और विध्वंसक स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। बिहार में गवर्नेस नाम की कोई चीज ही नहीं है। मनोनीत मुख्यमंत्री के अल्पज्ञान, अनाड़ी कार्यशैली एवं अकुशलता के कारण अधिकारी इन्हें गंभीरता से नहीं ले रहे है। जनसमस्याओं का निदान, जनसरोकार और जनजीवन को बेहतर बनाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता ही नहीं है और यही वजह है कि नावाकिफ अपरिप मुख्यमंत्री लोक कल्याणकारी मुद्दों की बजाय गैर वाजिब मुद्दों को तरजीह देते रहते है।

बिहार के सबसे गौरवशाली व्यक्तित्व थे डा सच्चिदानन्द सिन्हा, नहीं मिला उचित सम्मान

जयंती पर आचार्य बदरीनाथ वर्मा जी भी किए गए श्रद्धापूर्वक स्मरण, आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आधुनिक बिहार के सबसे गौरवशाली व्यक्तित्व थे डा सच्चिदानन्द सिन्हा। विद्वता, विनम्रता, दानशीलता और त्याग की प्रतिमूर्ति थे वे। उन्होंने बंगाल का विभाजन कराकर न केवल बिहार को अलग राज्य के रूप में स्थापित कराया बल्कि राज्य के सचिवालय और विधान-मंडल के निर्माण हेतु अपनी विशाल भूमि भी प्रदान कर दी। बिहार के चार-चार राजाओं को पराजित कर में केंद्रीय ऐसेंबली के लिए निर्वाचित हुए सिन्हा जी भारत की संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष और अपने समय के बिहार के सर्वमान्य नेता थे। भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उनका हस्ताक्षर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। जिस सम्मान के वे अधिकारी थे, उन्हें नहीं दे रहे हम। लगभग भुला दिया है उनको।

यह बातें, मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह एवं लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि सच्चिदा बाबू ने बाबू महेश नारायण के साथ अलग बिहार के आंदोलन को बल दिया। महेश बाबू के निधन के पश्चात उनके ही नेतृत्व में यह आंदोलन सफल हुआ और बिहार को एक अलग राज्य के रूप में स्थान प्राप्त हुआ। वे में ही बिहार के अर्थ सचिव और कानून मंत्री बनाए गए थे। वे हाउस ऑफ लौर्ड्स के भी सदस्य थे।

जयंती पर महान स्वतंत्रता-सेनानी और बिहार के पूर्व शिक्षामंत्री आचार्य बदरी नाथ वर्मा का स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि बदरी बाबू अपने समय के महान साहित्य-सेवी, पत्रकार, प्राध्यापक, स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। वे शिक्षा और साहित्य ही नहीं राजनीति के भी आदर्श-पुरुष थे। उन पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और महान राजनीति शास्त्री आचार्य चाणक्य का गहरा प्रभाव था। उन्होंने चाणक्य के जीवन से यह सीखा था कि, निजी कार्य में, राज-कोश का एक बूँद तेल भी व्यय नही करना चाहिए। राज्य के शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के मंत्री रहते हुए भी उन्होंने इसका अक्षरशरू पालन किया। शासन का कुछ भी नही लिया। मीठापुर स्थित अपने अत्यंत साधारण खपरैल घर में रहे, किंतु सरकारी आवास तक नहीं लिया।



मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह एवं लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ।

समारोह का उद्घाटन करते हुए, राज्य उपभोक्ता आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि सच्चिदानन्द सिन्हा बिहार की एक ऐसी विभूति थे, जिन्होंने विधि की उपाधि इंग्लैंड से प्राप्त की थी। शिक्षा और विधि के क्षेत्र में उनका योगदान अतुल्य है। वे कर्ण जैसे महादानी थे। अपना सबकुछ उन्होंने बिहार को अर्पित कर दिया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि साहित्य सम्मेलन अपने महापुरुषों को स्मरण करने का निरन्तर अनुष्ठान कर प्रबुद्ध समाज को प्रेरित करता है। साहित्य के जागरण से ही समाज जागृत होगा। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी और वरिष्ठ साहित्यकार बच्चा ठाकुर, डा रत्नेश्वर सिंह, डा समरेंद्र नारायण आर्य, सुनील कुमार दूबे, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, शंभुनाथ पाण्डेय, परवेज आलम तथा चंदा मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में वरिष्ठ कथा लेखिका डा पुष्पा जमुआर ने क्या कहें, डा विद्या चौधरी ने अच्छी शुरुआत, डा शालिनी पाण्डेय ने परिवर्तन, डा मनोज गोवर्धनपुरी ने अनुचित नसीहत, सिद्धेश्वर ने मंच, सदानन्द प्रसाद ने बेशर्मी, ई अशोक कुमार ने जन्म दिन, डा सीमा रानी ने रविदास, रजनीश गौरव ने क्रोध, तथा सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने अर्घ्य शीर्षक से अपनी लघुकथा-का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। डा नमिता लोहानी, अधिवक्ता अशोक कुमार, डा चंद्रशेखर आजाद, विजय कुमार शर्मा, रोजी परवीन, प्रेम अग्रवाल, नरेश कुमार, मो फहीम, जे पी सिंह आदि बड़ी संख्या में सुधीजन उपस्थित थे।

खबरें — खास-खास

छठ पर्व को लेकर बैकुंठनाथ धाम ओपी में शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बैकुंठनाथ धाम ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से फतुहा एसडीपीओ-2 संजीव कुमार, इंस्पेक्टर माया कुमारी यादव तथा बैकुंठनाथ धाम ओपी प्रभारी संतोष कुमार मौजूद रहे। इस दौरान छठ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा घाटों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ छठ महापर्व मनाने की अपील की। साथ ही पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की बात कही गई। बैठक में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। वहीं, गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग देने तथा छठ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।



बैकुंठनाथ धाम ओपी में शांति समिति की बैठक।



शांति समिति की बैठक।

कुर्था में आग से झुलसकर 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। बैकुंठनाथ धाम ओपी क्षेत्र के कुर्था गांव में आग से झुलसकर 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान विश्वनाथ साव, पिता गिरधर साव, उम्र लगभग 80 वर्ष, निवासी कुर्था के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर बैकुंठनाथ धाम ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। ओपी प्रभारी संतोष कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया। हालांकि, बुजुर्ग किन परिस्थितियों में आग की चपेट में आए, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटना को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर जानकारी जुटा रही है। मौके पर एसडीपीओ संजीव कुमार एवं ओपी प्रभारी संतोष कुमार के अनुसार, खबर लिखे जाने तक इस मामले में मृतक के परिजनों की ओर से ओपी में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। आवेदन मिलने के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

वाराणसी में होगा अधिवक्ताओं का महाजुटान, सम्मेलन को सफल बनाने के लिए न्यायार्थी कोषांग की बैठक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में न्यायार्थी कोषांग की बैठक न्यायार्थी कोषांग के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम कुमार की अध्यक्षता में पटना उच्च न्यायालय में बिहार वार काउंसिल भवन स्थित समिति के कार्यालय में किया गया। न्यायार्थी कोषांग की आयोजित बैठक का संचालन कोषांग के महामंत्री दीपक कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार राज्य विधिक परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव ने कहा कि अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति न्याय पाने वाले ,न्याय देने वाले एवं न्याय दिलाने वाले लोगो की देश में एकमात्र संस्था है।उन्होंने 21 और 22 नवंबर को वाराणसी में आयोजित होने वाला समिति का 10वाँ महासम्मेलन को सफल बनाने सम्बन्धी रूपरेखा सहित आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। न्यायार्थी कोषांग के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम कुमार ने दसवें वार्षिक महासम्मेलन को भव्य रूप देने एवं सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने आगमी सम्मेलन संबंधी तैयारी का जायजा लिया और विस्तृत चर्चा किया। बैठक में समिति के पदाधिकारी इंद्रदेव प्रसाद, अरुण कुशवाहा, रामसंदेश राय, अमित कुमार पासवान ,शिवानंद गिरी , डा अश्विनी कुमार ,परमहंस कुमार आदि पदाधिकारियों ने वाराणसी स्थित द बनारस बार एसोसिएशन सभागार में होने वाले सम्मलेन में भाग लेने हेतु देश भर से जुड़े सदस्यों ,पदाधिकारियों से सफल बनाने का आवाहन किया।



भगवान चित्रगुप्त सबके जीवन का लेखा-जोखा रखते हैं, इसलिए सदाचार के मार्ग पर चलें : राजीव रंजन प्रसाद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त न्याय के देवता हैं और वे समस्त प्राणियों के जीवन का लेखा-जोखा रखते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि मनुष्य के अच्छे-बुरे सभी कर्मो का हिसाब उनके पास रहता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सदाचार, सत्य, ईमानदारी और नैतिकता का पालन करते हुए श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। इस दौरान उनके साथ प्रेम कुमार, धनंजय प्रसाद, अनिल कुमार दास, हरेंद्र सिन्हा और प्रसून श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद थे।

श्री प्रसाद ने पटना के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित चित्रगुप्त पूजा समारोहों में शामिल होकर श्रद्धालुओं को पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने अशोक नगर, हनुमान नगर, चित्रगुप्त नगर, दरियापुर-कदमकुआं, श्रीष्णा नगर, किदवईपुरी, एसके पुरी, अंबेडकर नगर, अनिसाबाद स्थित चित्रगुप्त समाज तथा आशियाना नगर समेत कई स्थानों पर पूजा पंडालों का भ्रमण किया और भगवान श्री चित्रगुप्त के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें अपने कर्मो के प्रति जिम्मेदार और सजग रहने का संदेश भी देती है। उनकी आराधना से मनुष्य को आत्ममंथन करने तथा अपने आचरण में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना भी भगवान चित्रगुप्त के आदर्शो का महत्वपूर्ण संदेश है। श्री प्रसाद ने कहा कि कायस्थ समाज की पहचान ज्ञान, शिक्षा, लेखनी, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी से रही है। भगवान चित्रगुप्त के आदर्शो को आत्मसात कर समाज के सभी लोगों को शिक्षा, संस्कार और सेवा के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने चित्रगुप्त पूजा को सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

संक्षिप्त खबरें

हंसते-बोलते नीतीश को आया हार्ट अटैक, रास्ते में तोड़ा दम, ब्रश करते समय आया हार्ट अटैक



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में बुधवार की सुबह हृदयाघात से 20 वर्षीय युवक की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण यादव के पुत्र नीतीश यादव के रूप में हुई है। सुबह नीतीश घर के पास ही ब्रश कर रहा था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। महज 20 वर्ष की उम्र में नीतीश की अचानक मौत से हर कोई स्तब्ध है। हंसते-बोलते युवक की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

ईओ ने कोइलवर में छठ घाट की तैयारियों का लिया जायजा



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व को लेकर बुधवार को कोईलवर नगर पंचायत की ओर से छठ घाटों पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में नगर पंचायत के अध्यक्ष सरताज आलम उर्फ सोनू खान एवं कार्यपालक पदाधिकारी साहब याहिया ने गोरैया घाट छठ घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर फैली गंदगी और कचरे को देखकर अधिकारियों ने तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। इसके बाद मौके पर जेसीबी लगाकर सफाई अभियान शुरू कराया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी साहब याहिया ने बताया कि छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे एक-दो दिनों के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर रात्रि में प्रकाश की समुचित व्यवस्था भी की गई है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष सरताज आलम उर्फ सोनू खान ने बताया कि छठ व्रतियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने, मिट्टी भराई कराने तथा कीचड़ और गंदगी हटाने का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद

आरा/एनएसबी। बनाही स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर मंगलवार की देर शाम एक अज्ञात 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। शव मिलते ही लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। मृतक अज्ञात बुजुर्ग की मौत अत्यधिक दुर्बलता, बीमारी एवं ठंड लगने के कारण होना प्रतीत होता है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

24 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार

आरा/एनएसबी। नवादा थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पंचमुखी मंदिर व बंधन टोला के बीच गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 24 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। वह पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बाजितपुर निवासी अशोक राम का पुत्र अमरनाथ कुमार है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के गोढना रोड में रहता है।

साइकिल चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने दबोचा, जमकर हुई धुनाई



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सदर अस्पताल परिसर के ओपीडी विभाग के पार्किंग में लगे साइकिल को चोरी कर भाग रहे युवक को रंगेहाथ साइकिल मालिक एवं मौजूद लोगों द्वारा दबोच उसकी जमकर उसकी धुनाई कर दी गयी। इससे वह जख्मी हो गया। सूचना पाकर अस्पताल में मौजूद सुरक्षा कर्मी वहां पहुंचे और उसे पकड़ कर गार्ड रूम में ले आये और इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। जख्मी का इलाज कराया गया। इलाज उपरांत पुलिस उक्त युवक को अपने साथ थाने ले गई। जानकारी के अनुसार उक्त युवक संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव निवासी स्व. तेतर मियां का पुत्र नागा मियां बताया जा रहा है। बुधवार की सुबह एक युवक इलाज करने के लिए सदर अस्पताल परिसर के ओपीडी विभाग मे आया और ओपीडी विभाग के बाहर पार्किंग में अपना साइकिल लगाकर ओपीडी में अपना नंबर लगाने चला गया। उसी दौरान उक्त युवक आया और साइकिल चुरा के भागने लगा। तभी साइकिल मालिक की नजर उक्त चोर पर पड़ी। तब साइकिल एवं मौजूद लोगों द्वारा दौड़कर उसे दबोच, उसकी जमकर धुनाई कर दी। जब सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची तो, उन लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

चित्रगुप्त परिवार द्वारा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आईएमए भवन में चित्रगुप्त परिवार के तत्वावधान में भव्य चित्रगुप्त पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बीके प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक समारोह में चित्रगुप्त परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। अवसर पर परिवार के मुख्य संरक्षक डॉ. अरविन्द कुमार, अध्यक्ष पंकज कुमार, उपाध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव, सचिव राकेश रंजन, सह-सचिव रवि सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष डॉ.अमर्त्य राज सिन्हा प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. पीसी सिन्हा, डॉ. रोहित प्रियदर्शी, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. सतीश सिन्हा, डी. राजन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहें। पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त से समाज में सुख, शांति, समृद्धि, सद्भाव एवं खुशहाली की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि चित्रगुप्त परिवार वर्ष 1993 से धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता मजबूत होती है। कार्यक्रम का समापन श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण एवं आपसी शुभकामनाओं के साथ हुआ। चित्रगुप्त परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

लोकगीतों और सूर्य अर्घ्य की झांकी से सजी छठ की सांस्कृतिक संध्या



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पीरो स्थित इवे वर्ल्ड स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक ने गीत, संगीत, नृत्य और आकर्षक झांकियों के माध्यम से छठ महापर्व की महत्ता प्रस्तुत की। रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर बच्चों ने कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरूआत ह्यउगी उगी आदित्य मल पुरुख ओरियाह्य छठ गीत से हुई। सलोनी, आकृति, चांदनी, खुशी, श्रेया, शर्गुन और अंजली ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने की झांकी प्रस्तुत की। वहीं, श्रेयादीप, श्रीतिदीप, आरुषि और माही ने ह्यपहिले-पहिल हम कईली छठी मईया व्रत तोहारह्व गीत गाया। इसमें रविरंजन, कृष्णा, आशीष, आलोक और शिवम ने सहयोग किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण करने में संस्थापक पप्पू कुमार, शिक्षक गुड्डू कुमार, आरके परमहंस, प्रवीण सत्संगी, केके सर, अभी सर, धर्मेंद्र सर, श्रीराम सर, काजल खातून, जूली मिस और रिया मिस ने ह्यदेर होता, देर होता जी, दउरा उठाई गदहबेर होता जीह्व गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं।

सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर बेटियों के पक्ष में नाटक 'भखवती'

स्थानीय युवाओं और किशोरियों ने किया शानदार मंचन



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के डुमरिया गांव में मंगलवार की रात मां काली पूजा के अवसर पर स्थानीय कलाकारों की ओर से भोजपुरी नाटक ह्यभखवतीह्व का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वासों पर करारा प्रहार किया गया। साथ ही बेटियों के पक्ष को मजबूती के साथ प्रस्तुत करते हुए उनके अधिकार, सम्मान और सामाजिक भागीदारी का संदेश दिया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उपस्थित लोगों ने नाटक की प्रस्तुति की खूब सराहना की। नाटक की सबसे खास बात यह रही कि इसका पूरा मंचन स्थानीय युवाओं और किशोरियों ने मिलकर तैयार किया था। संस्था से जुड़े कलाकार प्रत्येक वर्ष दीपावली के शुभ अवसर पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े नाटकों का मंचन करते हैं। इस बार भी कलाकारों ने मनोरंजन के साथ समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। नाटक के लेखक अयोध्या प्रसाद गुप्ता थे। जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी हरिनारायण सिंह ने निभाई। मंच पर सतीश साह, आदित्य पालवान, रिंका भगत, संदीप कुमार, सुनील चैधरी, गुलजार, संतोष भगत, मंटू पासवान, नीतीश सिंह, बृजेश प्रसाद, राकेश चैधरी, रविशंकर सिंह, पिंटू, कुंदन, गुड्डू, सागर, मुकेश और विशाल सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं बाल कलाकारों में माही राजकुमारी, आसना कुमारी, पिहू कुमारी, हरिओम एवं ओम ने भी शानदार अभिनय किया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने यह संदेश दिया कि सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए केवल चर्चा नहीं। बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव की जरूरत है। बेटियों को समान अधिकार और सम्मान देना एक बेहतर समाज के निर्माण की पहली शर्त है।

जब बच्चे बने 'बाल शिक्षक', पत्थरों से सीख रहे गणित का गुर



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। आमतौर पर कक्षा में शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं और बच्चे उनसे सीखते हैं लेकिन भोजपुर के पीरो प्रखंड स्थित वैना जमुनीपुर गांव में शिक्षा की एक अनूठी तस्वीर देखने को मिल रही है। यहां बच्चे केवल पढ़ नहीं रहे, बल्कि खुद शिक्षक बनकर अपने हमउम्र साथियों को पढ़ा भी रहे हैं। खास बात यह है कि इस पूरी पहल में महंगे शैक्षणिक उपकरणों की जगह पत्थर, कंकड़ और सिक्के बच्चों के पढ़ाई के साथी बने हैं। पीरो प्रखंड की एयार पंचायत के इस गांव में रूरल डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से 'पत्थर से पढ़ाई' पहल संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों में गणित के प्रति रुचि जगाने के साथ उनकी बुनियादी समझ को मजबूत करना है।

आसिफ और रविस बने नन्हे शिक्षक

इस पहल की खास पहचान मास्टर आसिफ और मास्टर रविस हैं। उम्र में छोटे होने के बावजूद ये दोनों बच्चे अपने साथियों को गणित के सवाल समझाते और उन्हें हल करने के तरीके बताते हैं। जोड़, घटाव, गुणा, भाग, मानसिक गणना (मेंटल मैथ) और गणित जैसे कठिन माने जाने वाले विषय को सरल तरीके से समझाने का प्रयास करते हैं। इस दौरान पत्थरों, कंकड़ों और सिक्कों का इस्तेमाल कर बच्चों को संख्याओं और गणना की बारीकियां समझाई जाती हैं। इससे गणित के कठिन लगने वाले सवाल भी उनके लिए आसान और रोचक बन जाते हैं।

एक-दूसरे की कमजोरी पहचानकर करते हैं दूर

इस प्रयोग की सबसे खास बात है बच्चों के बीच 'सीखो और सिखाओ' की परंपरा विकसित करना। हमउम्र साथी होने के कारण बच्चे एक-दूसरे से सहजता से सवाल पूछते हैं और अपनी कठिनाइयां बताते हैं। कोई जोड़ में कमजोर है तो किसी को गुणा-भाग या गणित की दूसरी संक्रिया समझने में परेशानी होती है। ऐसे में बच्चे मिलकर अभ्यास करते हैं और एक-दूसरे की गलतियों को सुधारने में मदद करते हैं। इस प्रक्रिया में पढ़ाने वाले बच्चे की अपनी समझ भी मजबूत होती है। किसी सवाल को हल करना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है उसे दूसरे को उसकी समझ के अनुरूप समझा पाना।

संसाधनों की कमी नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधा

ग्रामीण परिवेश में महंगे शैक्षणिक उपकरणों की उपलब्धता हमेशा संभव नहीं होती। ऐसे में पत्थर और कंकड़ जैसी सामान्य वस्तुओं से पढ़ाई का यह तरीका बच्चों को बताता है कि सीखने के लिए बड़े संसाधनों से ज्यादा जरूरी है सही सोच और सीखने की ललक। 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर वैनाजमनीपुर की यह पहल एक प्रेरक संदेश देती है। यहां बच्चे सिर्फ विद्यार्थी बनकर नहीं रह रहे, बल्कि अपनी जानकारी दूसरों तक पहुंचाकर जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। यह प्रयोग बताता है कि जब बच्चा खुद सीखने के साथ किसी दूसरे को सिखाने लगता है, तभी शिक्षा की समझ और गहरी होती है।

मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन

एसपी ने चैकीदारों के साथ बैठक कर दिये निर्देश

आरा/एनएसबी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में बुधवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी चैकीदारों के साथ भी बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई तथा उनकी भूमिका एवं दायित्वों के निर्वहन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण, लंबित कांडों के निष्पादन, मद्यनिषेध, एनडीपीएस एक्ट, वारंट एवं कुर्की-जब्ती के मामलों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी छठ महापर्व के अवसर पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा:

पुलिस अधीक्षक द्वारा हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर एवं महत्वपूर्ण कांडों की समीक्षा करते हुए इनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान तथा शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अक्टूबर 2026 में भोजपुर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1,500 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

मद्यनिषेध एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत चला अभियान

मद्यनिषेध एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की गई। इस दौरान 11,000 लीटर से अधिक अवैध शराब सहित मादक पदार्थों की जब्ती की गई। वही लंबित वारंटों एवं कुर्की-जब्ती के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन करने तथा फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सभी थानाध्यक्षों एवं अनुसंधानकताओं को गंभीर कांडों के अनुसंधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का संकलन करते हुए कांडों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

चैकीदारों के साथ बैठक एवं उनके दायित्वों की समीक्षा:

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी चैकीदारों के साथ बैठक कर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। सभी चैकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों, आपराधिक गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। वहीफरार एवं वांछित अपराधियों, शराब तस्करों तथा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने एवं इसकी सूचना पुलिस को देने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द कायम रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना की संभावना होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया।

छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा

छठ महापर्व के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्रों के छठ घाटों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की जानकारी रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय पुलिस को सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। छठ महापर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्षों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का समुचित आकलन एवं आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी छठ घाटों का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश दिया गया। घाटों पर गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर खतरे के संकेतक लगाने को कहा गया।

चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम, 100 मीटर दौड़ में पंकज प्रथम

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। बाल दिवस के अवसर पर ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर की ओर से आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के तहत बुधवार को विभिन्न खेलों का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, वालीबाल, र स्साक शी, स्पून रेस, गोला फेंक और 100 एवं 400 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के छात्र पंकज कुमार पासवान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नौवीं कक्षा के अभिषेक यादव दूसरे तथा नंदन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में दसवीं कक्षा के रघुपत पाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बाजी मारी, जबकि बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की छात्राओं ने जीत दर्ज की।



प्रतियोगिता के दौरान खेल रेफरी की भूमिका रसायन विज्ञान के शिक्षक अजय यादव एवं सामाजिक विज्ञान के शिक्षक कमलेश यादव ने निभाई। कोचिंग सेंटर के संस्थापक लक्ष्मण यादव ने बताया कि चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं आपसी सहयोग की भावना विकसित करना है। उन्होंने दियारा प्लस टू हाईस्कूल करनामेपुर के प्रभारी दयानंद ओझा के साथ प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। शेष खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम 12, 13 एवं 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

स्पा सेंटर की आड़ में अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

कई संदिग्ध सामग्री, तीन मोबाइल और रजिस्टर बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अवैध व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी मची रही। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित द्वारा प्रे प्रेस नोट जारी कर दी गई एसपी ने बताया कि मानव व्यापार निरोध इकाई (एएचटीयू) को गुप्त सूचना मिली थी कि आरा के नवादा थानांतर्गत रेडियंट स्पा सेंटर में दूसरे राज्यों की महिलाओं को अवैध रूप से लाकर देह व्यापार का धंधा किया जा रहा है। उक्त सूचना से उन्हें अवगत कराते हुए मानव व्यापार निरोध इकाई (एएचटीयू, भोजपुर), ह्यदिशा एक प्रयासह्य और आरा नवादा थाने की संयुक्त टीम द्वारा दंडाधिकारी की उपस्थिति में शहर के करमन टोला रोड स्थित ह्यरेडियंट स्पा सेंटरह्य की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान स्पा परिसर से कई संदिग्ध सामग्री, तीन मोबाइल और एक रजिस्टर बरामद किया गया।

बैंकों में कैश ट्रांसपोर्टेशन का कार्य कर रहे निजी कंपनी के दो सुरक्षा कर्मी गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। फर्जी लाइसेंस बाबा हथियार लेकर बैंक में कैश ट्रांसपोटेशन का कार्य कर रहे निजी कंपनी के दो सुरक्षा कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है,उनके पास से 1 एकनाली, 1 दोनाली बंदूक, 7 कारतूस एवं फर्जी लाइसेंस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर जिले में विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य सभी सशस्त्र लाइसेंस धारकों का व्यापक स्तर से सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में चरपोखरी थाना पुलिस के द्वारा रविवार को बैंक के कैश ट्रांसपोर्टेशन एवं सुरक्षा कार्य में संग्लन निजी कंपनी (स्काई फॉक्स इंटरप्राइजेज) के दो सुरक्षा कर्मियों को अवैध हथियार, कारतूस एवं फर्जी लाइसेंस के साथ

दो बंदूक, सात कारतूस, शस्त्र लाईसेंस एवं पहचान पत्र बरामद

गिरफ्तार किया गया है। थे एकगिरफ्तार सुरक्षा कर्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी नन्हक यादव के पुत्र प्रेमचंद यादव एवं गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी स्व. श्रीनाथ पाठक के पुत्र भूपेंद्र पाठक शामिल है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार के नेतृत्व में चरपोखरी थाना की एक पुलिस टीम द्वारा जब बैंकों में कैश ट्रांसपोर्टेशन एवं सुरक्षाकर में संकलन निजी कंपनी के दो सुरक्षा कर्मियों के पास उपलब्ध हथियार एवं हथियार के लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों के बारे में संदेह आधार पर पूछताछ की गई, तो जांच एवं पूछताछ के क्रम में दोनों सुरक्षा कर्मियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने तथा उनके संदिग्ध व्यवहार के आधार पर दोनों व्यक्तियों की विधिवत तलाशी ली गई। दोनों सुरक्षा कर्मियों का लाइसेंस फर्जी पाया गया। जांच में पता चला कि दोनों व्यक्ति निजी कंपनी के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे।

विधायक संजय टाइगर आज आरा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों का लिया जायजा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। उच्च शिक्षा व विधि मंत्री सह स्थानीय विधायक संजय टाइगर द्वारा आज आरा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों का जायजा लेने हेतु विभिन्न छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कलेक्टरी घाट, मझौवा बांध स्थित घाट, गांगी घाट, धरहरा के अहिरपुरवा स्थित घाट, बस स्टैंड स्थित घाट तथा चंदवा घाट का बारीकी से मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और बैरिकेडिंग के कार्य समय रहते युद्धस्तर पर पूरे कर लिए जाएं।



प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति:

इस अवसर पर आरा नगर निगम के नगर आयुक्त तथा आरा के एसडीएम सहित कई प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिक्रमणकारियों पर सख्त निर्देश:

घाटों के निरीक्षण और स्थानीय भ्रमण के दौरान मंत्री संजय टाइगर ने प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ घाटों के आसपास या शहर में किसी भी प्रकार साफ सफाई और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए प्रशासन तुरंत सख्त और कड़ी कार्रवाई करे, ताकि पर्व के दौरान किसी भी श्रद्धालु या व्रती को किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकताओं की भारी सहभागिता रही। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, राम दिनेश यादव, भाजपा नेता हरेंद्र पांडे, प्रकाश सिंह, मनीष प्रभात, राहुल सिंह, संतोष तिवारी, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, अभिमन्यु सिंह, धर्मेंद्र सिंह, आलोक अंजन, अशोक सिंह आदि थे।

वाहन की ठोकर से तीन नाबालिक युवक की घटनास्थल पर ही मौत

दरभंगा (एनएसबी)। एन एच 27 पर अज्ञात वाहन की ठोकर से तीन नाबालिक युवक की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई वहीं एक युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है।

एसएसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि एक बाइक पर चार युवक सवार होकर अहले सुबह लहेरियासराय से शिवधाड़ा बाजार समिति होते हुए एन एच 27 पर पहुंचने के बाद अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चार युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें तीन युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। चारों युवक की पहचान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज के रहने वाले मोहम्मद इदरीश के



15 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इस्तेखार, बाकरगंज के ही रहने वाले मोहम्मद वकील के 17 वर्षीय पुत्र मोहम्मद दिलशान, बाकरगंज के ही रहने वाले मोहम्मद नेयाज के 13 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अलताफ की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं घायल की पहचान बाकरगंज के रहने वाले 16 वर्षीय मोहम्मद अलफात अंसारी के रूप में हुई है। इनका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक डीएसपी प्रकाश कुमार, ट्रैफिक थानाध्यक्ष चन्द्रोदय प्रकाश, मब्बी थानाध्यक्ष, पीडब्ल्यूडी के अभियंता सहित कई लोग पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक तीन नाबालिक युवक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मोहम्मद दिलशान के पिता मोहम्मद वकील दिल्ली में मजदूरी करते हैं। वह आज दिल्ली से रवाना हो गए हैं। उनके आने के बाद दिलशान का मिट्टी दिया जाएगा। हालांकि दो युवक का मिट्टी बुधवार की दोपहर बाद कर दी गई है। इधर ट्रैफिक थानाध्यक्ष ने बताया कि किन्हीं भी परिजनों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है आवेदन मिलते ही मामला दर्ज कर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

लापरवाही बरतने पर बिरौल थानाध्यक्ष चंद्रमणि और दारोगा पंकज कुमार निलंबित

दरभंगा (एनएसबी)। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने कार्य में लापरवाही को लेकर हुई हत्या मामले में बिरौल थानाध्यक्ष चंद्रमणि और दारोगा पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। दोनों को साधारण जीवन यापन भत्ता पर पुलिस लाइन में योगदान करने का निर्देश दिया है। बिरौल थाना क्षेत्र के पड़री गांव के रहने वाले राम लखन ठाकुर के पुत्र काशीकांत ठाकुर के द्वारा 14 जुलाई 2026 को आवेदन देकर बताया था कि उनकी जान को खतरा है। लेकिन थाना प्रभारी और अनुसंधानक के द्वारा गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण 8 नवंबर 2026 की रात्रि में काशीकांत ठाकुर को मुंह में गोली मार कर हत्या कर दिया। जिस व्यक्ति ने हत्या की है उसके बारे में जुलाई महीने में ही आवेदन दिया था कि उनसे जान की खतरा है। हत्या करने के बाद आरोपी भागने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिस वजह से वह पकड़ा गया। उसके पास से 40 जिंदा कारतूस और एक रिवाल्वर बरामद हुआ था। आरोपी अपनी सुरक्षा के लिए गाड़ी के टायर का सिर और शरीर में प्रोटेक्टर बनाकर पहन लिया था। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। काशीकांत ठाकुर ने इसी व्यक्ति के खिलाफ आवेदन दिया था लेकिन बिरौल थाना की पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण उनकी हत्या हो गई। एसएसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर मिथिला क्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार तिवारी के द्वारा बिरौल थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया है।

बाइक सवार पिता और पुत्र के झोला काटकर 2 लाख 50

दरभंगा (एनएसबी)। इन दिनों सड़कों पर छठ महापर्व को लेकर पुलिस गश्ती ज्यादा हो रही है फिर भी पांके मार पुलिस को चकमा देकर आम नागरिको से रुपया निकल कर फरार हो जा रहा है। लेकिन पुलिस उन लोगों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रही है। ऐसी कई घटनाएं शहर के सड़कों पर हो चुकी है।

बुधवार की दोपहर लहेरियासराय थाना से महज दूरी पर उचक्के ने बाइक सवार पिता और पुत्र के झोला काटकर 2 लाख 50 हजार रुपया निकाल कर फरार हो गया। बहेड़ी थाना क्षेत्र के धनौली गांव के रहने वाले जो फिलहाल सैदनगर राजेन्द्र नगर स्वर्गीय योगेंद्र मंडल के पुत्र ब्रजकिशोर मंडल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा से 06 लाख रुपया निकाल कर झोला में रख पुत्र के साथ बाइक से बैंक ऑफ इंडिया में जा रहे थे। टावर चौक से आगे पहुंचते ही बगल से एक व्यक्ति ने झोला काटकर रुपया निकल लिया वहीं दूसरा व्यक्ति नशे में होने का नाटक कर उनके बाइक पर गिरने का नाटक किया। इसी बीच उचक्के ने झोला से 2 लाख 50 हजार रुपया निकाल लिया। किसी व्यक्ति ने उन्हें बताया कि आपका झोला काट दिया है पैसा निकाल रहा है जब तक वह सतर्क होते तब तक उचक्का रुपया निकल कर फरार हो चुका था। अनजान व्यक्ति की वजह से उनका 3 लाख 50 हजार रुपया बच गया। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया से गोल्ड लोन लिए हुए थे जिसको चुकता करने के लिए रुपया निकाल कर बैंक आफ इंडिया जा रहे थे। इसी बीच उनके साथ घटना घट गई। थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है बैंक से लेकर लोहिया चौक तक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही उचक्के की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रभाकर तिवारी के अचानक स्थानांतरण की खबर से स्तब्ध हुआ बिरौल अनुमंडल

- लोगों में मायूसी, हर जुबान पर एक ही सवाल– आखिर इतनी जल्दी क्यों
- 26 जून 2025 को संभाली थी बिरौल एसडीपीओ की जिम्मेदारी



एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी।

बिरौल (एनएसबी)। कुछ अधिकारी अपनी कुर्सी और पद के कारण पहचाने जाते हैं, जबकि कुछ अपनी कार्यशैली, व्यवहार और जनसेवा की भावना से लोगों के दिलों में ऐसी जगह बना लेते हैं,जिसे उनका स्थानांतरण भी मिटा नहीं पाता। बिरौल अनुमंडल के एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी उन्हीं अधिकारियों में से एक रहे। उनके अचानक स्थानांतरण की खबर सामने आते ही पूरे बिरौल अनुमंडल में मायूसी छा गई। अचानक मिली इस सूचना से लोग स्तब्ध हैं। आम लोगों के बीच एक ही सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है—आखिर इतनी जल्दी उनका स्थानांतरण क्यों? प्रभाकर तिवारी ने 26 जून 2025 को बिरौल अनुमंडल में एसडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया था। लगभग 16 महीने के अपने कार्यकाल में उन्होंने अपनी सक्रियता, प्रशासनिक कार्यशैली और आम लोगों से सीधे जुड़ाव के माध्यम से एक अलग पहचान बनाई। उनके लिए पुलिसिंग का अर्थ केवल अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं था, बल्कि समाज के हर वर्ग के बीच विश्वास कायम करना भी था।

हरिनगर की घटना में सूझबूझ से कायम कराया अमन-चैन

उनके कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण प्रसंग हरिनगर की घटना रहा। इस घटना के दौरान जब दो समुदायों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी, तब प्रभाकर तिवारी ने जिस धैर्य, समझदारी और प्रशासनिक सूझबूझ का परिचय दिया, उसकी स्थानीय स्तर पर चर्चा हुई। उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों से संवाद स्थापित किया,उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उनका प्रयास रहा कि किसी भी परिस्थिति में सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो। संवेदनशील परिस्थिति में दोनों पक्षों को समझाकर शांति व्यवस्था कायम रखने की उनकी पहल को लोग आज भी याद करते हैं।

महाशिवरात्रि हो या सोमवारी, ईद हो या मुहर्रम–हर पर्व में खुद रहते थे सक्रिय

धार्मिक आयोजनों और पर्व-त्योहारों के दौरान उनकी सक्रियता विशेष रूप से देखने को मिलती थी। चाहे महाशिवरात्रि का विशाल आयोजन हो, सावन की सोमवारी में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ और कांवड़ यात्रा का प्रबंधन हो या मुस्लिम समुदाय का ईद और मुहर्रम जैसा महत्वपूर्ण पर्व—वे स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते थे। वे केवल पुलिस बल की तैनाती तक सीमित नहीं रहते थे, बल्कि संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर लोगों से संवाद करते और अमन-चैन का संदेश देते थे। हिंदू हो या मुस्लिम, सभी समुदायों के पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों, इसे वे अपनी प्राथमिकता मानते थे। उनकी कार्यशैली का संदेश स्पष्ट था—धर्म कोई भी हो, शांति, सुरक्षा और भाईचारा सबसे ऊपर है।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए भी उन्होंने जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। युवाओं को नशे से दूर रहने, शिक्षा और खेलकूद से जुड़ने तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करते रहे। उनका मानना था कि अपराध पर नियंत्रण केवल पुलिस की कार्रवाई से संभव नहीं है, बल्कि समाज और युवाओं की सकारात्मक भागीदारी भी जरूरी है। बेटियों को साइबर सुरक्षा का पाठ, विद्यालय पहुंचकर बच्चों को पढ़ाते थे गणित प्रभाकर तिवारी के कार्यकाल की सबसे अलग और प्रेरणादायक विशेषताओं में विद्यालयों से उनका जुड़ाव भी रहा। वे विद्यालयों में पहुंचकर छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते थे। इतना ही नहीं, कई अवसरों पर वे विद्यालय की कक्षा में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद करते और चॉक उठाकर गणित भी पढ़ाने लगते थे। पुलिस की वर्दी में एक अधिकारी का बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका निभाना विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा। इससे उन्होंने यह संदेश दिया कि एक पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को शिक्षित और जागरूक करना भी है।

बाबा साहेब की जयंती और वंचित समाज के कार्यक्रमों में भी निभाई भागीदारी

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भी उनकी सहभागिता देखने को मिली। शिक्षा के प्रति जागरूकता, सामाजिक समानता और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वे ऐसे आयोजनों में शामिल होते थे। वंचित समाज के लोगों के बीच पहुंचकर शिक्षा का महत्व समझाना और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना उनके सामाजिक जुड़ाव का महत्वपूर्ण पक्ष रहा। उनका संदेश था कि समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब शिक्षा का प्रकाश अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

अपराध नियंत्रण और जनता से सीधा संवाद रही कार्यशैली की पहचान

बिरौल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था, फरार आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई, थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा और पुलिस व्यवस्था को अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। पुलिस और आम जनता के बीच दूरी कम करना, लोगों की समस्याओं को सुनना और संवेदनशील मामलों में स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति को समझना उनकी कार्यशैली का हिस्सा रहा। उनकी प्रशासनिक सख्ती के साथ मानवीय व्यवहार और सामाजिक सरोकारों ने उन्हें आम लोगों के बीच एक अलग पहचान दिलाई।

अचानक स्थानांतरण से उठे सवाल, भावुक हुए लोग

11 नवंबर 2026 को उनके स्थानांतरण की खबर सामने आने के बाद बिरौल अनुमंडल में चचाओं का दौर शुरू हो गया। हालांकि स्थानांतरण प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है और इसके पीछे किसी विशेष कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अचानक आई सूचना से लोगों में मायूसी और आश्चर्य दोनों हैं। जिन लोगों ने उन्हें कभी धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था संभालते देखा, कभी हरिनगर जैसी संवेदनशील परिस्थिति में दोनों समुदायों के बीच शांति कायम कराने का प्रयास करते देखा, कभी युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते देखा और कभी विद्यालय की कक्षा में बच्चों को गणित पढ़ाते देखा, उनके लिए यह विदाई भावनात्मक बन गई है। लोग उनके कार्यकाल को याद करते हुए कह रहे हैं कि एक अधिकारी का जाना सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन जनता के बीच बनाई गई पहचान और विश्वास को भुलाना आसान नहीं होता।

कुछ विदाइयां पद से नहीं, दिल से जुड़ी होती हैं

26 जून 2025 को बिरौल में पदभार संभालने से लेकर 11 नवंबर 2026 को स्थानांतरण की सूचना तक का उनका सफर अनेक सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों से जुड़ा रहा। लगभग 16 महीने के इस कार्यकाल में उन्होंने पुलिस अधिकारी के साथ-साथ शिक्षक, मार्गदर्शक और सामाजिक सौहार्द के संदेशवाहक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई।

चार- दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव के दूसरे दिन की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा- अर्चना



चित्रगुप्त भवन (सोसायटी सिनेमा हॉल) में बैठाई गई भगवान चित्रगुप्त की पत्थर प्रतिमा।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के तत्वाधान में आयोजित चार-दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को भगवान चित्रगुप्त का पूजन विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के द्वारा आयोजित पूजन उत्सव में सभा के पूजा प्रभारी डॉ मनीष कुमार, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र प्रभाकर तथा संयुक्त सचिव-संतोष कुमार सिन्हा ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा- अर्चना की।

इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष आर के दत्ता, प्रधान सचिव अरविंद कुमार, संयुक्त सचिव- मुकेश कुमार वर्मा तथा संतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष पांडेय रितेश सहाय, दरभंगा चित्रगुप्त सभा,दरभंगा के पूर्व अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा, पूर्व प्रधान सचिव नवीन सिन्हा, पूर्व प्रधान सचिव निर्मल कुमार सिन्हा, पूर्व प्रधान सचिव मनीष कुमार, पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष मधुबाला सिन्हा, महिला संभाग की सचिव सरोज कुमारी, दिव्यांग संभाग के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार श्रीवास्तव, कमल किशोर श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव,संजय कुमार सिन्हा, रवि कुमार, सुरेंद्र दयाल सुमन,कार्तिकेय कुमार,अर्चना प्रेस के संतोष कुमार सिन्हा,रौशन कुमार सहित कई चित्रांश उपस्थित थे।इस मौके पर बुधवार को ही पूर्व राज्यसभा सदस्य,एस आई एस के संस्थापक एवं प्रसिद्ध उद्योगपति स्व डॉ रविन्द्र किशोर सिन्हा उर्फ स्व डॉ आर के सिन्हा के एकदशा के अवसर पर दरभंगा चित्रगुप्त सभा,दरभंगा के पदाधिकारियों,सदस्यों सहित उपस्थित लोगों ने स्व आर के प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से मनाया गया



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

गोराबौराम (एनएसबी)। प्रखंड के बंगरहट्टा गाँव में श्री श्री 108 श्री चित्रगुप्त पूजा समिति,बंगरहट्टा के द्वारा पूजा विधिवत मनाया गया। पूजा समिति के उपाध्यक्ष मुरारी कुमार ने कहा सारे ग्रामीणों एवं चित्रांशों के बीच पूजा अर्चना सम्पन्न किया गया। सभी चित्रांशों ने पूजा के परंपरा के अनुसार आय तथा व्याय का लेखाजोखा भगवान चित्रगुप्त के समक्ष अर्पित किया। मीडिया प्रभारी गोपाल ने कहा शाम में संध्या भजन सह सम्मानित समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रबुद्ध ग्रामवासियों ने ज्ञान की समृद्धि के लिए भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की और अपने केआराध्य देव को पुष्प अर्पित किया। चित्रगुप्त पूजा के लिए युवा ग्रामीणों व छात्रों में अद्भुत ऊर्जा दिखाई दी, सभी विद्यावान युवा उल्लसित दिखे। इस वर्ष दसवीं और बारहवीं के बोर्ड परीक्षा में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पूजा स्थल पर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर सचिन, संजीत, सुमन,सुजीत,बलराम, तारकेश्वर,विक्रम, सुशील, दीपक,अनूप, रवि, गोविंद, अंकित, नीतीश, सुंदर, आनंद, शिवम, नवनीत, राजू समेत सभी सदस्य मौजूद थे।

छठ महापर्व पर डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने 500 छठ व्रतियों के बीच किया साड़ी वितरण

- बेंता, लहेरियासराय स्थित अपने आवास पर आयोजित किया कार्यक्रम, छठ व्रतियों को दीं शुभकामनाएं



साड़ी वितरण करती डॉक्टर धर्मशिला गुप्ता।

दरभंगा (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर भाजपा नेत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता के नेतृत्व में उनके बेंता, लहेरियासराय स्थित आवास पर साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 500 छठ व्रतियों के बीच साड़ियों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने छठ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छठ केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आस्था, श्रद्धा, पवित्रता, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का महापर्व है। यह पर्व हमें सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और सेवा की भावना का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अस्ताचलगामी सूर्य यानी डूबते हुए सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है और उदयाचलगामी सूर्य यानी उगते हुए सूर्य की भी उपासना की जाती है। यह परंपरा हमें जीवन में समानता, विनम्रता और हर परिस्थिति में सम्मान करने की सीख देती है। छठ पूजा हमें यह संदेश देती है कि हमें केवल उन्नति और सफलता के समय ही नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों और अस्त होते समय भी सम्मान एवं कृतज्ञता का भाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि छठी मैया और भगवान सूर्य की आराधना से लोककल्याण, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। इस पावन अवसर पर छठ व्रतियों की सेवा और सम्मान करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में आदित्य नारायण चौधरी, श्रवण महतो, उदय कुमार शर्मा, बैद्यनाथ चौधरी ह्यबैजूह्व, अनीता कुमारी, मीना प्रसाद, पूनम देवी, रेखा झा, मीरा मेहता, जूली गुप्ता, रीना मंडल, सोनी पूर्वे, भावना पासवान, कुंती कुमारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

कलम के आराध्य देव, न्याय के अधिष्ठाता का कायस्थों ने किया पूजन



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

बेनीपुर (एनएसबी)। कलम के आराध्य देव, न्याय के अधिष्ठाता, लेखनी के माध्यम से ज्ञान, विवेक, सत्य और न्याय का संदेश देने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पावन पूजा-अर्चना के शुभ अवसर पर बहेड़ा दुर्गा मंदिर, एवं कायस्थ टोली एवं बैंगनी में चित्रांश परिवार, द्वारा श्रद्धा, भक्ति, उल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।इस पावन अवसर पर भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलम-दवात अर्पित कर तथा समस्त समाज, परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, उन्नति और मंगलमय भविष्य की कामना की गई।वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में चित्रांश परिवार के सदस्यगण आशीष रंजन दास उर्फ बी.पी. सिंह, सुनील कुमार दास (बच्चन), अरुण कुमार दास, लक्ष्मीकांत लाल दास, सुधीर कुमार मलिक सहित सभी चित्रांश परिवार।

बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। प्रखण्ड अन्तर्गत भाई बहन के अटुट प्रेम का प्रतीक भाई दूज पर्व हर्षोल्लास के शाथ मनाया गया। बता दें कि प्रखण्ड क्षेत्र के बेरि, हिरणी, हरौली, सुलतानपुर, विष्णुपुर, औराही सहित कई गाँवों में भैया दुज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईस अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर हाथों में पान सुपारी एवं जल के साथ लंबी आयु एवं सुख समृद्धि की कामना की। भाई बहनों ने एक दुसरे को उपहार भी दिऐ। इस पर्व को लेकर भाई बहनों के एक दुसरे के घर आने जाने का सिलसिला जारी रहा। पर्व मनाने वाले शम्मी कुमारी, शिवानी कुमारी, श्रृष्टि रंजन, नब्या नंदनी निधि नंदनी,छोटी कुमारी, अंजलि, रिम्मी, शीम्मी,ने बताया कि आज हमने भैया दुज पर्व मनाया और भगवान से अपने भाई की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। मेरे भाई ने मुझे उपहार भी दिया। वही सुनील कुमार दास रमण ने पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान सुर्य देव और उनकी पत्नी छाया की दो संतानें थी। यमराज और यमुना, यमुना की कामना थी कि उनके बडे. भाई यमराज एक वार उनके घर पधारे। व्यस्तता के कारण यमराज नही आ पाते थे। लेकिन कार्तिक मास में वे अचानक यमुना के घर पहुंचे। उन्होंने यमुना से बरदान माँगने को कहा। जिस पर यमुना ने हर साल इसी माह उनके घर आने का बरदान माँगा। तभी से यह पर्व मनाया जाता है।



भैया दूज मनाती भाई-बहन।

धरमपुर औद्योगिक परिसर के आधुनिकरण के लिए 8.99 करोड़ रुपए हुई स्वीकृत

सांसद ने जताया हर्ष



डॉ गोपाल जी ठाकुर सांसद।

- दरभंगा में शुरू हुआ प्रौद्योगिकी केंद्र विस्तार केंद्र, स्थानीय युवाओं को मिलेगा आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा अब केवल शिक्षा, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत के लिए ही नहीं, बल्कि उद्यमिता, रोजगार, औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भी अपनी नई पहचान बना रहा है। जिले में केंद्र सरकार की विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनाओं के माध्यम से दरभंगा में 7.25 लाख से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसर दर्ज किए गए हैं जबकि 1.77 लाख से अधिक उद्यमों का पंजीकरण होना जिले में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों और उद्यमशीलता को दशार्ता है।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के आलोक में बताया है कि की केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने दरभंगा जिले में महिला उद्यमिता से लेकर औद्योगिक आधारभूत संरचना, तकनीकी प्रशिक्षण, स्वरोजगार और पारंपरिक कारीगरों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए की जा रही पहल उत्साहवर्धक है क्योंकि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, 1 जुलाई 2020 से 31 अगस्त 2026 तक दरभंगा जिले में कुल 1,77,862 एमएसएमई उद्यम को पंजीकृत किया गया है हैं। इनसे 7,25,092 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर दर्ज किए गए हैं जिसमे महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि जिले में 73,119 महिला उद्यमियों ने पंजीकरण कराया है। सामाजिक समावेशन के तहत 90,909 ओबीसी, 18,290 अनुसूचित जाति और 65,282 सामान्य वर्ग के उद्यमियों ने अपने उद्यम पंजीकृत कराए हैं जो एक रिकॉर्ड स्थापित हुआ है।

सांसद डॉ ठाकुर के अनुसार

दरभंगा के धरमपुर औद्योगिक स्थान के उन्नयन के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 8.99 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई है जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में सुधार किया जाएगा और स्थानीय उद्यमियों को अपने कारोबार एवं उत्पादन का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इससे दरभंगा में नए उद्योगों और निवेश की संभावनाओं को भी बल मिलेगा। सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 से अब तक दरभंगा जिले में 1,341 परियोजनाओं को बैंकों द्वारा स्वीकृति दी गई है तथा इस योजना के माध्यम से जिले में 9,150 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं। सांसद डॉ ठाकुर ने एमएसएमई चैंपियंस योजना के अंतर्गत दरभंगा की 742 इकाइयों को जेड गुणवत्ता प्रमाणन तथा 35 इकाइयों को लीन प्रमाणन दिए जाने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

संक्षिप्त खबरें

बिस्फी में विकास यादव हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी मनीष चौपाल गिरफ्तार : डीएसपी



जानकारी देते डीएसपी अमित कुमार।

बिस्फी (एनएसबी)। पतौना थाना क्षेत्र के जाफरा रामनगर में हुए विकास कुमार यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य नामजद आरोपी मनीष चौपाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक और आरोपी के बीच दोस्ती तथा शराब कारोबार में साझेदारी थी। आपसी विवाद के चलते हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस का दावा है कि 7 नवंबर की रात विकास को बहाने से घर से बुलाकर ले जाया गया और चाकू व ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को बोरे में बंद कर झाड़ी में फेंक दिया गया।छापेमारी के दौरान पुलिस ने खून लगे दो ईंट, चाकू, बाल्टी और चप्पल बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपने पिता और चाचा की संलिप्तता भी बताई है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। यह जानकारी मधुबनी पुलिस ने 11 नवंबर को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

बेनीपट्टी अनुमंडल डीएसपी अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

भक्तों ने मां काली की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की किया कामना, महिलाओं ने भारी खोईछ



काली जी की प्रतिमा।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के मुरलियाचक, बेलोजा, सिंगिया, बिस्फी सहित कई स्थानों पर महाकाली पूजा बबुधवार को भक्ति, उल्लास और उत्सव के रंग में के साथ श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया गया. पूजा स्थलों पर मां काली कि आराधना के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा. काली पूजा के अवसर पर मंदिरों और पूजा पंडाल में विशेष अनुष्ठान भी आयोजित किए गए. महिलाओं ने मां भगवती की खोईछ भरने के साथ कुमारि, बटुक भी खिलाया. वही बलि प्रदान का कार्यक्रम भी किया गया. पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार महिलाओं ने मां काली की खोईछ भरी और संतान की दीघार्यु अच्छे स्वास्थ्य तथा परिवार की खुशहाली की मन्नत मांगी. पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की काफी आवाजाही बनी रही. प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला. वही काली मंदिर मुरलियाचक के परिसर में श्रीमद् देवी भागवत की कथा को लेकर श्रद्धालुओं के भीर काफी देखी गई . इस मौके पर वशिष्ठ नारायण झा, सत्यनारायण ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित रहे.

कार्यालय के छह दरवाजों के ताले और दो लॉकर को कटर मशीन से काटकर चोरी की



निरीक्षण करते अधिकारी।

खजौली (एनएसबी)। उप डाकघर खजौली में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने मुख्य द्वार सहित कार्यालय के छह दरवाजों के ताले और दो लॉकर को कटर मशीन से काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने कार्यालय में रखे तीन गोदरेज को भी तोड़ दिया। हालांकि, कार्यालय से नकद राशि की चोरी नहीं हुई है। इस दौरान करीब पांच लाख रुपये मूल्य की संपत्ति को क्षति पहुंचने का अनुमान है। घटना के संबंध में उप डाकपाल श्याम सुंदर दास ने बुधवार को स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार बुधवार की सुबह डाकघर के सामने स्थित पान दुकान के संचालक ने मोबाइल फोन से उन्हें सूचना दी कि डाकघर का मुख्य द्वार खुला हुआ है। सूचना मिलते ही वे कार्यालय पहुंचे। वहां देखा कि कार्यालय के सभी छह दरवाजों के ताले और दो लॉकर कटर मशीन से काट दिए गए हैं। वहीं तीनों गोदरेज भी टूटे हुए थे तथा कार्यालय के कागजात इधर-उधर बिखरे पड़े थे। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सपन कुमार ने उप डाकघर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

माथा पोखर में नहाने के दौरान डूबने से वृद्ध महिला की मौत, गांव में पसरा मातम

घनश्यामपुर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के तुमौल गांव में बुधवार को माथा पोखर में नहाने के दौरान एक वृद्ध विकलांग महिला की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान तुमौल गांव निवासी स्व. शिव नारायण सिंह की पत्नी श्यामा देवी (61) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला के शव को पोखर से बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।इस संबंध में घनश्यामपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल को मौके पर भेजा गया था। शव को पोखर से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट व एक्टिव, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : जिलाधिकारी

जिले में 626 दंडाधिकारी एवं 626 पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल की तैनाती



जलाधिकारी ।

- अफवाह फैलाने और विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- 14 से 17 नवंबर तक सभी अवकाश रद्द

मधुबनी (एनएसबी)। लोक आस्था, श्रद्धा, भक्ति एवं सूर्योपासना का महापर्व छठ पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। छठ महापर्व के दौरान व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा तथा विधि-व्यवस्था संधारित रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। पर्व के सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त आदेश जारी किया है। इसके तहत जिले में थानावार कुल 626 दंडाधिकारियों एवं 626 पुलिस पदाधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होकर पूरी मुस्तैदी एवं जवाबदेही के साथ अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि छठ महापर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अलर्ट मोड में रहेंगे तथा अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थलों पर लगातार सक्रिय रहकर स्थिति पर नजर रखेंगे।

अफवाह फैलाने वाले, असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय को अपने-अपने क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। उन्हें भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है।

छठ घाटों की सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष जोर

नगर आयुक्त एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण करने तथा नदी एवं तालाबों में पानी की गहराई का आकलन करने का निर्देश दिया गया है। खतरनाक एवं गहरे जल वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग करने तथा लाल झंडे लगाने को कहा गया है, ताकि श्रद्धालु खतरे वाले स्थानों की पहचान कर सकें और सुरक्षित सीमा के भीतर ही रहें। घाटों पर गोताखोरों, आपदा मित्रों एवं एसडीआरएफ टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन को दिया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को उसका अनुपालन करने के लिए जागरूक करने को कहा गया है।

छठ घाटों पर पटाखे फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को इस प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य, बिजली एवं अग्निशमन व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सदर अस्पताल मधुबनी, अनुमंडलीय अस्पतालों, रेफरल अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया है। भीड़भाड़ वाले प्रमुख छठ घाटों पर एंबुलेंस एवं चिकित्सीय दल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए सभी सहायक एवं कनीय अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहने तथा विद्युत व्यवस्था की नियमित निगरानी करने को कहा गया है। वहीं, जिला अग्निशमन पदाधिकारी एवं अनुमंडलों में कार्यरत अग्निशमन पदाधिकारियों को अति संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले छठ घाटों के समीप अग्निशमन वाहनों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

क्विक रिस्पांस टीम एवं मिनी कंट्रोल रूम का होगा गठन

आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण छठ घाटों के निकट क्विक रिस्पांस टीम गठित करने तथा मिनी कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। घाटों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रखने एवं जिला/ अनुमंडल नियंत्रण कक्ष से निरंतर संपर्क बनाए रखने को कहा गया है। छठ पर्व के अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे तथा भ्रमणशील रहकर स्थिति की निगरानी करेंगे। छठ महापर्व 2026 के दौरान संपूर्ण विधि-व्यवस्था के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय रहेंगे।

14 से 17 नवंबर तक सभी प्रकार के अवकाश रद्द

पर्व की संवेदनशीलता एवं प्रशासनिक तैयारियों को देखते हुए 14 नवंबर से 17 नवंबर तक सभी प्रकार के अवकाश रद्द कर दिए गए हैं। विशेष परिस्थिति में जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी की अनुशंसा पर ही अवकाश की स्वीकृति दी जाएगी।

जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित, दूरभाष नंबर जारी

छठ महापर्व के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए समाहरणालय, मधुबनी स्थित सभा कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष नंबर 06276-224425 है। नियंत्रण कक्ष में चार अलग-अलग पालियों/ग्रुप में अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि पर्व के दौरान प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

डीएम की आम नागरिकों से अपील एवं सख्त निर्देश

जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी तत्परता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि छठ महापर्व के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे छठ महापर्व को आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के वातावरण में मनाएं। प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं निदेशों का पालन करें, गहरे पानी एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें, बैरिकेडिंग एवं लाल झंडों से चिह्नित खतरनाक स्थानों से दूर रहें तथा घाटों पर पटाखे न फोड़ें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही अपुष्ट सूचनाओं को सोशल मीडिया पर साझा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आकस्मिक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस या जिला नियंत्रण कक्ष को दें।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शांतिपूर्ण वातावरण में छठ महापर्व के आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी के सहयोग एवं सतर्कता से इस लोक आस्था के महापर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

भाईदूज पर भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का दिखा अनूठा संगम, धूमधाम से मनाया गया पर्व



भाई का पूजा करते बहन।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का प्रतीक भाईदूज का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा और सहयोग का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सिमरी गांव निवासी सुगंधा कुमारी ने भाईदूज पर्व के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस पर्व का संबंध भगवान सूर्य के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना से जुड़ा है। मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमुना ने अपने भाई यमराज को घर आमंत्रित कर उनका आदर-सत्कार किया था। बहन के स्नेह और आतिथ्य से प्रसन्न होकर यमराज ने उन्हें वरदान दिया कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक लगवाएगा, उसे सुख-समृद्धि और दीघार्यु का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सुगंधा कुमारी ने बताया कि भाईदूज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, अपनापन, विश्वास और पारिवारिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। यह त्योहार रिश्तों में मिठास घोलने के साथ ही भाई-बहन के अटूट बंधन की याद दिलाता है। पर्व को लेकर घरों में उत्सवी माहौल रहा और भाई-बहनों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कर इस परंपरा को निभाया।

छठ घाट की सफाई में खुद उतरे मधुबनी के मेयर

- छठ महापर्व से पहले मधुबनी नगर निगम के 91 घाटों की हुई साफ-सफाई, जलजमाव हटाने से लेकर रोशनी, बैरिकेडिंग और चूना-ब्लीचिंग तक की गई व्यवस्था



छठ घाट सही करते मेयर अरुण राय।

मधुबनी (एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर मधुबनी नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर निगम क्षेत्र के कुल 91 छठ घाटों एवं तालाबों की साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर नगर आयुक्त ने आदेश जारी किया है। सभी घाटों पर जलकुंभी की सफाई, घास कटाई, मिट्टी भराई, समतलीकरण, छटाई, चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, लाइटिंग तथा चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने छठ महापर्व से पहले सभी कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है।

नगर निगम द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और संबंधित कर्मियों को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देनी होगी। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बरतने पर संबंधित कनीय अभियंता व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों एवं तालाबों में नगर निगम तालाब, महासेठी पोखर, कदम चौक पोखर, गंगासागर पोखर, मुरली मनोहर पोखर, जैन कॉलेज पोखर, आरके कॉलेज पोखर, पुलिस लाइन पोखर तथा सूड़ी स्कूल तालाब सहित अनेक घाट शामिल हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न मोहल्लों में स्थित पोखरों और तालाबों की भी सफाई कराई जाएगी। नगर आयुक्त ने सभी कर-संग्रहकताओं, नगर प्रबंधकों एवं संबंधित कर्मियों के बीच घाटों की जिम्मेदारी निर्धारित कर दी है। अधिकारियों को अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में सफाई कार्य की निगरानी करने और समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम मधुबनी के मेयर अरुण राय ने कहा कि छठव्रतियों को अर्घ्य देने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। छठ महापर्व से पहले सभी घाटों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान और आयुक्त भी उपस्थित थे।

दो दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाई गई



चित्रगुप्त पूजनोत्सव।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के चित्रांश वंशजो द्वारा दो दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कायस्थ्य परिवार द्वारा सामूहिक रूप से मूर्ति स्थापित कर एवं अपने अपने घरों में भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल द्वितिया को अपने आराध्यदेव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज कि पूजा अर्चना की ।चित्रांश विकाश समिति सिमरी के द्वारा सामूहिक रूप से चित्रगुप्त भवन में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई।इसके अलावे भोजपंडौल ,हनुमान नगर नवरतन टोल,परसौनी, जगवन ,इटहरवा सहित कई गांव में कायस्थ समाज के साथ साथ अन्य जाति के लोग भी कलम-दवात के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धापूर्वक की।

कायस्थ्य परिवार के सदस्य अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण कर अन्न जल ग्रहण किया ।खास बात है की इस दिन चित्रांश परिवार कलम-दवात, कागज या लिखने पढ़ने का काम नहीं करते है ।चित्रांश विकाश समिति सिमरी के द्वारा आयोजित चित्रगुप्त पूजा को लेकर इंद्रदेव लाल कर्ण,आशानंद दास ,सतीश कुमार कर्ण, रंधीर कुमार मल्लिक,भूपेंद्र नारायण मल्लिक ,कोमल देवर्षि सहित अन्य लोग काफी सक्रिय रूप से थे ।इनलोगो ने बताया कि धर्म-अधर्म सहित सृष्टि के लेखा जोखा करने वाले कायस्थ्य वंशजो के इष्टदेव की पूजा हर वर्ष यंहा भक्ति भाव के साथ सामाजिक सहयोग से की जाती है ।इस अवसर पर संध्या आरती के बाद भजन कीर्तन के आयोजन किये जाते है ।इन लोगो ने बताया की इस दिन हमलोग कलम कागज के साथ साथ पढाई लिखाई के व्यवहार को पूर्णतः बंद रखते है । क्षेत्र के चित्रांश वंशजो द्वारा दो दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कायस्थ्य परिवार द्वारा सामूहिक रूप से मूर्ति स्थापित कर एवं अपने अपने घरों में भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल द्वितिया को अपने आराध्यदेव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज कि पूजा अर्चना की ।चित्रांश विकाश समिति सिमरी के द्वारा सामूहिक रूप से चित्रगुप्त भवन में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई।इसके अलावे भोजपंडौल ,हनुमान नगर नवरतन टोल,परसौनी, जगवन ,इटहरवा सहित कई गांव में कायस्थ्य समाज के साथ साथ अन्य जाति के लोग भी कलम-दवात के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धापूर्वक की । कायस्थ्य परिवार के सदस्य अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण कर अन्न जल ग्रहण किया ।खास बात है की इस दिन चित्रांश परिवार कलम-दवात, कागज या लिखने पढ़ने का काम नहीं करते है ।चित्रांश विकाश समिति सिमरी के द्वारा आयोजित चित्रगुप्त पूजा को लेकर इंद्रदेव लाल कर्ण,आशानंद दास ,सतीश कुमार कर्ण, रंधीर कुमार मल्लिक,भूपेंद्र नारायण मल्लिक ,कोमल देवर्षि सहित अन्य लोग काफी सक्रिय रूप से थे ।इनलोगो ने बताया कि धर्म-अधर्म सहित सृष्टि के लेखा जोखा करने वाले कायस्थ्य वंशजो के इष्टदेव की पूजा हर वर्ष यंहा भक्ति भाव के साथ सामाजिक सहयोग से की जाती है ।इस अवसर पर संध्या आरती के बाद भजन कीर्तन के आयोजन किये जाते है ।इन लोगो ने बताया की इस दिन हमलोग कलम कागज के साथ साथ पढाई लिखाई के व्यवहार को पूर्णतः बंद रखते है ।

मुजफ्फरपुर में स्कॉर्पियो ने ऑटो में मारी जोरदार टक्कर, चालक की भी मौत

छठ मनाने दिल्ली से बिहार आ रहीं तीन बहनों में एक की मौत

नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा थाना क्षेत्र के भेरगरहा डिहुली के पास बुधवार की अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने छठ पर्व मनाने दिल्ली से घर लौट रही तीन सगी बहनों के ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बड़ी बहन निशु कुमारी (22) और ऑटो चालक अजय कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों छोटी बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों बहनें बुधवार सुबह करीब चार बजे ट्रेन से मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंची थीं। वहां से उन्होंने ऑटो बुक किया और सकरा स्थित अपने घर के लिए रवाना हुईं। घर पहुंचने में महज एक किलोमीटर का रास्ता बचा था, तभी भेरगरहां डीहूली गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

मृतका निशु के पिता नरेश कुमार राम ने बताया कि बेटी की शादी के लिए बातचीत चल रही थी। छठ पर्व के बाद लड़के वाले निशु को देखने आने वाले थे। परिवार को तीनों बेटियों के घर लौटने का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। निशु दिल्ली में पढ़ाई करने के साथ एक अस्पताल में डॉक्टर की असिस्टेंट के रूप में काम करती थी। उसकी दोनों छोटी बहनों में एक इंटर और दूसरी



दुर्घटना मे मृत निशु कुमारी और ऑटो चालक अजय कुमार का फाइल फोटो।

मुजफ्फरपुर के सकरा में हुआ हादसा, दो बहनें गंभीर रूप से घायल; छठ की खुशियां मातम में बदलीं

मैट्रिक की छात्रा है। हादसे में जान गंवाने वाला ऑटो चालक अजय कुमार मिठनपुरा थाना क्षेत्र के कन्हौली मठ का निवासी था। उसके भाई के अनुसार, अजय ने करीब चार महीने पहले ही ऑटो खरीदा था।

बुधवार की सुबह वह यात्रियों को छोड़ने निकला था, लेकिन सड़क हादसे में उसकी भी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर ने वितरित की छठ पूजन सामग्री



कार्यक्रम मे मौजूद क्लब के पदाधिकारियों के साथ छठ व्रती माताएं एवं बहनें।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा बुधवार को माड़ीपुर स्थित माँ हवेली में एक विशेष सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठ व्रती माताओं एवं बहनों के बीच छठपूजन सामग्री का वितरण किया गया।

इस सेवा प्रकल्प के अंतर्गत व्रतियों को सूप, साड़ी, श्रृंगार सामग्री, गेहूं, गुड़, नारियल, गागर नींबू एवं अन्य आवश्यक पूजन सामग्री प्रदान की गई। क्लब की ओर से यह पहल छठ व्रत करने वाली माताओं एवं बहनों के प्रति सम्मान, सहयोग एवं श्रद्धा व्यक्त करने का एक प्रयास है। छठ महापर्व हमारी आस्था, पवित्रता, अनुशासन एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस सेवा प्रकल्प के माध्यम से क्लब ने सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की अध्यक्ष रूपा सिन्हा, डॉ एच एन भारद्वाज, सुधीर कुमार, संजय चाचान, राजीव रंजन, बी एल लाहौड़ी, राकेश चाचान, रंजन कुमार श्रीवास्तव, यदुनंदन पाण्डेय, अजीत गौड़, विजय कुमार, आर्यन वर्मा आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

जयंती पर विचार मंच द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए डा सच्चिदानंद सिन्हा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार निमार्ता एवं संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष रहे डा सच्चिदानंद सिन्हा जयंती पर विचार मंच द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सदस्यों ने सच्चिदानंद सिन्हा के चित्र पर



जयंती पर डॉ सच्चिदानंद सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित करते मंच के सदस्य गण।

पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। जयंती के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच मुफ्त उपयोगी वस्त्र का वितरण भी किया गया। विचार मंच के कैप्टन राजीव कुमार ने सच्चिदानंद सिंहा का बिहार के निर्माण में योगदान पर चर्चा की। महामंत्री अजीत कुमार ने सच्चिदानंद सिन्हा के बिहार निर्माण में पटना हवाई अड्डा, सिन्हा लाईब्रेरी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति भवन, बिहार विधान परिषद भवन जैसे महत्वपूर्ण जगहों को दान देने पर अपनी बात रखी। कोषाध्यक्ष संदीप कुमार ने श्रद्धांजलि सभा के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन किया। श्रद्धांजलि सभा में के के सिन्हा, उत्पल रंजन, कैप्टन राजीव कुमार संदीप कुमार, अजीत कुमार, संजीव रंजन सोनू, अमित कुमार, गौरव कुमार, प्रांजल श्रीवास्तव, मनीष कुमार, अजय जयसवाल सहित कई महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित थे।

छठ व्रतियों के बीच कांटी विधायक ने बांटी वस्त्र एवं पूजन सामग्री

काँटी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने बुधवार को शहर के बीबीगंज स्थित अपने आवास पर कांटी विधानसभा क्षेत्र के निर्धन एवं आर्थिक रूप से कमजोर छठ व्रती महिलाओं के बीच छठपूजन सामग्री, वस्त्र एवं खाधान्न का वितरण किया। इस



छठ व्रती महिलाओ को छठ पूजन सामग्री वस्त्र एवं खाधान्न वितरित करते विधायक अजीत कुमार।

दौरान उन्होंने छठ व्रतियों को पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। मौके पर अजीत कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा उनका सामाजिक दायित्व है, जिसका निर्वहन वे वर्षों से करते आ रहे है। इसी दायित्व के तहत वे प्रत्येक वर्ष अपनी ओर से जरूरतमंद छठ व्रती महिलाओं के बीच पूजन सामग्री वस्त्र एवं खाधान्न का वितरण करते हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाएं भी श्रद्धा और सम्मान के साथ पर्व मना सकें। उन्होंने बताया कि छठ के मद्देनजर कांटी विधानसभा क्षेत्र के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में कांटी एवं मड़वन के बीडीओ-सीओ तथा नगर परिषद कांटी के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रीना सोपम लिखित किताब, 'कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार' को जयपुर सम्मान देने की घोषणा

पटना: रीना सोपम लिखित किताब, कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार को जयपुर सम्मान, 2027 देने की घोषणा की गई है। जयपुर साहित्य संगीति ने जयपुर सम्मान,2027 के विभिन्न विधाओं के विजेता लेखक- लेखिकाओं और उनकी किताबों की सूची जारी करते हुए बताया कि चयन समिति ने नाटक, शास्त्रीय संगीत और शास्त्रीय वादन केटेगरी में कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार को इस सम्मान के लिए चयनित किया है। जयपुर साहित्य संगीति के संयोजक, अरविंद कुमारसंभव ने कहा कि कला परिदृश्य, कालजयी कलाकार और बिहार किताब को यह पुरस्कार विशिष्ट लेखन शैली के साथ-साथ देश की महान हस्तियों के योगदान का दस्तावेजीकरण के लिए दिया गया है।

गैस सिलेंडर लीक होने से तीन दुकानों में लगी आग

तीन लाख से अधिक का नुकसान, लोगों की सूझबूझ और फायर ब्रिगेड टीम की तत्परता से टला बड़ा हादसा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नगर थाना क्षेत्र के कल्याणी चौक के समीप गैस सिलेंडर की पाइप लीक होने से एक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की दो अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन दुकानें और तीन लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई।

राहत की बात यह कि स्थानीय लोगों की सूझबूझ और फायर ब्रिगेड टीम की तत्परता से आग पर जल्दी हीं काबू पा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि दुकान में चाय बनाने के लिए दूध गर्म किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर की पाइप में आग लग गई। गैस पाइप में लगी आग दुकान मे फैल



मुजफ्फरपुर कल्याणी चौक पर तीन दुकानों में आग लगने को लेकर घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

गई। दुकान में आग लगते हीं आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। वही लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी। वही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक तीन दुकाने पूरी तरह जल गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास की तीन दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते, तब तक दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित दुकानदारों के अनुसार, आग से तीन लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि गैस सिलेंडर में विस्फोट हो जाता तो हादसा और भी भयावह हो सकता था। लेकिन लोगों की सूझबूझ और दुकानदार द्वारा त्वरित आग लगे सिलेंडर को दुकान से समय रहते बाहर निकाल दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि अगर समय रहते सिलेंडर को बाहर नहीं निकाला जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के फायरमैन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि दुकान में गैस सिलेंडर लीक होने के कारण आग लग गई है। जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग की एक बड़ी और एक छोटी एमटी गाड़ी मौके पर भेजी गई। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह गैस सिलेंडर से रिसाव होना था। घटना में दुकानों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति झुलसा नहीं है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हर पंचायत में खुलेंगे जीविका-सुधा केंद्र

पटना (एनएसबी)। बिहार की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत अब राज्य की सभी 8,053 ग्राम पंचायतों में जीविका सुधा बिक्री केंद्र खोले जाएंगे।

ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के जरिए जीविका से जुड़ी महिलाओं को अपना खुद का रोजगार शुरू करने का मौका मिलेगा, जिससे वे गांवों में ही रहकर अच्छी आमदनी कर सकेंगी।

इस पहल से एक तरफ जहां ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनने का नया अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ गांवों के लोगों को भी अपने ही इलाके में शुद्ध दूध, दही, घी, पनीर और दूसरे सुधा उत्पाद आसानी से मिल सकेंगे। इन केंद्रों के संचालन की पूरी जिम्मेदारी जीविका दीदियों के हाथों में होगी। इस पूरी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पंचायतों में सुधा बिक्री केंद्र खोलने के लिए राज्य की 7,821 पंचायतों से आवेदन प्राप्त हुए हैं।

9वीं नेशनल सवात चैंपियनशिप, महाराष्ट्र के लिए बिहार टीम में 30 खिलाड़ी चयनित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। महाराष्ट्र के पुणे में 20 से 22 नयंबर 2026 तक आयोजित होने वाली 9वीं नेशनल सवात चैंपियनशिप के लिए बिहार के मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, व सीतामढी समेत कुल छः जिलों से 30 खिलाड़ियों का चयन बिहार सवात टीम में किया गया। यह चयन ट्रायल राज्य सवात संघ, बिहार के तत्वावधान में एम.पी.एस इंडोर स्टेडियम स्थित रास वर्ल्ड मार्शल आर्टस के सेंट्रल क्लब में किया गया। इस ट्रायल में छठवीं बिहार राज्यस्तरीय सवात चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ साथ कुछ कैटेगरी के खाली रह जाने पर नये खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया। चयनित सभी खिलाड़ियों को बिहार का जर्शी राज्य सवात संघ, बिहार के सचिव सह भारतीय टीम के मुख्य कोच शिहान ई राहुल श्रीवास्तव के द्वारा स्पोंसर किया गया।

चयनित सभी खिलाड़ियों को राज्य



9वीं नेशनल सवात चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम मे चयनित खिलाडी।

सवात संघ बिहार के मुख्य संरक्षक सह पूर्व खेल मंत्री शिवचंद्र राम, अध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष नंद कुमार, कोषाध्यक्ष सेंडाई शिल्पी सोनम समेत तमाम पदाधिकारियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी। चयनित खिलाड़ियों मे 6 महिला खिलाडी

अनुष्का अभिषेक, शालिनी कुमारी, त्विषा केजरीवाल, इशिका मेहता, दृष्टि कुमारी एवं उपासना आनंद तथा पुरुष खिलाड़ियों में अली हसन, समर राज,

सचिन कुमार, निखिल राज, कश्यप कौशिक, तन्मय श्रीवास्तव, मंजय कुमार, आकाश कुमार, आइजा सऊद, आदिल हाशमी, साहिल कुमार, लक्ष्य सिंह, आर्यन आदित्य कुमार पासवान, उमंग कुमार, अंकित सिन्हा, प्रिंस राज, श्रेयश जायसवाल, सुबोध कुमार, रोहित कुमार प्रजापति, हिमांशु राज, निल राज कुमार, श्याम कुमार एवं शुभम सिंह शामिल हैं।

छठ घाटों की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर मुजफ्फरपुर में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन की टीम के साथ विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, रोशनी, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। प्रशासन की ओर से छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

नदी के गहरे पानी वाले क्षेत्रों में बांस-बल्ले की बैरिकेडिंग की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा टीमों और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवानों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों के नदी घाटों पर भी निगरानी बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। सुरक्षा कारणों से जर्जर एवं



छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेते डीएम और एसएसपी।

बिना निबंधन वाली नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि छठ पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विशेष सुरक्षा ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है। प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। घाटों पर वॉच टावर और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

वहीं हाईवे पर नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाई गई

सुरक्षा और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली सामग्री पोस्ट करने वालों को चेतावनी दी

है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए साइबर सेल की विशेष टीम गठित की गई है।

पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली सामग्री पोस्ट करने वालों को चेतावनी दी है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने छठपूजा 2026 के लिए संवेदनशील, खतरनाक और सामान्य घाटों की सूची भी जारी की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आठवें लाभांश वितरण समारोह में शामिल हुए काँटी विधायक

दूध उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार देने का उठाया मुद्दा



आठवें लाभांश वितरण समारोह का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक।

मड़वन प्रखंड के बड़कागांव में 214 दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच आठवें लाभांश का हुआ वितरण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मड़वन प्रखंड के बड़कागांव स्थित केसरी नगर में बुधवार को दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति की ओर से 214 किसानों के बीच आठवें लाभांश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान सबसे निरीह प्राणी है। वर्तमान में किसानों को एक किलोग्राम दूध के उत्पादन पर करीब 50 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि उन्हें मात्र 40 रुपये मिल रहे हैं। ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति कैसे सुधरेगी। यह चिंता का विषय है। उन्होंने तिमुल के प्रबंध निदेशक से किसानों को मवेशी खरीदने के लिए कम ब्याज पर ऋण, गुणवत्तापूर्ण पशु आहार और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि तिमुल की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है, लेकिन कंपनी में बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। कांटी और मड़वन के स्थानीय बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार मिलना चाहिए। इस दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने डेयरी से निकलने वाले गंदे पानी को फरदो नाला में गिराने की व्यवस्था करने या उसके शोधन कर खेती-किसानी में उपयोग करने की व्यवस्था करने की मांग की। तिमुल के प्रबंध निदेशक फूल कुमार झा ने कहा कि समिति से जुड़े किसानों को प्रत्येक वर्ष लाभांश दिया जाता है।

बिहार के सात जिलों में करीब 5500 समितियां कार्यरत हैं, जिनसे लगभग डेढ़ लाख किसान जुड़े हैं। किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए डेयरी लगातार प्रयास कर रही है। मौके पर तिमुल अध्यक्ष सुशीला देवी, सहायक प्रभारी संग्रहण अवधेश कुमार, डॉ एस बी हजारिका, रंजीत सिंह के अलावे समिति के सोनू कुमार, नवीन तिवारी, राजेश्वर ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर बेबी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

मुजफ्फरपुर में 14 हजार के जाली नोट बरामद

500 के 28 नकली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले में जाली नोट के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 500 रुपये के 28 जाली नोट बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत 14 हजार रुपये है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने दी।

जाली नोट के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही पुलिस

उन्होंने बताया कि 10 नवंबर को साहेबगंज पुलिस को थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर जोड़ कन्ही गांव में जाली भारतीय मुद्रा के परिचालन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और बिरेंद्र सहनी को गिरफ्तार कर लिया।



मामले की जानकारी देते ग्रामीण एसपी।

गिरफ्तार आरोपी हुस्सेपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर जाली भारतीय मुद्रा के प्रचलन और संचालन में शामिल होने की बात स्वीकार की है। इस संबंध में साहेबगंज थाना कांड संख्या 957/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ के आधार पर जाली नोट के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है। साथ ही संबंधित जांच एजेंसियों को भी मामले की सूचना दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

नौ जिलों में 18 नवंबर से लगेगा नियोजन मेला

छठ के बाद बिहार के युवाओं को फिर मिलेगा रोजगार का मौका

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी की सूबे के युवाओं को रोजगार मुहैया करने की प्रतिबद्धता के तहत रोजगार मेला का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी कवायद के तहत छठ महापर्व के बाद एक बार फिर रोजगार पाने का सुनहरा मौका मिलने जा रहा है। सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण की ओर से राज्य के नौ जिलों में जिला स्तरीय नियोजन- सह- व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, रोजगार मेले की शुरूआत 18 नवंबर को कटिहार से होगी। इसके बाद 19 नवंबर को बांका, 20 नवंबर को भागलपुर और मधेपुरा, 21 नवंबर को मोतिहारी, जमुई और पूर्णिया तथा 23 नवंबर को सहरसा और शिवहर में नियोजन मेला आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर मिलेगा।

वही युवाओं को रोजगार से जुड़ी जानकारी और व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। नियोजन मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की टोल फ्री हेल्पलाइन- 18002965656 पर संपर्क किया जा सकता है। राज्य के युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता और कौशल के अनुरूप निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना विभाग का मुख्य उद्देश्य है। इस नियोजन मेले का समय सुबह 10:30 बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित किया गया है। इसमें भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को विभाग के नियोजन पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर भी निबंधन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वहीं, मेले में भाग लेने वाले नियोजकों के लिए भी पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है।

नए क्षेत्रों में गन्ने की खेती के लिए किसानों को मिलेगा मुफ्त बीज, आवेदन की तिथि 25 तक बढ़ी

पटना (एनएसबी)। सूबे की सम्राट सरकार के गन्ना उद्योग को बढ़ावा देने की मुहिम के अंतर्गत कई खास पहल की जा रही है। इसी क्रम में गन्ना उद्योग विभाग ने राज्य में गन्ने की खेती को बढ़ावा देने और नये क्षेत्रों में गन्ना फसल का विस्तार करने के उद्देश्य से संचालित कार्यक्रम के तहत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 नवंबर 2026 कर दी है। अब इच्छुक किसान इस तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। विभाग की ओर से किसानों को गन्ने की खेती के लिए उन्नत, गुणवत्तापूर्ण एवं रोगमुक्त गन्ना बीज मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ चीनी मिल क्षेत्र और गैर-चीनी मिल क्षेत्र, दोनों के किसानों को मिलेगा। चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत वैसे इलाके शामिल हैं, जहां चीनी मिल कार्यरत हैं। इन क्षेत्रों के उन गन्ना रहित गांवों के सभी रैयत एवं गैर-रैयत किसान योजना के पात्र होंगे, जहां गन्ने का रकबा पांच एकड़ या उससे कम है और जिन्हें केन केयर पोर्टल पर गन्ना रहित गांव के रूप में चिह्नित किया गया है। वहीं, गैर-चीनी मिल क्षेत्रों में, जहां वर्तमान में कोई चीनी मिल कार्यरत नहीं है, वहां के सभी रैयत एवं गैर-रैयत किसान आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत किसानों को न्यूनतम 0.25 एकड़ से लेकर अधिकतम 2.5 एकड़ तक की खेती के लिए मुफ्त गन्ना बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही बीज के परिवहन, लोडिंग और अनलोडिंग का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी।

2 से 10 दिसंबर तक होगा बिहार स्टेट गेम्स 5500 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

पटना (एनएसबी)। बिहार में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें राज्यस्तर पर अपनी क्षमता साबित करने का बड़ा मंच मिलने जा रहा है। आगामी 2 से 10 दिसंबर तक बिहार स्टेट गेम्स 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें 5500 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पधाओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन को लेकर मंगलवार को पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने समारोह में बिहार स्टेट गेम्स 2026 के शुभंकर और आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार स्टेट गेम्स केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें आगे बढ़ाने और भविष्य के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। राज्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच, बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। बिहार स्टेट गेम्स के माध्यम से अलग-अलग खेलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि भारत के 2036 ओलंपिक आयोजन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बिहार को भी अभी से अपनी खेल तैयारियां मजबूत करनी होंगी। आने वाले समय में बिहार के अधिक से अधिक खिलाड़ी भारतीय दल का हिस्सा बनें और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करें। उन्होंने जमुई के शैलेश कुमार सहित प्रदेश के उन खिलाड़ियों का उल्लेख किया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों से बिहार का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की प्रतिभाओं को सही समय पर पहचानकर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। खेल मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में बिहार के खिलाड़ियों को सम्मान राशि के रूप में तीन करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है।

पर्यटन मंत्री ने जुरण छपड़ा मे किया जीवन इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर का उदघाटन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के जुरन छपरा रोड नम्बर तीन के मुहाने पर बुधवार को जीवन इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर का उदघाटन पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने किया। इस उद्घाटन समारोह में नगर विधायक रंजन कुमार, काँटी विधायक ई अजीत कुमार, राहुल कुमार विधायक जहानाबाद, पूर्व विधायक जहानाबाद जगदीश कुमार, पूर्व विधायक विजेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक मुन्ना यादव, रामकृष्ण आश्रम बेला के प्रमुख स्वामी भवात्मानंद सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने डॉ फिरदौस रब और डॉ तुषार आनन्द की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और गरीबों एवं असहाय को विशेष रूप से मदद करने की सलाह दी। वहीं डॉ तुषार आनंद ने अपने डायग्नोस्टिक सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सेंटर मे आने पर हीं लोगों को हमारी विशेषताओं का अनुभव होगा तथा सेंटर की सेवा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।



जीवन इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर के उदघाटन समारोह मे लोगो से मिलते पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता।

मुशहरी पीएचसी को मिला सीएचसी का दर्जा, अब बढ़ेंगी बेड और डॉक्टरों की संख्या

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के मुशहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दर्जा मिल गया है। इसके साथ ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। सीएचसी बनने के बाद यहां बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी। साथ ही चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में भी इजाफा होगा।

सिविल सर्जन डॉ. सुधीर कुमार ने औचक निरीक्षण के दौरान की आधिकारिक पुष्टि

इससे मुशहरी और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इसकी आधिकारिक पुष्टि सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने बुधवार को की। वे मुशहरी अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचसी को सीएचसी का दर्जा मिलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएचसी का दर्जा मिलने से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ेगा। मरीजों को इलाज के लिए छोटी-छोटी समस्याओं में दूसरे अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। वहीं, बेड, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता बढ़ने से अस्पताल की कार्यक्षमता में भी सुधार होने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर इसे स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

छठ पूजा पर 15 नवंबर को बंद रहेंगे राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ पूजा के अवसर पर प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 15 नवंबर 2026 (रविवार) को राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। इस दिन दोनों पर्यटन स्थलों का संचालन पूरी तरह स्थगित रहेगा। पर्यटकों के प्रवेश और भ्रमण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर लिया गया निर्णय, पर्यटकों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

वन्यजीवों को करीब से देखने का मिलता है अवसर : राजगीर जू सफारी बिहार के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में शामिल है। यहां पर्यटक विशेष रूप से तैयार वाहनों के माध्यम से खुले एवं प्राकृतिक वातावरण में शेर, बाघ, तेंदुआ, भालू और हिरण सहित विभिन्न वन्यजीवों को करीब से देख सकते हैं। वन्यजीवों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास का अनुभव इस सफारी को खास बनाता है।

ग्लास ब्रिज और रोमांचक गतिविधियां हैं खास आकर्षण : वहीं, राजगीर नेचर सफारी प्राकृतिक सुंदरता और रोमांचक गतिविधियों के लिए देश-विदेश के पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। यहां ग्लास स्काई वॉक ब्रिज, सस्पेंशन ब्रिज, जिपलाइन, स्काई बाइकिंग, तितली उद्यान, औषधीय पौधों का उद्यान और बच्चों के लिए पार्क प्रमुख आकर्षण हैं। पहाड़ियों और हरियाली से घिरा यह पर्यटन स्थल प्रकृति प्रेमियों के साथ-साथ रोमांच पसंद करने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित करता है।

16 नवंबर से भ्रमण की योजना बना सकेंगे पर्यटक

छठ पूजा के अवसर पर 15 नवंबर को दोनों सफारी बंद रखने का निर्णय सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। ऐसे में पर्यटकों को सलाह दी गई है कि वे 15 नवंबर को राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी के भ्रमण की योजना न बनाएं।

छठ महापर्व से पूर्व सभी कर्मियों के वेतन एवं मानदेय भुगतान सुनिश्चित करें : श्रवण कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने छठ महापर्व के मद्देनजर विभागीय योजनाओं में कार्यरत कर्मियों के हित में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सभी संबंधित कर्मियों के लंबित वेतन एवं मानदेय का भुगतान छठ महापर्व से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

ग्रामीण आवास योजनाओं एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े कर्मियों को मिलेगी बड़ी राहत

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा है कि भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि सभी कर्मी अपने परिवार के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ को हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मना सके।

इस संबंध में ग्रामीण आवास योजनाओं के अनुश्रवण एवं तकनीकी सहयोग में कार्यरत कर्मियों तथा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के कर्मियों के लंबित वेतन एवं मानदेय भुगतान के लिए ग्रामीण विकास विभाग के स्तर से वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था। राज्य मंत्रिपरिषद ने 130 करोड़ रुपये के इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे संबंधित कर्मियों के वेतन एवं मानदेय भुगतान का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इसी प्रकार लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 551.81 करोड़ रुपये की राशि को भी बिहार कैबिनेट की स्वीकृति मिली है। इस राशि का उपयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के संचालन तथा स्वच्छता कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक और परिलब्धियों के भुगतान सहित अभियान से संबंधित निर्धारित कार्यों में किया जाएगा।

मंत्री श्री श्रवण कुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्रामीण आवास योजनाओं, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े सभी पात्र कर्मियों के लंबित वेतन एवं मानदेय भुगतान की प्रक्रिया सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि छठ महापर्व से पूर्व सभी संबंधित कर्मियों के बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण आवास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण, तकनीकी सहयोग तथा गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में इन कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके परिश्रम और समर्पण से ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर साकार होती हैं। सरकार कर्मियों के योगदान, उनकी आर्थिक आवश्यकताओं एवं उनके हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं उनके परिजनों को आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर असीम शुभकामनाएं दी हैं। इस मामले में मंत्री श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ उनमें कार्यरत कर्मियों के हितों का भी पूरा ध्यान रख रही है। हमारी यह प्राथमिकता है कि ग्रामीण आवास योजनाओं, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े किसी भी कर्मी को पर्व के अवसर पर आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

नालंदा में भिक्षुओं के लिए नवनिर्मित भवन का मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन, कहा-

चाइनीज टेंपल में भिक्षुओं और श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नालंदा ज्ञान, शांति और अहिंसा की भूमि है। यहां दुनिया भर से आने वाले भिक्षुओं और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से चाइनीज टेंपल में भिक्षुओं के लिए नवनिर्मित भवन तैयार किया गया है। यह बातें ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्री श्रवण कुमार ने बुधवार को भवन के उद्घाटन समारोह में कही।

मंत्री ने बताया कि इस भवन में भिक्षुओं के लिए किचन, डाइनिंग हॉल, कमरे एवं हॉल का निर्माण किया गया है।



उद्घाटन करते मंत्री श्रवण कुमार।

इस भवन में भिक्षुओं के लिए किचन, डाइनिंग हॉल, कमरे एवं हॉल का निर्माण किया गया

इससे उनके ठहरने और भोजन की व्यवस्था और अधिक सुगम होगी, जिससे जिले में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों का प्रमुखता से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया था। वर्तमान सरकार भी उसी दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और सभी धर्मों की आस्था एवं सुविधा का पूरा सम्मान करती है। धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

मंत्री श्री कुमार ने बताया कि इस भवन के निर्माण में अमेरिका निवासी डॉ. चार्ल्स आंग और डॉ. खिन खिन वाई का विशेष सहयोग रहा है।

उद्घाटन समारोह में चाइनीज टेंपल के प्रमुख धम्मू रत्ना, महाविहार से करीब 120 भिक्षु, जो वियतनाम, कंबोडिया, लाओस, थाईलैंड से आए थे। साथ ही म्यांमार, अमेरिका से करीब 200 और अरुणाचल प्रदेश से भी 20 लोगों का एक समूह इस समारोह में शामिल हुआ।

सम्पादकीय

हरियाली से महिला सशक्तीकरण

बिहार की ग्रामीण महिलाओं ने अब केवल घर संभालने तक खुद को सीमित नहीं रखा है, बल्कि वे पर्यावरण की रक्षा करते हुए खुद के साथ पूरे परिवार को आर्थिक रूप से बेहद मजबूत भी बना रही हैं। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन सोसायटी (जीविका) के तहत संचालित दीदी की पौधशाला कार्यक्रम आज राज्य में महिला आधारित हरित उद्यमिता का एक सशक्त और सफल मॉडल बनकर उभरा है। इस पहल से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं न केवल खुद स्वावलंबी बन रही हैं, बल्कि अपने गांवों को हरा-भरा भी कर रही हैं।

दीदी की पौधशाला जैसी अभिनव योजना के तहत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी महिलाएं अपने ही गांवों में पौधशालाएं (नर्सरी) तैयार करती हैं। यहां विभिन्न प्रकार के पौधे उगाए गए हैं, जिसकी आपूर्ति वन विभाग, मनरेगा, बागवानी और खुले बाजार में की जाती है। वर्तमान में बिहार के विभिन्न जिलों में लगभग 987 दीदी की पौधशालाएं सफलता पूर्वक संचालित हो रही हैं, जहां प्रति पौधशाला के हिसाब से तीन से चार महिलाओं को स्थाई रोजगार मिला हुआ है।

ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नर्सरियों में पौधा उत्पादन के कार्यों में लगी महिलाओं की प्रति महिला के हिसाब से औसतन वर्ष में 3-4 लाख रुपए की विशुद्ध आमदनी हो रही है। सरकार इस पूरी योजना को चरणबद्ध तरीके से राज्य के सभी 534 प्रखंडों तक विस्तारित करने में जुटी है।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए महिला का कम से कम एक साल पुराना जीविका समूह से जुड़ा होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और करीब 0.5 एकड़ जमीन सड़क संपर्क के साथ होनी चाहिए। एकल महिलाओं, विधवाओं, दिव्यांगों और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को इसमें प्राथमिकता दी जा रही है। आवेदन के बाद जीविका और तकनीकी संस्थानों द्वारा इन महिलाओं को नर्सरी प्रबंधन, बीज उपचार और पौध उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाता है।

मांग के अनुसार पौधों का उत्पादन, प्रति पौधा 30 रुपये मूल्य : ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दीदी की पौधशालाओं में शीशम, महोगनी, सागवान, पीपल, नीम और अशोक जैसे कीमती पेड़ों के साथ-साथ अमरूद, आंवला, लीची, आम और नींबू जैसे फलदार पौधे भी तैयार किए जा रहे हैं। भविष्य में इसमें मसाले, औषधीय पौधे, बांस और हाइब्रिड पौधों को भी जोड़ने की तैयारी है। अधिकारियों ने बताया कि दीदी की पौधशालाओं में मांग के अनुसार पौधे भी तैयार किए जाते हैं और प्रति पौधे की बिक्री 30 रुपये के हिसाब से की जा रही है।

पलायन पर लगाम और पर्यावरण की रक्षा : दीदी की पौधशाला योजना ने ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदल दी है। गांव में ही रोजगार मिलने से पलायन में कमी आई है। महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ी है। इसके साथ ही राज्य में हरित आवरण और जैव विविधता का संरक्षण भी तेजी से हो रहा है। आने वाले समय में इन पौधशालाओं को एक मंच पर लाने के लिए दीदी की नर्सरी कंपनी बनाने की भी योजना है, जिससे इनका व्यापार और बड़ा हो सकेगा।

श्रवण कुमार (मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन संपर्क विभाग) का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सर्वमान्य नेता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज बिहार का हरित आवरण 7 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी से भी अधिक हो चुका है। वर्ष 2028 तक इसे 17 फीसदी तक पहुंचाने की योजना है। दीदी की पौधशाला ग्रामीण महिलाओं को हरित उद्यमी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे एक ओर जहां बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर हमारे गांव हरियाली की ओर अग्रसर हो रहे हैं। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस योजना को और अधिक विस्तार दिया जाएगा।

छठ : प्रकृति की उपासना का अनुपम संगम



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा में अनेक पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनकी पहचान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वे समाज की सामूहिक चेतना, लोकसंस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत उदाहरण बन जाते हैं।

छठ पूजा ऐसा ही एक अनुपम महापर्व है। लोक आस्था, पवित्रता, त्याग, तपस्या, संयम और श्रद्धा का यह पर्व भारतीय संस्कृति की उन महान परंपराओं में शामिल है, जिसने सदियों से समाज को एक सूत्र में बांध रखा है। विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में छठ महापर्व का जो स्वरूप देखने को मिलता है, वह पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है।

छठ केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भावनाओं का महाकुंभ है। इस पर्व में न कोई भव्य पंडाल चाहिए, न महंगे आयोजन की आवश्यकता होती है और न ही किसी विशेष दिखावे की। यहां सबसे महत्वपूर्ण है श्रद्धा, पवित्रता, नियम, अनुशासन और प्रकृति के प्रति समर्पण। मिट्टी के चूल्हे पर प्रसाद तैयार करने से लेकर नदी, तालाब और जलाशयों के किनारे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने तथा अगली सुबह उदीयमान सूर्य की उपासना करने तक प्रत्येक परंपरा अपने भीतर गहरा आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश समेटे हुए है।

छठ महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें डूबते सूर्य को भी उतनी ही श्रद्धा से नमन किया जाता है, जितनी श्रद्धा से उगते सूर्य का स्वागत होता है। यह परंपरा हमें जीवन का एक महत्वपूर्ण दर्शन सिखाती है कि समय, परिस्थिति और पद चाहे जो भी हो, सम्मान और कृतज्ञता का भाव कभी समाप्त नहीं होना चाहिए। जीवन में उदय और अस्त, सुख और दुख, सफलता और असफलता सभी का अपना महत्व है। जो समाज अस्त होते सूर्य का भी सम्मान करना जानता है, वह वास्तव में जीवन के संतुलन और विनम्रता का अर्थ समझता है।

छठ महापर्व चार दिनों तक चलने वाला कठिन व्रत और साधना का अनुष्ठान है। इसकी शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन व्रती स्नान कर पवित्रता और सात्विकता के साथ भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना का विधान होता है, जिसमें पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के बाद शाम को पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके बाद लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होता है। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के अवसर पर व्रती नदी, तालाब, पोखर अथवा अन्य जलाशयों के किनारे पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। चौथे दिन प्रातःकाल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाता है।

इन चार दिनों के दौरान व्रती जिस अनुशासन, संयम और श्रद्धा का परिचय देते हैं, वह अपने आप में अद्भुत है। विशेष रूप से महिलाएं इस कठिन व्रत को पूरी निष्ठा से निभाती हैं। हालांकि पुरुष भी समान श्रद्धा से छठ व्रत करते हैं। व्रत करने वाले लोग अपने परिवार, संतान, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना के साथ सूर्यदेव तथा छठी मइया की आराधना करते हैं।

इस पर्व की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी सादगी और पवित्रता है। प्रसाद तैयार करने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। गेहूं को साफ करके सुखाना, चूल्हे की पवित्रता बनाए रखना, फल-फूल और पूजन सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करना



इस पर्व की अनिवार्य परंपराओं में शामिल है। ठेकुआ, कसार, चावल के लड्डू, केला, नारियल, गन्ना, नींबू और मौसमी फलों से सजे सूप तथा दउरा छठ की सांस्कृतिक पहचान हैं।

छठ महापर्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष प्रकृति की उपासना है। सूर्य के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। सूर्य से ही प्रकाश, ऊर्जा और जीवन का आधार मिलता है। जल, वायु, मिट्टी और वनस्पतियां मानव जीवन के अस्तित्व के लिए अनिवार्य हैं। छठ पूजा में सूर्य, जल और प्रकृति के विभिन्न तत्वों की उपासना के माध्यम से मनुष्य अपनी निर्भरता और कृतज्ञता को प्रकट करता है।

यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकृति केवल हमारे उपयोग की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे जीवन का आधार है। जिस नदी और तालाब के किनारे खड़े होकर हम सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं, उसी जलस्रोत को स्वच्छ रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। यदि पूजा के बाद वही जलाशय कचरे, प्लास्टिक, सड़ी हुई पूजन सामग्री और गंदगी से भर जाएं तो हमारी आस्था का वास्तविक उद्देश्य अधूरा रह जाएगा।

आज जल प्रदूषण, नदियों के सिकुड़ते प्रवाह, भूजल स्तर में गिरावट और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे समय में छठ महापर्व का प्रकृति संरक्षण से जुड़ा संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। हमें केवल पूजा के दौरान ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष नदियों, तालाबों और जलाशयों की स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए।

छठ पूजा सामाजिक समरसता का भी अद्भुत पर्व है। इसमें अमीर-गरीब, ऊंच-नीच, जाति और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर लोग एक साथ पूजा करते हैं। घाटों पर सभी श्रद्धालु एक समान भाव से सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हैं। यहां किसी की आर्थिक स्थिति, सामाजिक प्रतिष्ठा अथवा पद का कोई विशेष महत्व नहीं होता। आस्था के सामने सभी समान होते हैं।

छठ पर्व के अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक-दूसरे की सहायता करते हैं। कोई घाट की सफाई करता है, कोई रोशनी की व्यवस्था करता है, कोई रास्तों को दुरुस्त करता है तो कोई व्रतियों के लिए पूजन सामग्री और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराता है। स्थानीय युवा, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं और प्रशासन मिलकर इस महापर्व को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं।

यही वह सामाजिक भावना है, जिसे हमें वर्षभर अपने व्यवहार में बनाए रखने की जरूरत है। छठ के दौरान दिखाई देने वाला सहयोग, सद्भाव और सेवा का भाव यदि समाज के दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाए तो अनेक सामाजिक समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो सकता है।

छठ महापर्व की सांस्कृतिक पहचान उसके पारंपरिक लोकगीतों में भी बसती है। भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका भाषाओं में गाए जाने वाले छठ गीत पीढ़ियों से इस पर्व की भावनाओं को जीवंत बनाए हुए हैं। इन गीतों में मां की ममता, परिवार की खुशहाली, संतान के कल्याण, प्रति की सुंदरता और सूर्यदेव के प्रति अटूट श्रद्धा की अभिव्यक्ति होती है। जब छठ के गीत गांवों और शहरों की गलियों में गूंजते हैं तो वातावरण भक्तिमय हो जाता है। घरों में तैयार होते प्रसाद, आंगन में सूप और दउरा की सजावट, बाजारों में फलों की खरीदारी और घाटों पर उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ बिहार की विशिष्ट सांस्कृतिक तस्वीर प्रस्तुत करती है।

बिहार से बाहर रहने वाले लाखों प्रवासी परिवार भी इस अवसर पर अपने गांव और घर लौटने का प्रयास करते हैं। जिन लोगों को छुट्टी या अन्य कारणों से घर लौटना संभव नहीं होता, वे जिस शहर में रहते हैं, वहीं सामूहिक रूप से छठ पूजा का आयोजन करते हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, सूरत, बेंगलुरु और देश के अनेक महानगरों में छठ की बढ़ती लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि यह पर्व अब क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर राष्ट्रीय सांस्तिक पहचान बन चुका है।

विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय भी छठ महापर्व को पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाते हैं। इससे बिहार की लोकसंस्कृति को वैश्विक पहचान मिल रही है।

छठ महापर्व में लाखों श्रद्धालु नदी, तालाब और जलाशयों के किनारे एकत्रित होते हैं। ऐसे में प्रशासन और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। घाटों की सफाई, पहुंच पथ की मरम्मत, पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग, गहरे पानी वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था, नाव और गोताखोरों की तैनाती, प्राथमिक चिकित्सा तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है।

विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। घाटों पर फिसलन, गहरे पानी, बिजली के खुले तार और भीड़ के दबाव जैसी स्थितियां दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। इसलिए प्रशासन को पहले से ही सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी करनी चाहिए।

छठ महापर्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं, बल्कि ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला महत्वपूर्ण अवसर भी है। इस दौरान बाजारों में केला, नारियल, गन्ना, सूप, दउरा, मिट्टी के बर्तन, फल-फूल और पूजन सामग्री की मांग बढ़ जाती है। छोटे दुकानदारों, किसानों, फल विक्रेताओं, बांस के सामान बनाने वाले कारीगरों, कुम्हारों और परिवहन से जुड़े लोगों को रोजगार मिलता है।

(लेखक पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अपूर्व कुमार की कविताओं में जीवन, मृत्यु और सत्य का दार्शनिक विमर्श : सिद्धेश्वर

पटना (दैनिक नवसंदेश) । हारे तो तेरी बिछाई बिसात पर हारे, दुश्मन की बिसात पर कब हारे हैं। अपनी आजाद गजल के इस शेर में आत्मसम्मान और जीवन-संघर्ष का स्वर मुखर है। यह कथन पाठक को अपने भीतर झाँकने और परिस्थितियों के साथ अपने संबंधों पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है।

निश्चित रूप से अपूर्व कुमार सामाजिक चेतना से संपन्न, संवेदनशील और दार्शनिक सोच रखने वाले कवि हैं। उनकी कविताओं में जीवन और मृत्यु का रहस्य, सत्य और असत्य का संघर्ष, मानवीय व्यवहार की विसंगतियाँ तथा आध्यात्मिक चिंतन एक साथ दिखाई देते हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे सामान्य विषयों को भी अपनी मौलिक कल्पना और विचारशील दृष्टि से नया अर्थ प्रदान करने का प्रयास करते हैं। अपूर्व कुमार की समकालीन कविताएँ भी अपनी सार्थकता रेखांकित करती हैं।

वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धेश्वर ने अपनी डायरी प्रस्तुत करते हुए कहा कि कम शब्दों में, लयात्मकता और काव्य-बिंबों के माध्यम से बड़ी बात कह जाना सार्थक कविता की सबसे बड़ी विशेषता मानी जाती है। किंतु आज अधिकांश



रचनाकार सपाट कविता लिख रहे हैं, जो पाठकों से दूर होती जा रही है।

भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्य यात्रा के तत्वावधान में गत सप्ताह 'अवसर कविता सप्ताह' का आयोजन किया गया। सप्ताह के समापन अवसर पर समकालीन कविता पर केंद्रित 'हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन' का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया, जिसका यूट्यूब और फेसबुक पर सीधा प्रसारण भी हुआ। सम्मेलन का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि सिद्धेश्वर ने उपर्युक्त विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपूर्व कुमार ने अपनी एक बेहतरीन कविता प्रस्तुत की, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

सिद्धेश्वर के संयोजन एवं अपूर्व कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वश्री घनश्याम कालजयी, रशीद गौरी, संतोष मालवीय, एकलव्य केसरी, अपूर्व कुमार, सिद्धेश्वर, प्रज्ञा कुमारी, सपना चंद्रा, अनीता मिश्रा सिद्धि, सपना चंद्रा, नंदकुमार मिश्र, कवि सलिक राम पटेल, डा. अनुज प्रभात, सुधा पांडेय, निर्मल कर्ण तथा धनंजय कुमार की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

इनके अतिरिक्त राजेश देशप्रेमी, लक्ष्मण माधव, बीना गुप्ता, गीता चौबे गूंज, आशा शैली, कुमार पंकेज तथा विद्या चौधरी की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

अपने अध्यक्षीय उोधन में अपूर्व कुमार ने कहा कि कविता सृजन यात्रा जैसे रचनात्मक अभियान के माध्यम से सिद्धेश्वर ने अनेक नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है, जो अत्यंत सराहनीय और अभिनंदनीय कार्य है। कविता में चेतना का होना आवश्यक है। चेतना के अभाव में कविता प्रभावहीन होकर रह जाती है। सिद्धेश्वर द्वारा की गई साहित्यिक समीक्षा की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम के अंत में डा. अनुज प्रभात ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

(प्रस्तुति : बीना गुप्ता)

श्याम मेटालिक्स ने रोशनी, कला और उत्सव के चार दिवसीय जश्न के लिए जोड़ा पूरे शहर को

प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने एक्रोपोलिस मॉल में आयोजित इस उत्सव के समापन समारोह में भाग लिया

पटना (दैनिक नवसंदेश) श्याम मेटालिक्स ने इस साल दिवाली के अवसर पर आलोकमय कोलकाता के जरिए पूरे शहर को जोड़ने का प्रयास किया है। एक्रोपोलिस मॉल में 6 से 9 नवंबर 2026 तक आयोजित इस चार दिवसीय उत्सव ने रोशनी, रंग और संस्कृति के प्रति कोलकाता के गहरे प्रेम को प्रतिबिंबित किया। इस आयोजन के जरिये रचनात्मकता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामुदायिक भागीदारी के साथ इस शहर की उत्सवधर्मिता और कलात्मक चेतना का उत्सव मनाया गया।

कोलकाता की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान का उत्सव मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल, आलोकमय कोलकाता ने इस त्योहारी मौसम को यादगार अनुभव में बदल दिया, जहां परंपरा, रचनात्मकता और नवोन्मेष का मेल हुआ है। इस उत्सव में नया आयाम जोड़ते हुए, यहां एसईएल टाइगर टीएमटी बार की मजबूती और एसईएल टाइगर रूफिंग शीट की कई किस्म की उपयोगिता को भी शामिल किया गया।

एसईएल टाइगर टीएमटी बार से बना आकर्षक रोशनी का पेड़ यहां मुख्य आकर्षण रहा, जबकि एसईएल टाइगर रूफिंग शीट का इस्तेमाल कर कोलकाता की पहचान से जुड़ी चीजें, जैसे विरासती ट्राम और पारंपरिक टैक्सी, बहुत ही रचनात्मक ढंग से तैयार की गईं।

जगमगाते तोरण-द्वारों और उत्सव की सजावट के बीच,



ये कलाकृतियां शहर की खास पहचान और श्याम मेटालिक्स के उत्पादों की इंजीनियरिंग क्षमता का बेहतरीन संगम थीं।

इस अभियान में पारंपरिक सजावट से परे सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया। हर दिन अलग-अलग रचनात्मक गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें आने वाले लोगों को उत्सव का सक्रिय हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उत्सव की शुरुआत 6 नवंबर को फूलों की रंगोली से हुई, फिर 7 नवंबर को रंगोली प्रतियोगिता और 8 नवंबर को दीया पेंटिंग का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के जरिये पारंपरिक भारतीय कला के विभिन्न रूपों का उत्सव मनाया गया। साथ ही, लोगों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने और कोलकाता की त्योहारी उत्साह में हिस्सा लेने का अवसर मिला।

इस चार दिवसीय उत्सव का समापन 9 नवंबर को भव्य समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें मशहूर अभिनेता और सांस्कृतिक हस्ती, मिथुन चक्रवर्ती विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया, उन्हें विशेष उपहार दिए गए, इस तरह यह उत्सव बेहद याार मोड़ पर संपन्न हुआ।

श्याम मेटालिक्स के मुख्य परिचालन अधिकारी, निर्मल उदय ने इस पहल के बारे में कहा, कोलकाता बस एक शहर भर नहीं, बल्कि यह यहां के लोगों, परंपराओं, रचनात्मकता और सामूहिक एकजुटता से आकार लेती जीवंत भावना है। आलोकमय कोलकाता के जरिए, हम इसी भावना का जश्न मनाना चाहते थे और एक ऐसा अनुभव पेश करना चाहते थे, जिसमें लोग सिर्फ दर्शक न रहें, बल्कि इन उत्सवों के महत्वपूर्ण अंग बनें। हमारे लिए यह देखना सुखद रहा कि हमारे 'एसईएल टाइगर टीएमटी बार' और 'एसईएल टाइगर रूफिंग शीट' ने उस शहर से प्रेरणा लेकर कलात्मक रूप पाया, जिसे हम अपना घर मानते हैं। हमारे लिए मजबूती का अर्थ केवल मजबूत उत्पादों का निर्माण करना नहीं, बल्कि लोगों और समुदायों के साथ अटूट रिश्ते जोड़ना भी है। हमने आलोकमय कोलकाता के जरिये शहर के दिवाली के त्योहार में रोशनी, खुशियों और एकजुटता की नई चमक जोड़ने का प्रयास किया।

श्याम मेटालिक्स ने आलोकमय कोलकाता के जरिये शहर की सांस्तिक विरासत, परंपराओं और जीवंत उत्सवधर्मिता का जश्न मनाते हुए कोलकाता के साथ अपना जुड़ाव प्रगाढ़ किया। यह पहल कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह अपने कारोबार से आगे बढ़कर लोगों के साथ जुड़ाव बढ़ाने और ऐसे सार्थक अनुभव पेश करने का प्रयास करती है, जो लोगों को एकजुट करें।

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में दोहरी भूमिका निभाने के बारे में मुस्कान बामने कहती हैं, शॉन और शनाया के बीच स्विच करना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण होता था

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपने दिलचस्प पारिवारिक ड्रामा, अप्रत्याशित खुलासों और बदलते रिश्तों के साथ दर्शकों को लगातार बांधे हुए है। शो में जल्द ही एक भावनात्मक मोड़ आने वाला है, जब बापोद्रा (जयेश भारभाया) को आखिरकार पता चलता है कि शनाया (मुस्कान बामने) दरअसल शॉन है।

यह खुलासा उसी दिन होता है, जब बापोद्रा को विधायक का टिकट मिलता है और टाइगर (मुकुल हरीश) उन्हें शनाया की असली पहचान बताने का फैसला करता है। जहां टाइगर को शनाया और उसके अब तक के सफर पर गर्व है, वहीं इस खुलासे से बापोद्रा हैरान और आहत हो जाते हैं। इस सच्चाई को स्वीकार न कर पाने के कारण बापोद्रा फैसला करते हैं कि अब वह विधायक का टिकट नहीं लेना चाहते।

जैसे ही शनाया अपनी बात समझाने और बापोद्रा को मनाने की कोशिश करती है, हालात तब और तनावपूर्ण हो जाते हैं जब वह बिना उसकी अनुमति के उसकी पहचान उजागर करने के लिए टाइगर का सामना करती है। हालांकि वह समझती है कि टाइगर की मंशा अच्छी रही होगी,



लेकिन वह इस बात से आहत है कि उसने उसके लिए इतना महत्वपूर्ण फैसला बिना यह सोचे ले लिया कि इसका उस पर और बापोद्रा के साथ उसके रिश्ते पर क्या असर पड़ेगा।

दूसरी ओर, बापोद्रा इस सच्चाई को स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं और विधायक का टिकट छोड़ने का फैसला कर लेते हैं। ऐसे में शनाया खुद को एक मुश्किल स्थिति में पाती है, जहां एक तरफ वह चाहती है कि बापोद्रा उसके फैसलों को समझें और दूसरी तरफ वह उन्हें और दुख नहीं पहुंचाना चाहती। वह यहां तक सोचने लगती है कि शायद उसे चल छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि उसे लगता है कि उसकी गैरमौजूदगी से बापोद्रा के लिए हालात आसान हो सकते हैं। हालांकि, यह फैसला शनाया के लिए एक और भावनात्मक चुनौती लेकर आ सकता है, क्योंकि वह हमेशा से इस चल को अपना घर मानती आई है।

क्या शनाया बापोद्रा के साथ रिश्ते सुधारने के लिए चल छोड़ देगी।

आगामी ट्रैक के बारे में बात करते हुए मुस्कान बामने ने कहा, शॉन और शनाया का किरदार निभाने में मुझे बहुत मजा आया और अब जबकि सभी को पता चल गया है कि शॉन ही शनाया है, मुझे निश्चित रूप से शॉन का किरदार निभाना याद आएगा।

दोनों किरदारों की शख्सियत, बॉडी लैंग्वेज और खुद को अभिव्यक्त करने का तरीका एक-दूसरे से बिल्कुल अलग था और हर किरदार के लिए तैयार होना अपने आप में एक अनूठा अनुभव था।

शूटिंग के दौरान इन दोनों किरदारों के बीच स्विच करना कई बार चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसी वजह से यह अनुभव और भी रोमांचक बन गया।

मुझे इन दोनों किरदारों के अलग-अलग पहलुओं को समझने और उनकी भिन्नताओं को पर्दे पर उभारने में वास्तव में बहुत आनंद आया।

देखिए पुष्पा इम्पॉसिबल,
सोमवार से शनिवार रात 9 : 30 बजे,
सिर्फ सोनी सब पर।

'कविवर सत्यनारायण सम्मान' निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव को , 'दूसरी आवाज' का लोकार्पण

पटना (दैनिक नवसंदेश) । राँची के वरिष्ठ साहित्यकार निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव को साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'कविवर सत्यनारायण सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। बिहार राज्यगीत के रचयिता कविवर सत्यनारायण की स्मृति में प्रदान किया जाने वाला यह विशेष सम्मान पटना में मंगलवार को चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान की ओर से आयोजित समारोह में नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने प्रदान किया।



इस अवसर पर हिमकर श्याम द्वारा संपादित साहित्यिक पत्रिका 'दूसरी आवाज' का भी लोकार्पण किया गया।

समारोह में समाज, साहित्य और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 53 कलमजीवियों को भी सम्मानित किया गया। सांसद रविशंकर प्रसाद, विधान पार्षद डा. संजय मयूख सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डा. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन संस्था के प्रधान महासचिव कमल नयन श्रीवास्तव और राजेश राज ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

सांसद खेल महोत्सव में 1043 पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

हरीश द्विवेदी ने कहा- खिलाड़ियों का सम्मान उनके वर्षो के परिश्रम, संघर्ष और समर्पण का सम्मान

मोतिहारी (एनएसबी)। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, राजाबाजार में बुधवार को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले पूर्वी चंपारण के कुल 1043 खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के 643 पदक विजेता तथा प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने वाले 400 खिलाड़ी शामिल थे। एक ही मंच पर इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का सम्मान जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही।मुख्य अतिथि हरीश द्विवेदी ने कहा कि खिलाड़ियों का सम्मान उनके वर्षो के परिश्रम, संघर्ष और समर्पण का सम्मान है। एक समय था जब ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत को एक-दो पदक मिलने पर पूरे देश में उत्सव मनाया जाता था, लेकिन आज भारतीय खिलाड़ी बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्मानित 1043 खिलाड़ियों में से अनेक भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतेंगे। उन्होंने आयोजन के लिए सांसद राधामोहन सिंह की सराहना करते हुए सभी



सांसद राधामोहन सिंह ने ओलंपिक में पदक जीतने का लक्ष्य रखने का किया आह्वान।

खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा पहचानने, उनके संघर्ष को सम्मान देने और समाज में खेल संस्ति को मजबूत करने का अभियान है। मोतिहारी में चार सितंबर को तलवारबाजी प्रतियोगिता के साथ इसकी शुरुआत हुई थी। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि चंपारण की धरती प्रतिभाओं और ऐतिहासिक गौरव की धरती है। यहां के युवाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की पूरी क्षमता है। खिलाड़ियों के लिए यह सम्मान मंजिल नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की नई शुरुआत है। उन्हें ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य रखना चाहिएस उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के प्रति सोच बदली है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम जैसी योजनाओं से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री का संदेश श्जो जितना खेलेगा, वो उतना खिलेगाश युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है। खेल से पदक के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली का भी विकास होता हैस सांसद ने बिहार में खेल सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए राजगीर खेल अकादमी, बिहार खेल विश्वविद्यालय, एकलव्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, पंचायत स्तर पर खेल मैदानों के निर्माण और श्मेडल लाओ, नौकरी पाओश जैसी पहलों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। विशेष रूप से बेटियों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास, अनुशासन और बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

समारोह में बिहार मछुआ आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, पूर्व मंत्री सह हरसिद्धि विधायक ष्णनंदन पासवान, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, कल्याणपुर विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक सुनीलमणि तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, मोतिहारी के उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, बिहार अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहिबुल हक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश प्रसाद सिंह, रिकू पाठक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा खेल जगत से जुड़े पदाधिकारी, प्रशिक्षक, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि, खिलाड़ी, अभिभावक और खेलप्रेमियों ने भी भाग लिया।समारोह के अंत में आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले आयोजकों, खेल प्रशिक्षकों, निर्णायकों, खेल संघों, जिला प्रशासन, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

संक्षिप्त खबरें

नृत्य, नाटक व क्विज के जरिए दिया जागरूकता का संदेश

गोगरी (एनएसबी)। काली पूजा के अवसर पर मां कालिका नवयुवक ग्रुप की ओर से राधा रानी सेवा शिविर के बैनर तले ब्राह्मण टोला गोगरी में बच्चों के सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ समाज को जागरूकता का संदेश भी दिया। जि प्रतियोगिता, नृत्य, नाटक एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, रक्तदान और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।जि प्रतियोगिता में न्यू मडर्न एकेडमी के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सक्सेस प्वाइंट दीपक कोचिंग की छात्रा द्वितीय तथा डन बस्को की छात्रा तृतीय स्थान पर रही। वहीं,न्यू मडर्न एकेडमी, डन बस्को एवं सक्सेस पइंट दीपक कोचिंग के कई छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छोटी बच्ची एंजेल के डांस को सराहा गया।गोगरी ब्राह्मण टोला की तनवी ने नशा मुक्ति विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सात वर्षीय पलक मिश्रा ने रक्तदान के महत्व एवं यातायात नियमों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। आयुष कुमार मिश्रा ने शराब के सेवन से होने वाले नुकसान पर आधारित नाटक में शानदार अभिनय किया, जिसके लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका नागेश्वर बृजवासिनी के शिक्षक आशीष कुमार, कोकरहा अलौली मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव कुमार तथा सेवानिवृत्त शिक्षक योगेंद्र चौधरी ने निभाई।कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक विकास चंद्र मिश्रा, ड़ सुनील कुमार मिश्रा, संजय भगत, योगेंद्र चौधरी, शिक्षक गौरव कुमार, आशीष कुमार एवं तरुण कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में बिट्टू मिश्रा, अनूप मिश्रा, ऋचा मिश्रा, निर्भय मंडल, आशीष पाण्डेय, विवेक यादव एवं मिथुन मंडल सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बच्चों की प्रतिभा और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी प्रस्तुतियों की सराहना की। साथ ही आयोजकों से भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

संक्षिप्त खबरें

तुरकौलिया में 39 छठ घाटों पर तैयारी शुरू, संवेदनशील घाटों की सुरक्षा के लिए बनेगी विशेष रणनीति

तुरकौलिया(एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर प्रशासन ने घाटों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। प्रखंड के 39 घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें छह घाटों को संवेदनशील मानते हुए विशेष निगरानी की योजना बनाई गई है। प्रशासन का फोकस गहरे पानी वाले घाटों पर है, जहां बैरिकेडिंग के साथ नाव और गोताखोरों की व्यवस्था रहेगी। सदर एसडीओ अरुण कुमार ने तुरकौलिया के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीओ प्रभात कुमार ने बताया कि पूजा से पहले सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

गोधन कूट बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र की मांगी दुआ

पीपराकोठी(एनएसबी)। भाई-बहन के अटूट प्रेम औरे ह का पर्व भैया दूज बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने गोधन कूटने की सदियों पुरानी परंपरा निभाई और अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना कीस पर्व को लेकर सुबह से ही गांवों में चहल-पहल रही। महिलाओं ने घरों के आंगन में गोबर से गोधन की आतियां बनाई। इसके बाद पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर गोधन कूटने की रस्म निभाई। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से पारंपरिक लोकगीत गाए।लोकपरंपरा के अनुसार, गोधन कूटने के दौरान महिलाएं प्रतीकात्मक रूप से भाइयों को श्राप देती हैं और बाद में अपनी जीभ पर कांटा चुभाकर प्रायश्चित करती हैं। इसके बाद भाइयों के दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करती हैंस ग्रामीण मान्यताओं के अनुसार, इस रस्म के पीछे भाइयों को अनिष्ट और संकट से बचाने की कामना जुड़ी है। आधुनिक दौर में भी महिलाओं ने अपनी लोकसंस्ति और परंपराओं को जीवंत रखते हुए पूरे उत्साह से पर्व मनाया।

छठ घाट पोखर में मगरमच्छ दिखने से हड़कंप, एक सप्ताह से सूचना के बाद भी नही पहुचा वन विभाग

अरेराज(एसएनबी)। मुड़ा पंचायत के ससावला छठ घाट पोखर में मगरमच्छ दिखने से छठ वतियों सहित आमलोगों में हड़कंप .एक सप्ताह से सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम नही पहुचने से आमलोगों में आक्रोशग्रामीण रवीं प्रकाश,नित्यानंद सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह से पोखर में मगरमछ को तैरते देखा जा रहा हैग्रामीणों द्वारा कई बार वन विभाग को सूचना दिया गयाउसके बाद भी वन विभाग की टीम नही पहुच स्कीपंचायत मुखिया राजेन्द्र बैठा ने बताया कि



पंचायत तीन वार्ड के सैकड़ो छठ वती इस छठ घाट पर वत करते हैग्रामीणों के सूचना पर वन विभाग को कई बार सूचना दिया गया हैबीडीओ आदित्य नरायन दीक्षित ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग को सूचना दिया गया हैज़ल्द ही रेक्यु किया जाएगा।

पुलिसकर्मियों, चौकीदारों और गृह रक्षकों को दिया गया आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन का प्रशिक्षण

मोतिहारी (एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर बुधवार को पुलिस लाइन, मोतिहारी के प्रांगण में बिहार पुलिस के जवानों, चौकीदारों एवं गृह रक्षकों के लिए आपदा प्रबंधन एवं अगि सुरक्षा को लेकर मकड़िल सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से एसडीआरएफ एवं अगिशमन विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न आपदाओं के दौरान बचाव, राहत एवं त्वरित प्रतिक्रिया के तरीके बताए गए।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता बेहद जरूरी है। किसी भी आपात स्थिति में



पुलिसकर्मी, चौकीदार एवं गृह रक्षक सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी होनी चाहिए। प्रशिक्षित कर्मी न केवल खुद को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि समय पर सही कदम उठाकर दूसरों की जान भी बचा सकते हैं।प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ की टीम ने बाढ़, डूबने, भूकंप एवं सर्पदंश जैसी आपदाओं से बचाव के उपायों का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। साथ ही आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और राहत कार्य संचालित करने के तरीके बताए गए। वहीं अगिशमन विभाग के अधिकारियों ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों, अगिशमन उपकरणों के उपयोग और आग पर काबू पाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कियास कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन के प्रभारी पदाधिकारी, डीएसपी लाइन, एसडीआरएफ इंस्पेक्टर, अनुमंडलीय अगिशमन पदाधिकारी, मोतिहारी तथा जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (डीईओसी) के प्रोग्रामर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

जरूरतमंद छठ वतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण करेगी युवा सहायता समिति

13 नवंबर को श्रीराम-जानकी मंदिर परिसर में होगा कार्यक्रम रात आठ बजे से धार्मिक एवं सांस्तिक झांकी की होगी प्रस्तुति

फेनहारा(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वतियों की मदद के लिए युवा सहायता समिति ने विशेष पहल की है। समिति की ओर से 13 नवंबर, शुक्रवार को गरीब एवं असहाय छठ वतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इब्राहिमपुर परसौनी (नवघटी), फेनहारा थाना क्षेत्र स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर परिसर एवं समिति कार्यालय में होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10 बजे से जरूरतमंद वतियों के बीच छठ पूजा की सामग्री वितरित की जाएगी। वहीं, शाम आठ बजे से धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें महिला एवं पुरुष कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को छठ महापर्व के अवसर पर सहयोग पहुंचाना और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। समिति ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

मॉकड्रिल के माध्यम से बाढ़, भूकंप, सर्पदंश और आग से बचाव के बताए तरीके

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर बुधवार को पुलिस लाइन, मोतिहारी के प्रांगण में आपदा प्रबंधन एवं फायर सेफ्टी को लेकर मकड़िल-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से एसडीआरएफ एवं अगिशमन विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार पुलिस के जवानों, चौकीदारों और गृह रक्षकों को आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी गईस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। किसी भी आपात स्थिति में पुलिसकर्मी, चौकीदार और गृह रक्षक सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचने वालों में होते हैं। ऐसे में उन्हें आपदा प्रबंधन की पूरी जानकारी होनी चाहिए। प्रशिक्षित रहने से वे न केवल खुद को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि दूसरों की जान बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कायस्थ समाज की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएं : डॉ. हेना चंद्रा

चित्रगुप्त महाराज महोत्सव में छह विभूतियों को मिला 'चित्रगुप्त रत्न' सम्मान

मानसपुरी आजादनगर में भव्य आयोजन, जागरण और आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मोहा मन

मोतिहारी (एनएसबी)। भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना और सामाजिक एकजुटता के संदेश के साथ मानसपुरी आजादनगर में चित्रगुप्त महाराज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में उत्ष्ट योगदान देने वाली छह विभूतियों को 'चित्रगुप्त रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में न्यायाधीश ऋषभ रंजन, ड़ आशीष श्रीवास्तव, ड़ अदिति सिन्हा, रोहित कुमार और शिवहर के अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव सहित छह गणमान्य लोग शामिल रहे। सम्मान समारोह में महिला रोग विशेषज्ञ ड़ हेना चंद्रा ने विभूतियों को सम्मानित किया।इस अवसर पर ड़ हेना चंद्रा ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त महाराज न्याय, ज्ञान, विवेक और कर्म के प्रतीक हैं। उनके आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनकी सच्ची आराधना है। कायस्थ समाज की पहचान शिक्षा, संस्कार, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक योगदान से रही है। आज आवश्यकता है कि समाज अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करे। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और आपसी सहयोग से ही सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।महोत्सव के दौरान आयोजित जागरण में भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं, भगवान चित्रगुप्त और अन्य देवी-देवताओं से जुड़ी आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।कार्यक्रम में ड़ चंद्र सुभाष, कार्यक्रम संयोजक सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार वर्मा और संजय श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सह समाजसेवी राजू वर्मा ने किया।



डाक अधीक्षक समेत तीन पोस्टल कर्मियों को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

50 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप, क्लर्क के माध्यम से डाक सहायक से मांगी गई थी रकम

मोतिहारी(एनएसबी)। सुगौली में 12 नवंबर को प्रस्तावित चीफ पोस्टमास्टर जनरल के कार्यक्रम की तैयारियों के बीच बुधवार को डाक विभाग में सीबीआई की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम ने मोतिहारी स्थित डाक अधीक्षक कार्यालय में छापेमारी कर डाक अधीक्षक एसएस सुमन समेत तीन पोस्टल कर्मियों को गिरफ्तार किया है। इन पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेने और इस मामले में मध्यस्थता करने का आरोप है। गिरफ्तार अन्य कर्मियों में क्लर्क अभिषेक सहित एक अन्य पोस्टल कर्मी शामिल हैंस जानकारी के अनुसार, मालाही उप डाकघर में पदस्थापित डाक सहायक राहुल झा का स्थानांतरण दरभंगा हो गया था। आरोप है कि उन्हें कार्यमुक्त करने के एवज में डाक अधीक्षक की ओर से क्लर्क के माध्यम से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। इसकी शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने



कार्यालय में दिनभर चली सीबीआई की कार्रवाई।

मामले की जांच शुरू की। आरोपों की पुष्टि के बाद टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई।बताया जाता है कि सीबीआई की टीम बुधवार सुबह से ही डाक अधीक्षक कार्यालय के आसपास सक्रिय थी। सबसे पहले क्लर्क अभिषेक को अपने कब्जे में लिया गया। इसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे उसे डाक अधीक्षक के कक्ष में भेजा गया। आरोप है कि रिश्वत की रकम के लेन-देन के दौरान सीबीआई की टीम ने डाक अधीक्षक एसएस सुमन को उनके कक्ष से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एक अन्य पोस्टल कर्मी को भी हिरासत में लेकर तीनों को अपने साथ ले गई।

ममरखा शाखा डाकघर में गबन का भी मामला

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे प्रकरण का संबंध मालाही उप डाकघर के अंतर्गत ममरखा शाखा डाकघर में हुए 8 लाख 20 हजार रुपये के कथित गबन से भी जुड़ा है। बताया जाता है कि इस मामले में राहुल झा की जिम्मेदारी रिपोर्ट करने की थी। आरोप है कि रिपोर्ट नहीं किए जाने को लेकर उनके स्थानांतरण के बाद भी उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा था। इसी बीच रिश्वत की मांग का मामला सामने आया।सीबीआई की इस कार्रवाई से डाक विभाग में अफरातफरी का माहौल रहा। खास बात यह है कि गुरुवार को सुगौली में बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल का कार्यक्रम प्रस्तावित है और विभागीय अधिकारी इसकी तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच हुई कार्रवाई से पूरे विभाग में चर्चा तेज हो गई। हालांकि, मामले में सीबीआई की ओर से आधिकारिक विस्तृत बयान मिलने के बाद ही गिरफ्तारी और आरोपों से संबंधित सभी तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी।

छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत परबत्ता अलर्ट

साफ-सफाई को दुरुस्त करने का दिया गया निर्देश

परबत्ता (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत परबत्ता प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ-सफाई, स्वच्छता, पहुंच पथ एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा गया। इस दौरान जिन छठ घाटों पर जिस तरह की आवश्यकता महसूस की गई, उसके अनुरूप कार्यपालक पदाधिकारी एवं स्वच्छता पदाधिकारी को संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया तथा आवश्यक कार्रवाई कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कहा गया।छठ महापर्व बिहार की लोक आस्था, परंपरा और संस्ति का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।नगर पंचायत प्रशासन का प्रयास है कि छठ पूजा से पूर्व सभी घाटों पर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि वतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर घाटों की स्थिति के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की पहल की जा रही है।निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद आदित्य कुमार, वार्ड पार्षद ताहा सबुक्तगीन, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सोनू कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि श्रद्धालु स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण में पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ छठ पूजा संपन्न कर सकें।

छठवतियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि: बबलू मंडल

खगड़िया (एनएसबी)। लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से सदर विधायक सह जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने बुधवार को शहर से सटे बूढ़ी गंडक नदी के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों की भौगोलिक स्थिति, जलस्तर तथा वतियों के आवागमन से जुड़ी सुविधाओं का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से पर्व की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि छठवतियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यकता के



निरीक्षण करते विधायक व अन्य।

अनुरूप प्रशासनिक स्तर पर जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, पहुंच पथ, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई। विधायक बबलू कुमार मंडल ने श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि छठ महापर्व आस्था, अनुशासन और पवित्रता का प्रतीक है। पर्व की खुशियां तभी सार्थक होंगी, जब प्रत्येक वती और श्रद्धालु सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गो से सावधानी बरतने तथा गहरे पानी में नहीं जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलस्तर और घाटों की स्थिति को देखते हुए सभी लोग निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही अर्घ्य अर्पित करें तथा प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत, नगर सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा, वार्ड पार्षद चन्द्रशेखर कुमार, पप्पू यादव, गुग्गू यादव, जदयू नेता सिद्धांत सिंह छोटू, मोहम्मद नसीम, मनीष कुमार एवं पिंकू कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सोनवर्षाराज थाना में लंबित कांडों की डीएसपी ने की गहन समीक्षा, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी का निर्देश


समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक सहरसा के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक ने सोनवर्षाराज थाना में लंबित कांडों की गहन समीक्षा की। इस दौरान अनुसंधान की प्रगति, कांडों की अद्यतन स्थिति एवं निष्पादन की बारी-बारी से जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने, फरार एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही सभी कांडों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने पर जोर दिया गया। मौके पर थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पुअनि सुमन कुमार सुमन, पुअनि ज्योति कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

श्रीगणेश माता लक्ष्मी और मां काली के पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन का दौर जारी, पहाड़पुर बाजार में भव्य मैया जागरण का हुआ आयोजन


विसर्जन को लेकर जाती मां काली की प्रतिमा।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न जगहों में दिपावली व काली पुजा के विधि विधान व शांतिपूर्ण तरिके से सम्पन्न होने के बाद मंगलवार की रात से लक्ष्मी श्रीगणेश व माता काली की प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारम्भ हो गया है। सोनवर्षा स्थित महाराज हरिवल्लभ नारायण के ठाकुरबाडी में बीते 4 वर्ष पुर्व चिंटु कुमार सिंह, आदित्य, सुनील, गौतम, सुजीत समैत अन्य नवयुवकों द्वारा लक्ष्मी श्रीगणेश व माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पुजा अर्चना प्रारंभ किया गया था। समय गुजरने के साथ उसका स्वरुप भव्य होता गया। वहीं दुर्गा मंदिर में वर्षों से माता काली की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान से माता की पुजा की पुजा अर्चना की जाती रही है। मंगलवार की रात लक्ष्मी श्री गणेश व माता काली की प्रतिमाओं का स्थानीय तिलाबें नदी में विसर्जित किया गया। प्रतिमाओं के साथ सैकडों पुरूषों द्वारा माता काली व लक्ष्मी का जयघोष तथा पीछे पीछे महिलाओं द्वारा समदन गाते हुए अश्रुपूर्ण नयनों से माता लक्ष्मी व काली को विदाई दिया गया। वही दुसरी सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र के पहाड़पुर बाजार में भी काली पुजा के विधि विधान व शांतिपूर्ण तरिके से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मंगलवार की रात भव्य मैया जागरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही बुधवार को पोखर में विसर्जित किया गया।

विराटपुर अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल, समय से पहले लटक जाता है ताला, इलाज के लिए भटक रहे मरीज



बंद पड़ा विराटपुर एपीएचसी।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था इन दिनों बदहाल है। स्वास्थ्य केंद्र के खुलने और बंद होने का कोई निर्धारित समय नहीं रहने से मरीजों को बिना इलाज कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरतमंद मरीजों को इलाज के लिए निजी चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार दोपहर एपीएचसी पहुंचे कई मरीजों ने बताया कि दोपहर दो बजे से पहले ही स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका हुआ था। वहीं, बुधवार सुबह करीब 10 बजे पहुंचने पर भी केंद्र बंद मिला। लगभग 11 बजे एक एएनएम के पहुंचने के बाद स्वास्थ्य केंद्र का ताला खोला गया। बताया जाता है कि डाटा ऑपरेटर के स्थानांतरण के बाद यहां महज चिकित्सक डॉ. रमण और एक एएनएम पदस्थापित हैं। मौके पर मौजूद ग्राम कचहरी की उपसरपंच मिथिलेश सिंह ने बताया कि एएनएम के अनुसार पदस्थापित चिकित्सक नियमित रूप से केंद्र नहीं आते हैं। वहीं, चर्म रोग से संबंधित दवा मांगने पर एएनएम ने दवा उपलब्ध नहीं होने की बात कहते हुए सीएचसी प्रभारी से संपर्क करने को कहा। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. लक्ष्मण ने बताया कि बुधवार को भैया दूज के कारण छुट्टी है। गुरुवार से स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

जरूरतमंद व्रतियों के बीच 4000 से अधिक नारियल वितरित


बंद पड़ा विराटपुर एपीएचसी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। छठ महापर्व के अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी की जिला उपाध्यक्ष एवं सहरसा, सुपौल व मधेपुरा क्षेत्र की किन्नर गुरु पल्लवी ने बुधवार को नगर निगम के वार्ड संख्या 23 स्थित काली मंदिर परिसर में दलित, गरीब एवं जरूरतमंद व्रतियों के बीच 4000 से अधिक नारियल वितरित किए। उन्होंने बताया कि बैजनाथपुर मुसहरी, बरगरिया और पासवान टोला सहित विभिन्न मोहल्लों में सहयोगियों के साथ यह वितरण किया गया। मौके पर रौशन सिंह, राहुल सादा, फूलचंद कुमार, बालो पासवान और मुसो सादा सहित अन्य मौजूद रहे।

आजाद युवा विचार मंच द्वारा नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित


कार्यक्रम में शामिल मंच के कार्यकर्ता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। आजाद युवा विचार मंच के द्वारा नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बड़गांव में जन जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।मंच के सोनवर्षा प्रखंड संरक्षक मंडल सदस्य शालीग्राम मिश्रा उर्फ शालो मिश्रा के अध्यक्षता, राजेश रंजन के संचालन एवं पप्पू झा के संयोजन में आयोजित इस नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम में बनगांव के निवर्तमान मुखिया एवं मंच द्वारा संचालित जागरूकता अभियान के प्रभारी धनंजय झा उर्फ भगवान जी, जागरुकता अभियान समिति के सदस्य सह संरक्षक निवर्तमान वार्ड पार्षद मिथिलेश झा, जागरुकता अभियान समिति के सदस्य सह मंच के अध्यक्ष अशोक झा लाल, जागरुकता अभियान समिति के सदस्य अधिवक्ता सुर्य प्रकाश झा, जागरुकता अभियान में अपना योगदान दे रहे शिक्षक शैलेश कुमार झा, आलोक कश्यप, बमबम मिश्रा, सहरसा आए हुए मंच के दिल्ली प्रभारी राजेश कुमार, मंच के नोनैती ईकाई अध्यक्ष निखिल कुमार, मंच के सदस्य सह शिक्षाविद बलिया निवासी सुनील झा, सरपंच साहेब अरुण कुमार झा ने नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा को लेकर उपस्थित समस्त ग्रामीणों से आगे आने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि आज नशा हमारे समाज में एक लाईलाज बिमारी के तरह अपना पैर पसार रहा है। खासकरके समाज के नये पीढ़ी इसके जद में आते जा रहे हैं जिस कारण जहां एक ओर अप्रत्याशित रूप से अपराधिक घटनाएं, सड़क दुघर्टनाएं एवं परिवारिक और सामाजिक हिंसाओं में वृद्धि होती जा रही है। वहीं दुसरी तरफ लोग शिक्षा और संस्कृति से अलग होते जा रहे हैं।अगर आज समय रहते संगठित होकर इस नशा रुपी बिमारी का इलाज नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हमारी कयी पीढीयां बर्बाद होगी और इसके जिम्मेदार हम-सभी होंगे। वक्ताओं ने ग्रामीणों से खुद को और अपने बच्चों को इस नशा रुपी बिमारी से अलग करने का आह्वान करते हुए नशा मुक्ति अभियान का हिस्सा बन ग्रामीण स्तर पर नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा अभियान को व्यापक रूप से चलाने का अनुरोध किया।

सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद गांव पहुंचा शव, परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। देहद पंचायत के मों मंसूर के 16 वर्षीय पुत्र मों आफताब का मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से पूरे गांव में मातम छा गई।

बुधवार को मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद मो. आफताब आलम के शव के देहद पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं शव पहुंचने की सुचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग मृतक के घर पहुंच गए।इस दौरान परिजनों की चीत्कार से मौजूद लोगों की भी आंखे भर जाती थी। घटना के बाबत मृतक के पिता मो. मंसूर ने बताया कि उनका छोटा पुत्र मो. आफताब आलम अपने ममेरे भाई के शादी समारोह में शामिल होने अपने ननिहाल उदाकिशुनगंज गया हुआ था। मंगलवार की रात मेला देखने की बात कहकर वह अपने दो ममेरे भाईयों के साथ बाइक से निकला था। इसी दौरान सरौनी-बेलाही के समीप एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था।


मृतक आफताब।

सड़क हादसे में महिला की मौत के बाद शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। काशनगर पंचायत के सिमरिया गांव निवासी 45 वर्षीय महिला की बुधवार सुबह खगड़िया जिले के महेशखूंट में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। वहीं, बुधवार शाम पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, सिमरिया गांव निवासी गुन्नी सादा की पत्नी तुला देवी बुधवार अहले सुबह अपने बेटे के साथ बाइक से छठ पर्व को लेकर गंगा स्नान करने अगुवानी जा रही थीं। इसी दौरान खगड़िया जिले के चैथम थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशखूंट के समीप उनकी बाइक को एक ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में तुला देवी और उनका पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल खगड़िया पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान तुला देवी ने दम तोड़ दिया। जबकि उनके पुत्र की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक आफताब।

कोशी क्षेत्र में 10 नई डायलिसिस मशीनों का संचालन शुरू

अब कुल 14 मशीनों से मिलेगी सुविधा


डायलिसिस मशीनों का उद्घाटन करते अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। श्री नारायण फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कोशी क्षेत्र के मरीजों के लिए एक साथ 10 नई डायलिसिस मशीनों का संचालन का उद्घाटन जिला पदाधिकारी दिपेश कुमार के द्वारा बुधवार को किया गया। इस अवसर पर श्री नारायण फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक रविंद्र कुमार सिंह, संस्थान के मैनेजर, ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी श्रीमती कामेश्वरी कुमारी, निदेशक रोहित राठौड़, एफएक्सबी इंडिया सुरक्षा के सीईओ सत्य प्रकाश एवं एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड मंजीत झा, सहरसा ब्रांच मैनेजर आलोक कुमार मौजूद रहे। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने इस डायलिसिस केन्द्र के प्रारंभ होने से प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने कहा सहरसा मे स्वास्थ्य सुविधा में काफी बढ़ोतरी हुई है।

कोसीवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वही साफ-सफाई का भी उचित प्रबंध किए गए है।सदर अस्पताल में भी पांच डायलिसिस यूनिट स्थापित किया गया है। श्री नारायण मेडिकल कॉलेज में इन 10 नई डायलिसिस मशीनों की स्थापना एचडीएफसी बैंक सीएसआर फंड के अंतर्गत एफएक्सबी इंडिया सुरक्षा के माध्यम से की गई है। इस अवसर पर एफएक्सबी इंडिया के सीईओ सत्य प्रकाश,एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड मंजीत झा एवं सहरसा ब्रांच मैनेजर आलोक कुमार भी मौजूद रहे। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से कोशी क्षेत्र में किडनी से जुड़े मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जो अत्यंत गंभीर समस्या है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक साथ 10 नई डायलिसिस मशीनों का संचालन आज से प्रारंभ किया गया है आईचडीफसी बैंक और फक्सबी इंडिया का यह कार्यक्रम पूरे भारत में पांच स्थानों पर लागू किया जा रहा है। इन पांच स्थानों में सहरसा स्थित श्री नारायण मेडिकल इंस्टीट्यूट का शामिल होना पूरे कोशी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि पहले संस्थान में केवल चार डायलिसिस मशीनें कार्यरत थीं, जिन पर मरीजों का अत्यधिक दबाव था। अब पहले से कार्यरत चार मशीनों और 10 नई मशीनों को मिलाकर डायलिसिस विभाग में कुल 14 मशीनें हो गई हैं। इससे एक साथ 14 मरीजों का डायलिसिस हो सकेगा और मरीजों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध होगी।

शिक्षा के दीपक की प्रतिमा का सांसद ने किया भव्य अनावरण

भावुक हुआ पूरा गाँव, जलाकर अपना दीपक, रोशन किया जहान, शिक्षक ही वो सूरज है, जिससे रोशन हर इंसान

सहरसा शहर (एनएसबी)। बुधवार को ग्राम मैना की मिट्टी एक बार फिर अपने लाल के नाम पर गर्व से महक उठी। शिक्षा, सेवा और संस्कार के प्रतीक स्वर्गीय परमानंद सिंह 1941-2017 की प्रतिमा का अनावरण समारोह बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और भावुकता के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद उपेंद्र कुशवाहा, दिनेश चंद्र यादव, छातापुर विधायक नीरज कुमार बबलू, सिमरीबख्तियारपुर विधायक संजय सिंह, विधायक सह सचेतक रामविलास कामत उपस्थित रहे। समारोह का स्वागत भाषण उनके पुत्र प्राणेश कुमार, क्षेत्र महाप्रबंधक, इंडियन बैंक, मुंबई ने दिया। अपने पिता को याद करते हुए उनकी वाणी में गर्व भी था और आँखों में नमी भी। उन्होंने कहा पिताजी ने हमें सिर्फ पढ़ना नहीं सिखाया, जीना सिखाया। पुष्पांजलि के बाद जब मुख्य अतिथियों ने प्रतिमा से पर्दा हटाया, तो पूरा पंडाल ह्रपरमानंद सिंह जी अमर रहें के नारों से गूँज उठा। कई बुजुर्गों की आँखें भर आईं, कई पुराने शिष्यों ने अपने गुरु को नमन किया। परमानंद सिंह जी का जन्म ग्राम मैना में पिता स्व. राम उद्गार सिंह और माता स्व. गया देवी के आँगन में हुआ। बड़े भ्राता अनंत प्रसाद सिंह ने उन्हें जीवन के प्रारंभिक संस्कार और मूल्यों की शिक्षा दी। वही संस्कार जो आगे चलकर उनकी पहचान बने। उन्होंने शिक्षक जीवन मध्य विद्यालय मैना से प्रारंभ किया। मध्य विद्यालय पस्तवार, मरौना, बघ्वा, सिमरा में सेवा देते हुए वे गाँव-गाँव शिक्षा का दिया जलाते रहे और अंत में कन्या मध्य विद्यालय से प्रधानाध्यापक के पद से वर्ष 2001 में सेवा निवृत्त हुए।


अनावरण करते सांसद द्वय, विधायक द्वय व अन्य।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा उनके लिए शिक्षक होना नौकरी नहीं, साधना थी। वे कहते थे बच्चा पढ़ेगा, तभी गाँव बढ़ेगा। वक्ताओं ने उनके नाम पर स्कूल खोलने का सुझाव भी दिया और इस दिशा में सरकारी स्तर पर सहयोग का आश्वासन भी दिया। सांसद द्वय ने हर घर में शिक्षा का दिया जलाने की सार्थक अपील की ताकि परमानंद सिंह जी का सपना हर आँगन तक पहुँचे। इस अवसर पर आपदा प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने भी सम विचार रखे। समारोह में नवल किशोर सिंह, अमृतराज, शमीम अख्तर, ओमप्रकाश नारायण, चंदन बागची, अंगद कुशवाहा, प्रियंका झा, नुनू मणि सिंह, रेवती रमन सिंह, विनय यादव, अर्जुन चैधरी, उमेश दहलान, अजय कुमार सिंह, सियाराम सिंह, रजनीश रंजन, त्रिभुवन सिंह, अभिजीत आनंद, अमित सिंह, प्रो नवनीत सिंह, अजय कुमार सिंह बबलू, अरबिंद सिंह, डॉ जयंत आशीष, पवन केडिया, मोहन सिंह की मौजूदगी भी थी। इस अवसर पर उनके पुत्र एवं भतीजे राजेश कुमार सिंह बेसिक शिक्षा अधिकारी, नवीन कुमार सिंह आईएएस निदेशक, पंचायती राज, मुकेश कुमार अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, हैदराबाद, प्राणेश कुमार क्षेत्र महाप्रबंधक, इंडियन बैंक, मुंबई, प्रवीण, ब्रजेश, अमितह्व और प्राची, अनुष्का, पार्थ, हर्ष, राज भी मौजूद थे। पूरा परिवार एक साथ अपने पूर्वज को नमन कर रहा था। अंत में किशोर कुमार मुन्ना पूर्व विधायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी अतिथियों, ग्रामवासियों एवं आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन इस संकल्प के साथ हुआ शिक्षा, सेवा, संस्कार और प्रेम की विरासत हमेशा जीवित रहे।

छठ पूजा को लेकर बनमा ईटहरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को बनमा ईटहरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी के नेतृत्व में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राजस्व पदाधिकारी शशिभूषण कुमार ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में अधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं पंचायतों से पहुंचे प्रतिनिधियों से छठ घाटों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान घाटों पर साफ-सफाई, जलकुंभी एवं कचरे की समस्या, पहुंच पथ, रोशनी, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के छठ घाटों की समस्याओं को रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने की ओर


बैठक में थानाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि।

अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। अधिकारियों ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। बैठक में पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई। साथ ही किसी भी समस्या या अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी छठ पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक के माध्यम से क्षेत्र में आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ पर्व की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव बंटी यादव, मुखिया प्रतिनिधि पवन यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान, सरबेला समिति प्रतिनिधि तोसिफ आलम, सहुरिया मुखिया प्रतिनिधि मो. हैदर राजा, सहुरिया समिति कालो सादा, मेराज आलम, बदरी यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

चित्रांश परिवार द्वारा कलम दवात के साथ-साथ धूमधाम से भगवान चित्रगुप्त पूजनोत्सव आयोजित

श्री चित्रगुप्त कल्याण समिति नया बाजार में श्रद्धा उल्लास के साथ मना श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव

सहरसा शहर (एनएसबी)। श्री चित्रगुप्त कल्याण समिति, नया बाजार के तत्वावधान में बुधवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में भगवान श्री चित्रगुप्त का वार्षिक पूजनोत्सव पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रमण कुमार ने की, जबकि सचिव डॉ. अखिलेश कुमार गुड्डू ने कार्यक्रम का संचालन किया। पूजनोत्सव की संपूर्ण तैयारी समिति के समन्वयक परिमल किशोर के नेतृत्व में संपन्न हुई। पूजनोत्सव को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में चित्रांश परिवार के सदस्यों की भीड़ उमड़ने लगी।

महिला, पुरुष एवं बच्चों ने अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कायस्थ समाज के लोग इस अवसर पर अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा के साथ कलम-दवात की भी पूजा करते हैं। साथ ही, अपने पूरे वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा भगवान के समक्ष प्रस्तुत कर आने


पूजा में शामिल चित्रांश परिवार।

वाले वर्ष में सुख, शांति, समृद्धि एवं सद्बुद्धि की प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य अर्जुन प्रसाद वर्मा, देवेंद्र कुमार मल्लिक, घनश्याम मल्लिक,गोपाल चंद्र लाल दास एवं अनिल कुमार दास के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष इन्द्र कान्त लाल एवं कार्यालय प्रभारी जीवन कुमार वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।क्षेत्र के चित्रांश परिवारों को पूजनोत्सव में आमंत्रित करने तथा आयोजन के लिए सहयोग संग्रह करने में समिति के उपाध्यक्ष राजेश कुमार,चंदन भारती,अमित प्रकाश, संयुक्त सचिव राजेश कुमार, संदीप कुमार दास, लोकेश कुमार, संगठन मंत्री प्रभात सोनू, राजेश रंजन, पंकज कुमार, रूपेश रौशन तथा कार्यकारिणी सदस्य नीरज कुमार सिन्हा, रौशन कुमार वर्मा, प्रिंस कुमार वर्मा कुमार मनीष सहित समिति के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।पूजनोत्सव के अवसर पर समिति की महत्वाकांक्षी श्जगत नारायण लाल स्मृति प्रोत्साहन योजना-2025श के अंतर्गत वर्ष 2026 में 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले चित्रांश परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी, सहरसा श्री कल्याण आनंद ने चयनित छात्र-छात्राओं को समिति की ओर से पुरस्कार राशि, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव एवं उत्साह का माहौल बना रहा। पूजनोत्सव में सैकड़ों की संख्या में चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। समिति की ओर से सभी आगंतुकों, अतिथियों, सहयोगकताओं एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर की टीम ने बेतिया को 2-1 से हराया

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बन्देहरा खेल मैदान में मां काली पूजा मेला समिति के तत्वावधान में आयोजित महिला फुटबल महामुकाबले के दूसरे सेमीफाइनल मैच में मुजफ्फरपुर की महिला फुटबल टीम ने बेतिया को 2-1 से हरा दिया। मैच का उद्घाटन पसराहा थाना के अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने किया। मैच के पहले हाफ के चौथे मिनट में बेतिया की खिलाड़ी गुड़िया कुमारी ने जर्सी नंबर 19 के साथ आक्रामक खेल दिखाते हुए मुजफ्फरपुर पर शानदार गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। वहीं, मुजफ्फरपुर की खिलाड़ी अमीवा परवीन ने जर्सी नंबर 7 के साथ 20वें मिनट में बेतिया पर एक गोल दागकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। इसके बाद दूसरे हाफ में मुजफ्फरपुर की खिलाड़ी अमीवा परवीन ने एक और गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। बेतिया की टीम ने दूसरे हाफ में काफी संघर्ष किया, लेकिन कोई गोल नहीं कर पाई। बुधवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में मुजफ्फरपुर का सामना मुंगेर से होगा। इस खेल मुकाबले में सुनील यादव ने रेफरी, नकुल कुमार और सोनू कुमार ने लाइंसमैन तथा वीरेंद्र कुमार और लालू कुमार ने उद्घोषक की भूमिका निभाई। इस दौरान मेला अध्यक्ष जोनार यादव, कोषाध्यक्ष पंकज यादव, सचिव रामविलास यादव, नटवर लाल सुमन, सुजीत यादव, मनोज यादव, मृत्युंजय यादव, डक्टर शशिकांत, पूर्व जिला परिषद कुलदीप यादव, लड्डू शर्मा, भीम यादव, विपिन शाह, जब्बार आलम, रवि यादव, सौरभ यादव, अरविंद भगत, मुरली यादव, पंकज यादव और संजय यादव सहित सैकड़ों खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

टोटो को ट्रक ने मारी टक्कर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

चौथम (एनएसबी)। मानसी में काली मेला देखने जा रहे एक दंपती सड़क हादसे का शिकार हो गए। ब्रह्मा और बदला घाट के बीच धर्मकांटा के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उनके टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, मालपा निवासी बबलू साह (40) मंगलवार को अपनी पत्नी रूबी देवी (35) के साथ निजी टोटो से मानसी काली मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल नंबर के एक ट्रक ने उनके टोटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्रभारी ड़ अनिल कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए खगड़िया रेफर कर दिया गया।वहीं, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता

खगड़िया (एनएसबी)। भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रो (ड़) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात कर विभिन्न संगठनात्मक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 21 नवंबर को बिहार के बिदुपुर की धरती पर प्रस्तावित आगमन को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान ड. गुप्ता ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अपनी बात रखी तथा इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं आम लोगों की सहभागिता को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार आगमन राज्य के विकास, आधारभूत संरचना और औद्योगिक संभावनाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान संगठन की मजबूती, वाणिज्य प्रकोष्ठ की गतिविधियों तथा व्यापारियों के बीच केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने को लेकर भी चर्चा हुई। ड. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के विकास को नई दिशा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर को बिदुपुर में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

छठ की तैयारी में प्रशासन और आपदा मित्रों की संयुक्त पहल, भगवान घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

खगड़िया (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर परबत्ता प्रखंड में तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से तेमथा करारी स्थित भगवान घाट पर प्रशासन और आपदा मित्र परबत्ता की टीम ने संयुक्त रूप से विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया। अभियान में अंचल अधिकारी हरीनाथ राम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार पंडित ने स्वयं भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों और आपदा मित्रों ने घाट पर उतरकर साफ-सफाई की तथा घाट के आसपास जमा गी और कचरे को हटाया। अभियान के माध्यम से स्थानीय लोगों को यह संदेश दिया गया कि छठ महापर्व की पवित्रता बनाए रखने के लिए केवल प्रशासन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के घाटों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखे। अंचल अधिकारी हरीनाथ राम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार पंडित ने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने-अपने छठ घाटों की साफ-सफाई में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। साथ ही पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं। घाटों पर गी न फैलाएं और पूजा के बाद उपयोग की गई पूजन सामग्री एवं कचरे का उचित निस्तारण करें। वहीं, आपदा मित्रों ने छठ घाटों पर



आपदा मित्र के साथ अधिकारी।

संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि नदी एवं जलाशयों में गहरे पानी, तेज बहाव, दलदल और फिसलन वाले स्थानों को चिति कर सतर्कता बरतना जरूरी है। बच्चों को पानी के किनारे अकेला न छोड़ें तथा खतरनाक स्थानों पर जाने से बचें। आपदा मित्रों ने आम लोगों से यह भी अपील की कि किसी भी घाट पर डूबने, दुर्घटना, भगदड़ अथवा किसी अन्य प्रकार की अनहोनी की आशंका दिखाई दे तो तत्काल स्थानीय प्रशासन या जिला प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक बचाव एवं राहत व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस संयुक्त स्वच्छता अभियान में अंचल अधिकारी हरीनाथ राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार तथा आपदा मित्र परबत्ता के ऋषि कुमार, ष्णा, प्रशांत, सूरज, रितेश, करण एवं नितिश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन एवं आपदा मित्रों की इस संयुक्त पहल से छठ महापर्व के अवसर पर स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम नागरिकों को भी घाटों की व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना है। आपकी थोड़ी-सी सतर्कता किसी की जिं बचा सकती है। आइए, संकल्प लें कि इस छठ महापर्व पर घाट भी स्वच्छ रखेंगे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखेंगे।

युनियन बैंक की 108वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित यूनियन बैंक अफ इंडिया की शाखा में बैंक का 108वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक परिसर को आकर्षक ढंघ से सजाया गया था। स्थापना दिवस को यार बनाने के लिए बैंक कर्मियों की ओर से विशेष तैयारियां की गई थीं। पूरे बैंक परिसर में उत्सवी माहौल देखने को मिला।



उद्घाटन करते बैंक के अधिकारी व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक ष्णा कुणाल ने आसपास के क्षेत्र से पहुंचे गणमान्य लोगों, स्थानीय नागरिकों एवं बैंक के ग्राहकों की मौजूी में केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और बैंक की निरंतर प्रगति एवं बेहतर बैंकिंग सेवाओं की कामना की। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ष्णा कुणाल ने यूनियन बैंक अफ इंडिया के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बैंक की स्थापना वर्ष 1919 में मुंबई में हुई थी। उन्होंने बैंक की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थापना के बाद से ही बैंक देश के लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने और आर्थिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। बैंक ने समय के साथ अपनी सेवाओं का विस्तार किया है और आज आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक और ग्राहकों के बीच विश्वास का रिश्ता सबसे महत्वपूर्ण है। ग्राहकों का सहयोग एवं विश्वास ही किसी भी बैंक की सबसे बड़ी पूंजी होती है। बैंक कर्मियों का प्रयास रहता है कि प्रत्येक ग्राहक को बेहतर, सरल एवं सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक से जुड़े सभी ग्राहकों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।कार्यक्रम में बैंक कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थापना दिवस के मौके पर बैंक कर्मियों और स्थानीय गणमान्य लोगों के बीच आपसी सौहार्द एवं अपनापन देखने को मिला। केक काटने के बाद उपस्थित लोगों के बीच खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर विशाल मोहित, बैंक कर्मी रितेश कुमार, सौरभ कुमार एवं अनु चौरसिया सहित स्थानीय गणमान्य लोगों में पप्पू बाबू, विमलेश कुमार, मनोज कुमार, शंकर कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार तथा बैंक मित्र संजय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

नव युवक संघ ने छठ घाट पर चलाया सफाई अभियान

खगड़िया (एनएसबी)। सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत नन्हकू मंडल टोला में छठ महापर्व को लेकर नव युवक संघ की ओर से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, प्रोफेसर ड़ विनय कुमार पासवान उर्फ बबलू, पूर्व मुखिया मक्खन साह एवं पूर्व सरपंच देवनन्दन प्रसाद यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांव की गलियों, मुख्य सड़कों और छठ घाट की साफ-सफाई की। इसके साथ ही गांव से सटे मृत गंगा धार का निरीक्षण कर जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि छठ वतियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। गहरे जलस्तर वाले स्थानों पर लाल झंडे लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सड़क और गलियों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार, व्यवहार, पर्यावरण और सामाजिक वातावरण की निर्मलता भी इसका अभिन्न हिस्सा है। युवाओं को सूखे नशे से दूर रहकर तन-मन स्वस्थ रखने, शिक्षा ग्रहण करने तथा समाज में शांति, सौहार्द, भाईचारा और समरसता स्थापित करने का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छता ही स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला है। प्रोफेसर ड़ विनय कुमार पासवान ने कहा कि स्वच्छता अभियान स्वच्छ विचार और



सफाई अभियान मे पूर्व मुखिया व अन्य।

बेहतर सामाजिक व्यवस्था के निर्माण का प्रेरक संदेश देता है। वहीं, पूर्व मुखिया मक्खन साह एवं पूर्व सरपंच देवनन्दन प्रसाद यादव ने कहा कि छठवतियों की सुविधा के लिए घाटों की सफाई अत्यंत आवश्यक है। मौके पर नव युवक संघ के अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद यादव, उप सचिव शिक्षक संतोष पासवान, कोषाध्यक्ष शिक्षक वशिष्ठ पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष ड़ रंजन कुमार साह, निर्देशक शिक्षक संजीत साह, सह सचिव विभूति कुमार ज्वाला, ऋषिदेव यादव, शिक्षक जीवन शर्मा, पंकज यादव, हरिवंश कुमार, ऋतुराज, जितेंद्र यादव, हंसराज पोद्दार, शक्ति कुमार एवं सूर्यवंश कुमार सहित अन्य युवक संघ के सदस्य मौजूद थे।

पूर्व सांसद की बड़ी बहन शीला सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन





शोक सभा में उपस्थित लोग।

खगड़िया (एनएसबी)। औरंगाबाद के पूर्व सांसद की बड़ी बहन शीला सिंह के आकस्मिक निधन पर बुधवार को उनके खगड़िया स्थित आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित परिजनों, शुभचिंतकों और समाज के गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वक्ताओं ने भावविह्वल होकर उनके सरल, सहज स्वभाव, कुशल व्यवहार और दूरदर्शी सोच को याद किया। लोगों ने कहा कि वह एक कुशल गृहिणी थीं, जिन्होंने जीवन भर त्याग, क्षमा और समर्पण के मार्ग पर चलते हुए समाज को दिशा दी। बताते चले कि स्व शीला सिंह के पति खगड़िया (हाजीपुर) निवासी स्व ड़ भानुप्रताप सिंह थे। उनके पिता स्व रामनरेश सिंह भी औरंगाबाद से दो बार सांसद रह चुके थे। शीला सिंह अपने पीछे दो पुत्र सूरज प्रताप सिंह और चेतन आनंद सिंह (रांची निवासी) सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उनके संबंधी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह ने दूरभाष के माध्यम से अपनी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं, आवास पर आयोजित सभा में राकेश कुमार सिंह, शंभू कुमार सिंह, राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार, विकाश कुमार, अखिल कुमार, सुबोध, राजेश सिंह, राजीव कुमार सिंह, पप्पू, कौशलेंद्र प्र सिंह, दीपक कुमार सिंह, अरुण कुमार, मनोज कुमार सिंह, स्व शंभू सिंह की पत्नी, सुबोध सिंह, डब्लू सिंह और जयराम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

चौथम में शांतिपूर्ण माहौल में काली पूजा का हुआ समापन

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र मां काली की पूजा-अर्चना श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। पूजा संपन्न होने के बाद विभिन्न स्थानों पर मां काली की प्रतिमा, कलश एवं पूजन सामग्री का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सभी जगहों पर श्रद्धालुओं ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकजुटता का परिचय दिया। प्रखंड क्षेत्र के सोनबरसा घाट, मालपा, बकिया, लालपुर एवं नौरंगा सहित विभिन्न स्थानों पर काली पूजा को लेकर विशेष आयोजन किए गए थे। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूजा संपन्न होने के बाद निर्धारित परंपराओं के अनुसार विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसी क्रम में लालपुर गांव स्थित मां काली मंदिर में बुधवार की अपरा विशेष धार्मिक अनुष्ठान के बाद कलश एवं पूजन सामग्री का विसर्जन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत ग्रामीणों ने विधि-विधान से पूजन सामग्री, फूल-पत्र एवं अन्य धार्मिक वस्तुओं को ढकिया और बोरे में सुरक्षित रखा। वहीं कलश को श्रद्धालुओं ने अपने सिर पर धारण किया। इसके बाद गांव की महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। बाजे-गाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बागमती नदी के तट पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ मां काली का जयकारा लगाते रहे। नदी तट पर पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालु एकत्रित हुए और बारी-बारी से कलश एवं पूजन सामग्री को विधिवत जल प्रवाहित किया। विसर्जन के दौरान ग्रामीणों की सहभागिता और आपसी एकजुटता देखते ही बन रही थी। बताते चलें कि लालपुर स्थित मां काली मंदिर में मां काली के साथ मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थायी रूप से स्थापित हैं। यहां प्रत्येक वर्ष दीपावली के अवसर पर पूरे विधि-विधान और परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की जाती है। हालांकि, विसर्जन के दौरान यहां प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाता, बल्कि धार्मिक परंपरा के अनुसार केवल कलश एवं पूजन सामग्री का ही विसर्जन किया जाता है। इस आयोजन में गांव के सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से सामाजिक एकता एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। चौथम के प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी स्थानों पर काली पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। वहीं चौथम थाना पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि पूजा के दौरान सभी पूजा स्थलों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल एवं पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। पुलिस प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए था। उन्होंने कहा कि कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन की मुस्तैदी, ग्रामीणों के सहयोग और श्रद्धालुओं की आपसी एकजुटता के कारण चौथम प्रखंड में काली पूजा का आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

किसानों के बीच कृषि इनपुट का वितरण

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मानसी प्रखंड के अमनी पंचायत में किसानों के बीच उन्नत मक्का खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आवश्यक षि इनपुट सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का क्रियान्वयन नव जागृति संस्था द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कुल 500 लाभार्थी किसानों के बीच उन्नत मक्का खेती के लिए आवश्यक षि सामग्री का वितरण किया गया। इसमें उन्नत मक्का बीज, कीटनाशक, खरपतवारनाशी, वर्मी कम्पोस्ट, जिंक सहित अन्य आवश्यक षि इनपुट शामिल हैं। किसानों को इन सामग्रियों के उचित एवं वैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नव जागृति संस्था के प्रमुख जितेंद्र कुमार सिंह, अमनी पंचायत के मुखिया एवं पूर्व मुखिया प्रमोद सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नव जागृति संस्था की टीम ने किसानों वैज्ञानिक एवं उन्नत तरीके से मक्का की खेती करने की अपील की।



वितरण करते नव जागृति संस्था के लोग।

फार्मासिस्ट बहाली में बी. फार्मा अभ्यर्थियों को मिले मौका

परबत्ता (एनएसबी)। बिहार में फार्मासिस्ट के 2473 पदों पर निकली बहाली में बी. फार्मा डिग्रीधारियों को शामिल नहीं किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इसको लेकर बी. फार्मा अभ्यर्थियों ने विधान पार्षद ड़ संजीव कुमार से परबत्ता आवास पर मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा और भर्ती में डी. फार्मा के साथ बी. फार्मा को भी पात्रता देने की मांग की। अभ्यर्थियों के अनुसार, वर्ष 2025 में बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा निकाली गई बहाली में केवल डी. फार्मा को पात्र माना गया, जबकि 2473 पदों में महज 872 पदों पर ही नियुक्ति हो सकी और 1601 पद रिक्त रह गए। अभ्यर्थियों ने कहा कि पूर्व की बहालियों में बी. फार्मा और डी. फार्मा दोनों को अवसर मिलता था, लेकिन नई नियमावली में बी. फार्मा को बाहर कर दिया गया। इससे हजारों योग्य अभ्यर्थियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। मामले पर ड़ संजीव कुमार ने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को सदन में पूरी मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि डी. फार्मा अभ्यर्थियों के अवसर को प्रभावित किए बिना बी. फार्मा डिग्रीधारियों को भी समान अवसर मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष भी मामला उठाने की बात कही।



एमएलसी से मिलते अभ्यर्थी।

मृतक के आश्रितों को बीस-बीस लाख रूपये मुआवजा मिलें : संजय

खगड़िया (एनएसबी)। दिल्ली के चावड़ी बाजार इलाके में 5 दिन पूर्व एक पुराने मकान के अचानक ढ़ह जाने से उसमें काम कर रहे 7 बिहारी मजदूर की दब कर दर्दनाक मौत हो गई थी।जिसमें 5 खगड़िया जिला के ही बोबिल पंचायत अंतर्गत हनुमाननगर निवासी सभी गरीब युवा थे।दिल्ली से चार डेड बडी मंजीत राम,बिपिन राम,दिनेश साह और पंकज शर्मा का आ चुका,जिसका अंत्येष्ठि भी हो चुका और अंतिम 22 वर्षीय संटून मुखिया का लाश आया।मौके पर माकपा नेता संजय कुमार पीड़ित परिजनों से मिल कर दुख की घड़ी में शामिल होकर सभी पीड़ित परिजनों को ढाढ़स दिया और संवेदना जताया।मौके पर मौजूद गोगरी अनुमंडल पदाधिकारी से पीड़ित परिजनों के सहायतार्थ मुआवजा हेतु बात किया। उन्होने कहा कि इस संदर्भ में जिलाधिकारी एवं सरकार के स्तर पर भी जल्द बात किया जायगा। उन्होने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है,कि कोई भी सहायता राशि पीड़ित परिवारों के दुख को कम तो नहीं कर सकेगा,मगर सरकार के मुआवजे से उनकी जिं को पटरी पर लाने में मदद जरूर मिल सकेगा। आश्चर्य है कि अब तक इतने बड़े हादसे में भी बिहार सरकार के कोई मंत्री या कोई बड़े अधिकारी इस घटना का संज्ञान लेकर पीड़ित परिजनों से मिल कर तुरन्त आवश्यक मुआवजे खेलन करना जरूरी नहीं समझा। मैं बिहार सरकार से सभी मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा और एक-एक आश्रितों को सरकारी नौकरी की मांग करता हूं और दिल्ली सरकार से भी बिहार सरकार बात कर 20-20 लाख रुपए मुआवजा दिलाने की गारंटी करे। इस अवसर पर सीपीआईएम जिला सचिव मंडल सदस्य विनय कुमार सिंह, अंचल सचिव अमरेश कुमार,युवा नेता बबलू यादव,बेलदौर नगर पंचायत पार्षद नवीन कुमार यादव,पंचायत समिति सदस्य मनोज,सामाजिक कार्यकर्ता रिषभ,प्रेम कुमार,अनिल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



पीड़ित परिजन से मिलते माकपा नेता संजय कुमार।

सोनपुर मंडल में अनुकंपा अदालत 2026 का सफल आयोजन, सभी 06 मामलों का किया गया निष्पादन

सोनपुर (एनएसबी) मंडल में दिनांक 10 नवंबर, 2026 को मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में अनुकंपा अदालत2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अदालत का मुख्य उद्देश्य दिवंगत रेल कर्मचारियों के आश्रित परिवारों की समस्याओं का समाधान करना तथा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित कुल 06 मामले प्राप्त हुए। अदालत में सभी मामलों की संबंधित अभिलेखों एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर गंभीरतापूर्वक समीक्षा की गई तथा नियमानुसार सभी 06 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इस पहल के माध्यम से दिवंगत रेल कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया गया। अनुकंपा अदालत के सफल आयोजन से कर्मचारी कल्याण के प्रति रेल प्रशासन की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता भी परिलक्षित होती है। पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल द्वारा रेलकर्मियों एवं उनके आश्रित परिवारों के हितों को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार की पहल भविष्य में भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।



डीआरएम की अध्यक्षता में अनुकम्पा अदालत।

संक्षिप्त खबरें

नगर परिषद की वॉल पेंटिंग पर उठे सवाल खर्च का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग

पार्षदों ने पूछा कितने वर्गफीट पेंटिंग और कितनी लागत बाबू वीर कुंवर सिंह घाट पर छठ पूजा समिति ने भी नगर परिषद की भूमिका पर जताई नाराजगी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कराई जा रही वल पेंटिंग को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। एक ओर शहर की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इस कार्य की लागत, माप और खर्च के विवरण को लेकर कुछ पार्षदों ने पारदर्शिता की मांग की है। पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद की बैठक में इस कार्य को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसके बावजूद पेंटिंग का काम जारी रहने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ पार्षदों ने दावा किया है कि लगभग 2500 वर्गफीट पेंटिंग के कार्य पर 30 लाख रुपये से अधिक खर्च होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, इस राशि और पेंटिंग के वास्तविक क्षेत्रफल की पुष्टि करने वाला कोई आधिकारिक दस्तावेज फिलहाल सामने नहीं आया है। ऐसे में पार्षदों ने नगर परिषद प्रशासन से पूरे कार्य का माप, स्वीत राशि, कायदिश और भुगतान संबंधी विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। पार्षदों का यह भी कहना है कि स्थानीय पेंटरों को काम देने के बजाय बाहरी एजेंसियों या पेंटरों से कार्य कराए जाने को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। उनका सवाल है कि कार्य किस प्रक्रिया के तहत आवंटित किया गया, इसकी दर क्या निर्धारित हुई और गुणवत्ता तथा लागत का आकलन किस आधार पर किया जा रहा है। पार्षदों के अनुसार, इस संबंध में स्पष्ट लेखा-जोखा उपलब्ध कराया जाना जरूरी है। इस पूरे मामले में पार्षदों ने नगर परिषद की चेयरमैन और वाइस चेयरमैन से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। उनका कहना है कि शहर के सौंदर्यीकरण पर खर्च करना अच्छी पहल है, लेकिन सरकारी राशि के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। नगरवासियों को यह जानने का अधिकार है कि कितने वर्गफीट दीवारों पर पेंटिंग कराई जा रही है और इस पर कुल कितनी राशि खर्च हो रही है।

बाबू वीर कुंवर सिंह घाट पर छठ पूजा समिति ने भी उठाए सवाल

दूसरी ओर, बाबू वीर कुंवर सिंह घाट पर छठ पूजा की तैयारियों और नगर परिषद की ओर से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर जय छठी मइया छठ पूजा समिति के सदस्यों ने नाराजगी जताई है। समिति के सदस्यों का कहना है कि घाट पर छठवतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर परिषद की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब घाट बाढ़ नगर परिषद क्षेत्र से जुड़ा है, तो यहां सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में नगर परिषद की भूमिका स्पष्ट क्यों नहीं है समिति के सदस्यों ने नगर परिषद से यह भी स्पष्ट करने की मांग की है कि क्या उक्त घाट नगर परिषद के कार्यक्षेत्र में नहीं आता है। यदि ऐसा है तो इसकी आधिकारिक स्थिति बताई जाए, ताकि छठ पूजा की व्यवस्था को लेकर भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके। फिलहाल नगर परिषद की वल पेंटिंग के खर्च और बाबू वीर कुंवर सिंह घाट पर सुविधाओं को लेकर उठे सवालों ने स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज कर दी है। अब देखना है कि नगर परिषद की चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और संबंधित अधिकारी इन सवालों पर क्या आधिकारिक जवाब देते हैं। शहरवासियों की अपेक्षा है कि सौंदर्यीकरण से लेकर छठ घाटों की व्यवस्था तक सभी कार्यों में पारदर्शिता, समानता और जवाबदेही सुनिश्चित हो।

कार बाइक के आपसी टक्कर में बाइक सवार गम्भीर, छपरा रेफर

बनियापुर। थाना क्षेत्र के डाढ़ीबाढ़ी के समीप कार और बाइक के टक्कर में बाइक सवार गंभीररूप से जख्मी हो गया,जिसका इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में ग्रामीणों द्वारा ले जाया गया।घायल युवक धनगरहा गांव निवासी पियूष कुमार तिवारी बताए गए है।जिनका स्थिति की गंभीरता को देख चिकित्सकों ने छपरा रेफरल कर दिया।वही घटना में कार और बाइक दोनों को काफी नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में बताया गया है कि कार काफी तेज गति से आ रही थी तभी बाइक कार के आमने सामने टक्कर के बाद यह घटना घट गई।घायल युवक का इलाज जारी है।

अपर महाप्रबंधक ने भटनी-छपरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर सीवान एवं छपरा जंक्शन पर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

छपरा। छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ के ष्टिगत सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर श्री विनोद कुमार शुक्ल ने आज 11 नवम्बर, 2026 को अपर मंडल रेल प्रबंधक (आपरेशन) श्री अशोक कुमार वर्मा के साथ भटनी-छपरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीवान एवं छपरा जंक्शन रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं, संरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबंधक ने रेलखंड में रेलवे ट्रैक की स्थिति, रेलपथ अनुरक्षण, सिगल व्यवस्था, समपार फाटकों, पुल-पुलियों, ओवरहेड विद्युत उपकरणों, स्टेशन यार्ड एवं रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने रेलपथ एवं रेलवे परिसरों में संरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। सीवान जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबंधक ने प्लेटफार्मों, यात्री आश्रय केंद्र, टिकट काउंटर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पैदल उपरिगामी पुल, लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियों, प्रतीक्षालय, पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए उन्होंने पर्याप्त बैरिकेडिंग, यात्रियों के सुव्यवस्थित आवागमन, हेल्प डेस्क, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा एवं ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान की नियमित उद्घोषणा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सीवान जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक ने छपरा जंक्शन का निरीक्षण कर वहां यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं रेल परिचालन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्लेटफार्मों, यात्री आश्रय केंद्र, टिकट काउंटर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पैदल उपरिगामी पुल, स्वचालित सीढ़ियों, लिफ्ट, प्रतीक्षालय, वाटर बूथ, फूड स्टल एवं सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने संभावित अतिरिक्तभीड़ के मद्देनजर प्लेटफार्मों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने, प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित करने तथा टिकट काउंटरों पर यात्रियों के लिए सुव्यवस्थित कतारें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर महाप्रबंधक ने छपरा जंक्शन के सेकेंड एंट्री परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा प्रतीक्षालय को शीघ्र यात्रियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। छठ महापर्व के दौरान प्लेटफार्म संख्या-01 पर यात्रियों के दबाव को कम करने के उद्देश्य से उन्होंने प्लेटफार्म संख्या-08 पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने एवं भीड़ नियंत्रण के समुचित प्रबंध करने को कहा। अपर महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा स्टेशन परिसर में तैनात कर्मचारी यात्रियों की सहायता के लिए तत्पर रहें। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (आपरेशन) श्री अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत(आपरेशन) श्री अजय कुमार, मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री आलोक श्रीवास्तव, मंडल संरक्षा अधिकारी श्री अभिषेक कुमार, सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर श्री गोपाल दास गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

दो महीने से लापता कुंदन का नहीं मिला सुराग, न्याय के लिए परिजनों ने सीएम से लगाई गुहार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पटना के जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) से करीब दो महीने पूर्व लापता हुए अथमलगोला थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव निवासी कुंदन का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बेटे की तलाश में भटक रहे परिजनों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। परिजनों ने डीजीपी से लेकर एसएसपी कार्यालय तक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। यहां तक कि निराश परिजनों ने न्याय नहीं मिलने की स्थिति में आत्मदाह की अनुमति तक मांगी है। परिजनों को कुंदन के एक दोस्त पर शक है। इस मामले में बहादुरपुर थाना में कांड संख्या 382ध्26 दर्ज है। दो महीने बाद भी लापता युवक का पता नहीं चलने से परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। अब उनकी निगाहें पुलिस की कार्रवाई और बेटे की बरामी पर टिकी हैं।

बेटी की शादी के बाद जेल जाएंगे अनंत सिंह, बोले पहले शिवांगी की शादी की जिम्मेदारी निभाएंगे, फिर करेंगे सरेंडर

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार की सियासत में इन दिनों मोकामा विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी की शादी सबसे चर्चित विषयों में शामिल है। एक ओर 25 नवंबर को होने वाली शादी की तैयारियां सुर्खियों में हैं, तो दूसरी ओर दुलारचंद हत्याकांड को लेकर अनंत सिंह की कानूनी स्थिति पर भी सबकी नजरें टिकी हुई हैं। इसी बीच अनंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट किया है कि वह पहले अपनी बेटी की शादी संपन्न कराएंगे और उसके बाद सरेंडर कर जेल चले जाएंगे। अनंत सिंह ने कहा कि बेटी की शादी उनकी पारिवारिक जिम्मेदारी है। शादी की रस्में पूरी होने के बाद वह खुद सरेंडर कर देंगे। उनके इस बयान के बाद बिहार के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। खासकर मोकामा और बाढ़ क्षेत्र में शिवांगी की शादी को लेकर लोगों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है। रतलब है कि मोकामा विधायक अनंत सिंह दुलारचंद हत्याकांड के मामले में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत रद्द करते हुए सरेंडर करने का निर्देश दिया था। हालांकि, बेटी की शादी में शामिल होने और पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी करने के मद्देनजर सरेंडर की समय-सीमा बढ़ाकर 4 दिसंबर 2026 कर दी गई है। इससे पहले उन्हें 1 दिसंबर 2026 तक सरेंडर करना था। अब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 नवंबर को मोकामा के लदमा में शिवांगी की शादी होनी है। शादी को लेकर तैयारियां और मेहमानों के आगमन की चर्चा भी क्षेत्र में बनी हुई है। इस शादी में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई चर्चित हस्तियों के शामिल होने की संभावना को लेकर भी लोगों की दिलचस्पी है।अनंत सिंह के बयान से यह संकेत मिला है कि वह बेटी की शादी की पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी करने के बाद न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए सरेंडर करेंगे। फिलहाल मोकामा की सियासत से लेकर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों तक शिवांगी की शादी और उसके बाद अनंत सिंह के सरेंडर को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। अब सबकी निगाहें 25 नवंबर की शादी और 4 दिसंबर की निर्धारित समय-सीमा पर टिकी हैं।

मनोकामना पूर्ण होने पर सूर्य मन्दिर पर करते है छठ

छपरा। उत्तर बिहार के सुप्रसिद्ध मनोकमना पूर्ण सूर्यमंदिर पर छठ महापर्व मे रहता है विशेष आकर्षण। छठ के दिन यहां न सिर्फ स्थानीय पंचायतों के दर्जनों गांवों के छठ वति लोक आस्था के महापर्व में नतमस्तक होते हैं उनके सांथ इनके देश भर के कोने-कोने के रिस्तेदार और मनोरथ पूर्ण होने के बाद बिहार प्रदेश और अन्य प्रदेशों के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुएकत्र होते है और सूर्यमंदिरपर छठ करते है।कुछ श्रद्धालु तो खरना के दिन से हीं सूर्यमंदिर पर पहुंच जाते है और मन्दिर परिसर में ही अपने परिवार के सांथ रहकर हर्षोल्लास के सांथ छठ करते है। छठ वतियों के लिए मन्दिर समिति के तरफ से रखा जाता है विशेष ख्याल छठ महापर्व करनें आए दूर दराज के वतियों एवं उनके परिजनों की सेवा के लिए सूर्य नारायण मंदिर प्रवंधन समिति और सूर्य नारायण मंदिर सेवा समिति एवं स्थानीय लोगों द्वारा विशेष ख्याल रखा जाता है।उनके ठहरने,परिजनों के लिए भोजन,चिकित्सा सेवा आदि सभीं स्तर के सेवा मे मन्दिर प्रशासन के तरफ से कोई कमी नही होने दिया जाता।सभीं प्रकार की व्यवस्थाएं और ठहरने के लिए कमरा का प्रबंध निरूशुल्क किया जाता है।

श्री कामता सखी मठ स्थित चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा-अर्चना

छपरा। कलम-दवात के आराध्य देव एवं कायस्थ समाज के इष्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा-अर्चना प्रभुनाथ नगर स्थित श्री कामता सखी मठ के चित्रगुप्त मंदिर में पूरे श्रद्धा, उल्लास एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर मंदिर में स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में शीश नवाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना में मुख्य यजमान की भूमिका श्री सत्य प्रकाश वर्मा जी ने निभाई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज से समस्त परिवारों की सुख-शांति, आरोग्य, समृद्धि एवं समाज की उन्नति की मंगलकामना की। ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत का साक्षी है श्री कामता सखी मठ प्रभुनाथ नगर स्थित श्री कामता सखी मठ का चित्रगुप्त मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक ष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखता है। इस पावन स्थल का जुड़ाव देश के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न ड़ राजेंद्र प्रसाद जी से भी रहा है। प्रचलित ऐतिहासिक प्रसंगों के अनुसार, ड़ राजेंद्र प्रसाद जी अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान भी अपने गुरु श्री कामता सखी महाराज जी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए इस पावन स्थल पर आया करते थे। उनके द्वारा लिखित एक हस्तलिखित पत्र भी इस ऐतिहासिक संबंध की महत्वपूर्ण स्मृति के रूप में मौजूद है। यह पत्र इस स्थान की आध्यात्मिक परंपरा और ऐतिहासिक महत्व को और विशेष बनाता है। यह स्थल आज भी अपनी धार्मिक आस्था, गुरु-शिष्य परंपरा और गौरवशाली विरासत को संजोए हुए है। इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर सत्य प्रकाश वर्मा, प्रकाश वर्मा, विनोद श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, ड़ धीरज सिंह, आयुष श्रीवास्तव, आनंद वर्मा, जितेंद्र वर्मा, प्रवीण सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, मुकेश वर्मा, रत्नेश सिंह, राकेश वर्मा, मिथिलेश वर्मा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, रितेश प्रकाश, नीरज यादव, नीलम वर्मा, पुन्नी श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, अमरेंद्र वर्मा, अभिनाश श्रीवास्तव एवं राहुल श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज से प्रार्थना की कि उनकी पा समस्त भक्तों एवं समाज पर सदैव बनी रहे। समाज में प्रेम, एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत हो तथा सभी के जीवन में ज्ञान, विवेक, सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो। भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के चरणों में यही मंगलकामना है कि उनकी असीम पा से सभी का जीवन मंगलमय हो और समाज निरंतर प्रगति एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे।

श्रद्धाभाव से मनाया गया श्री चित्रगुप श पूजा

छपरा। कायस्थ सेना के तत्वावधान में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के पावन अवसर पर न्याय बुद्धि और ज्ञान के देवता श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ छोटा तेलपा लाला टोली में मनाई गई इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर प्रसाद का भोग लगाकर पूजा अर्चना की तथा अपने साल भर के हिसाब किताब का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया कार्यक्रम का समापन चित्रगुप्त वंदना से किया गया कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद का वितरण एवं सामूहिक



भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें कायस्थ समाज के अलावे अन्य समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया इस अवसर पर जिला भाजपा के प्रधान प्रवक्ता अधिवक्ता प्रकाश रंजन नीकू ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त ब्रह्मांड के सभी जीवो के अच्छे और बुरे कर्मो का लेखा-जोखा अपनी कलम और दवात से रखते हैं यही कारण है कि इस दिन को कलम दवात पूजा के रूप में भी जाना जाता है श्री नीकू ने बिहार सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी कर चित्रगुप्त पूजा को सरकारी अवकाश पूर्व घोषित 10 नवंबर के स्थान पर आज 11 नवंबर 26 को निर्धारित किया गया जिसके लिए कायस्थ समाज के लोग सरकार का अभारी रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से भाजपा प्रवक्ता अधिवक्ता प्रकाश रंजन नीकू योगेंद्र श्रीवास्तव आलोक श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव प्रतीक प्रकाश आरव श्रीवास्तव आर्यन श्रीवास्तव श्रीनिवास लाल विजय वर्मा राजेंद्र प्रसाद रवींद्र वर्मा संजय वर्मा पंकज श्रीवास्तव सुरज श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव प्रकाश चंद्र वर्मा निर्मल कुमार श्रीवास्तव मदन जी शरण पप्पू आदि उपस्थित थे।

छठ की तैयारी में जुटीं महिलाएं,मिट्टी के चूल्हे बनाने और गेहूं सुखाने का काम शुरू

दिघवारा। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर दिघवारा नगर पंचायत क्षेत्र सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ पर्व को लेकर घरों में उत्साह का माहौल है। वती महिलाएं अभी से ही छठ पूजा की तैयारियों में जुट गई हैं। कहीं मिट्टी के चूल्हे बनाए जा रहे हैं तो कहीं गेहूं को अच्छी



तरह धोकर धूप में सुखाया जा रहा है। छठ पर्व की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए महिलाएं गेहूं को साफ कर सुखा रही हैं, जिसका इस्तेमाल ठेकुआ सहित अन्य प्रसाद बनाने में किया जाएगा। वहीं, प्रसाद तैयार करने के लिए मिट्टी के चूल्हे भी बनाए जा रहे हैं। घरों में साफ-सफाई के साथ सूप, दउरा और पूजन सामग्री की व्यवस्था भी शुरू हो गई है।।स्थानीय दिघवारा,शीतलपुर तथा अन्य बाजारों में छठ पूजा से संबंधित दुकानें सज गई है।गौरतलब है कि छठ महापर्व सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना का पर्व है। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में वती महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी आयु और खुशहाली के लिए निर्जला वत रखती हैं। नहाय-खाय से शुरू होकर खरना, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ बिहार की लोक आस्था, परंपरा और सांस्तिक पहचान का प्रतीक है।

आरएसके ग्लोबल स्कूल में 28 नवंबर को होगी 47वीं सारण जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता

अमनौर (सारण)। सारण जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 47वीं सारण जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता आगामी 28 नवंबर (शनिवार) को सुबह 7 बजे से आरएसके ग्लोबल स्कूल, सलखुआँ, अमनौर के परिसर में आयोजित होगी।

सारण जिला भारोत्तोलन संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न आयु वर्गो के बालक एवं बालिका भारोत्तोलक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस दौरान खिलाड़ी अपनी शारीरिक क्षमता, प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर खेल अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह एवं खेल सचिव श्री रजनीश कुमार के नेतृत्व में आवश्यक तैयारियां की जाएंगी। आयोजन



उपस्थित लोग।

को लेकर विद्यालय परिसर में खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना आरएसके ग्लोबल स्कूल परिवार के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले में भारोत्तोलन खेल को बढ़ावा देना, उभरते हुए खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा उनकी प्रतिभा को जिला एवं राज्य स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर प्रदान करना है।

संक्षिप्त खबरें

जिला चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश समाज ने किया चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिला चित्रगुप्त समिति के तत्वावधान में शहर के काशीपुर स्थित जिला चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना पूरी श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस क्रम में समिति के अध्यक्ष



ए.के.लाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने भगवान श्री चित्रगुप्त से समाज के सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। इस दौरान सुबोध बाबू, अमरेंद्र भूषण, समरेन्द्र भूषण, सरोज सिन्हा, विजय सिन्हा, सीडी वर्मा, समदर्शी राजगृहर, श्याम मोहन, मनोज कर्ण, केशव किशोर प्रसाद,आलोक वर्मा, नरेंद्र नन्हे, सती रमन प्रसाद वर्मा, सौरभ कुमार सहित चित्रांश समाज के सैकड़ों लोगों ने एक-दूसरे को चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

विद्यापति राजकीय महोत्सव को लेकर विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में सफाई अभियान तेज

22, 23 एवं 24 नवंबर को आयोजित होगा तीन दिवसीय महोत्सव

विद्यापतिनगर। विद्यापति राजकीय महोत्सव की तैयारियों को लेकर विद्यापतिधाम में गतिविधियां तेज हो गई हैं। आगामी 22, 23 एवं 24 नवंबर को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर विद्यापतिधाम स्थित प्रसिद्ध बाबा बालेश्वर स्थान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं अतिथियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर, आसपास के रास्तों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सफाई अभियान के तहत मंदिर के बाहर पश्चिम खाली स्थानों में जमा कचरे एवं गंदगी को हटाया जा रहा है, ताकि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और आगंतुकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिल सके। विद्यापति राजकीय महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं धार्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। ऐसे में महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। स्थानीय लोगों में भी महोत्सव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

विद्यापतिधाम में 151 गरीब एवं असहाय छठव्रती महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण कर समिति ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

विद्यापतिनगर एनएसबी। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम न्यास समिति की ओर से सामाजिक सरोकार और सेवा भावना का परिचय देते हुए गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद छठव्रती महिलाओं के बीच 151 साड़ियों का वितरण किया गया। इस पहल से जरूरतमंद व्रती महिलाओं के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर न्यास समिति के कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, पवित्रता, त्याग, तपस्या और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भगवान सूर्य और छठी मैया



की आराधना का यह महापर्व हमें जरूरतमंदों की सेवा करने तथा समाज के कमजोर वर्गों के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए न्यास समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठव्रती माताओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि छठव्रती माताओं की सेवा करना और उनके पर्व की खुशियों में सहभागी बनना समिति के लिए सौभाग्य की बात है। समिति भविष्य में भी धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्यों में अपनी भागीदारी निभाती रहेगी। उन्होंने सभी छठव्रती माताओं के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए भगवान भास्कर और छठी मैया से क्षेत्र की खुशहाली एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। मौके पर न्यास समिति के उपाध्यक्ष मणिकांत सिंह, सचिव नवीन कुमार गिरि, हरिओम गिरि, प्रवीण गिरि, धर्मराज सिंह, दीनदयाल गिरि, जोखन राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

छठ घाट को चकाचक करने में जुटी पंचायत, युद्धस्तर पर सफाई और रंग-रोगन

मुखिया प्रमोद कुमार गुप्ता ने घाट का निरीक्षण कर तैयारियों में तेजी लाने का दिया निर्देश

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर उचकागांव प्रखंड के सांखे खास गांव में छठ घाट की तस्वीर बदलने की कवायद तेज हो गई है। व्रतियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए घाट की सफाई, रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। पंचायत की टीम घाट परिसर को छठ पूजा से पहले पूरी तरह तैयार करने में जुटी है। बुधवार को मुखिया प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रमोद कुमार गुप्ता ने छठ घाट का



निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने घाट परिसर में सफाई व्यवस्था, रंग-रोगन और आसपास की तैयारियों को देखा। मौके पर उन्होंने संबंधित कर्मियों को काम में और तेजी लाने तथा घाट की व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी नहीं रहने देने का निर्देश दिया। मुखिया मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि छठ श्रद्धा और आस्था का महापर्व है। घाट पर पहुंचने वाले व्रतियों को स्वच्छ और सुविधाजनक माहौल मिले, इसके लिए पंचायत स्तर से हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। छठ पूजा से पहले घाट को पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा, ताकि अर्घ्य के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। घाट की सफाई के साथ आसपास के क्षेत्रों को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। रंग-रोगन से घाट को नया रूप दिया जा रहा है। पंचायत की सक्रियता से स्थानीय लोगों में भी छठ की तैयारियों को लेकर उत्साह बढ़ा है।

छठ पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने रेलवे जंक्शन का किया निरीक्षण, विधि-व्यवस्था पर दिया जोर

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। छठ पर्व को लेकर यात्रियों की उमड़ने वाली भारी भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने बुधवार को समस्तीपुर रेलवे जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जंक्शन पर विधि-व्यवस्था, साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीओ श्री कुमार ने रेलवे अधिकारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान रेलवे जंक्शन पर यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि होती है, जिसे देखते हुए भीड़ प्रबंधन, टिकटिंग व्यवस्था, प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा और साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इसी क्रम में उन्होंने रेलवे प्रशासन को निर्देश दिया कि जंक्शन के सभी प्लेटफॉर्मों पर पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक यात्री सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी पर विशेष ध्यान देने को कहा। एसडीओ ने कहा कि, स्थानीय प्रशासन और रेलवे पुलिस को आपसी समन्वय बनाकर काम करें ताकि छठ पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। इस केलिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी और संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।





छठ पर्व को लेकर तैयारी तेज, बाजारों में बढ़ी रौनक

छठ घाटों की साफ-सफाई और मरम्मत का काम जारी, डीएम व एसडीओ ले रहे तैयारियों का जायजा

समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी। लोक आस्था का महापर्व छठ नजदीक आते ही जिलेभर में इसकी तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ रही है। वहीं, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक छठ घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम जोर-शोर से चल रहा है। छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। विभिन्न छठ घाटों पर चल रहे तैयारियों के कार्यों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा घाटों की स्थिति, साफ-सफाई, पहुंच पथ, रोशनी, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली जा रही है।

इधर, बाजारों में सूप, दउरा, नारियल, फल, ईख, मिट्टी के बर्तन, पूजा सामग्री और अन्य जरूरी सामानों की दुकानें सजने लगी हैं। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। ग्रामीण इलाकों में भी छठ घाटों को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय समितियों और ग्रामीणों द्वारा श्रमदान किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है, ताकि व्रतियों को अर्घ्य देने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। छठ पर्व को लेकर पूरे जिले में भक्तिमय माहौल बनने लगा है।

बमौरा घाट के निकट बाया नदी में डूबी नाव, एक 19 वर्षीय युवक लापता, तीन ने तैरकर बचाई जान, तलाश जारी

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना क्षेत्र की बाजिदपुर पंचायत स्थित बमौरा घाट के समीप बुधवार को बाया नदी में एक छोटी लोहे की नाव डूब गई। नाव पर सवार चार युवकों में तीन किसी तरह तैरकर नदी से बाहर निकल आए, जबकि एक युवक लापता हो गया। हादसे की खबर मिलते ही घाट पर अफरातफरी मच गई। लापता युवक की तलाश में स्थानीय गोताखोरों और नाविकों को लगाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, खनुआं गांव के चार युवक एक छोटी लोहे की नाव पर सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते नाव नदी में समा गई। नाव डूबते ही युवकों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, तीन युवक तैरकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे, जबकि चौथा युवक गहरे पानी में लापता हो गया। बताया जाता है कि बाहर निकले तीनों



युवक हादसे के बाद वहां से चले गए। लापता युवक की पहचान खनुआं गांव के वार्ड संख्या-12 निवासी चंद्रशेखर महतो के 19 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही विद्यापतिनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई अमृता राज के नेतृत्व में पुलिस टीम स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक की तलाश में जुट गई। नदी में गोताखोरों और नाविकों के माध्यम से खोजबीन की जा रही है। इधर, हादसे की खबर फैलते ही बमौरा घाट पर आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लापता युवक के परिजन भी नदी किनारे पहुंचकर उसकी खोजबीन की जानकारी लेते रहे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल नदी से सुरक्षित निकले तीनों युवकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनके संबंध में जानकारी जुटाने के साथ ही नाव डूबने के कारणों का भी पता लगा रही है।

चार दिनों से लापता 20 वर्षीय युवक का नहीं मिला सुराग, परिजनों से मिले माले नेता रौशन कुमार

पुलिस प्रशासन से खोजबीन तेज कर युवक की सकुशल बरामदगी की मांग, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। समस्तीपुर जिले के पूसा प्रखंड अंतर्गत हरपुर महमदा पंचायत के वार्ड संख्या-9 निवासी 20 वर्षीय रत्नेश कुमार पिछले चार दिनों से लापता हैं। वे 7 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे से अचानक लापता हो गए हैं। काफी खोजबीन के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन गहरे सदमे और चिंता में हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।



लापता युवक की पहचान शत्रुघ्न राम के पुत्र रत्नेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, उनकी उम्र करीब 20 वर्ष है। लापता होने के समय उन्होंने लाल रंग की शर्ट और काले रंग की जींस पहन रखी थी।

घटना की जानकारी मिलने पर भाकपा-माले युवा नेता सह पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी रौशन कुमार ने बुधवार को लापता युवक के घर पहुंचकर उनकी माता एवं अन्य परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली और इस मुश्किल घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान रौशन कुमार ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए अविलंब खोजबीन तेज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आसपास के इलाकों सहित संभावित स्थानों पर जांच-पड़ताल कर युवक की सकुशल बरामदगी के लिए त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि किसी को रत्नेश कुमार के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें तो तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा उनके परिजनों को सूचित करें। साथ ही लापता युवक की तस्वीर और सूचना को सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक साझा करने की अपील की, ताकि उनकी तलाश में मदद मिल सके।

रौशन कुमार ने कहा कि एक युवा के अचानक लापता होने से पूरा परिवार परेशान है। ऐसे संवेदनशील मामले में पुलिस प्रशासन को तत्परता दिखाते हुए खोजबीन अभियान तेज करना चाहिए, ताकि रत्नेश कुमार की जल्द से जल्द सकुशल घर वापसी हो सके।

रेलवे ट्रैक पर मिला 16 वर्षीय युवक का शव, पीटकर हत्या का आरोप

मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर हत्या करने का परिजनों ने लगाया आरोप, साक्ष्य छिपाने के लिए रेलवे ट्रैक पर शव रखने की आशंका

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव के चौर के समीप बुधवार को एक 16 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत चमरहरा गांव निवासी राजेश मांझी के पुत्र राजू मांझी के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की मां सुनीता देवी ने पुलिस को दिए बयान में हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि वह करीब 15 दिन पूर्व अपने बच्चों के साथ बढ़ौना गांव स्थित मायके आई थी। उनका पुत्र राजू मंगलवार की रात बढ़ौना-मोहनपुर घाट पर आयोजित नाटक देखने गया था। उन्होंने बताया कि राजू रविशंकर ईसर और विकास ईसर के खेत में मजदूरी करता था। मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर दोनों ने उसका मोबाइल छीन लिया था, जिसके बाद वह घर लौट आया। सुनीता देवी के अनुसार, बुधवार को दोनों युवक उनके घर पहुंचे और राजू को मोबाइल लौटाने की बात कहकर अपने साथ चलने को कहा। इस पर राजू ने पहले मजदूरी का पैसा मांगा तो आरोपितों ने पैसा देने से इनकार करते हुए विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों ने राजू के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची मां के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। इसके बाद आरोपित राजू को खींचकर ले गए और मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। मृतक की मां ने आगे आरोप लगाया कि घटना के बाद साक्ष्य छिपाने और हत्या को दुर्घटना का रूप देने की नीयत से शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया। हालांकि, इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने शव को वहां से उठाकर बढ़ौना चौर के निकट शशिधर झा की गाछी में रख दिया। इधर, थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की मां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

महावीरी अखाड़ा विवाद में पिता, पुत्र व पोते पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला, नौ नामजद

सोने की चेन छीनने व मारपीट का आरोप, भोरे थाने में दर्ज हुई प्राथमिकी

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत भवन निवासी विंध्याचल साह के घर में घुसकर पड़ोसियों ने लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित, उनके बुजुर्ग पिता और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।, घटना के संबंध में पीड़ित के बयान पर भोरे थाने में नौ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित विंध्याचल साह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि आठ नवंबर को दिन में करीब 11 बजे वे अपने पिता धर्मराज साह के साथ छत पर बोरे में धान भर रहे थे। इसी दौरान गांव के अक्षय लाल राजभर, राजन राजभर, नागेंद्र राजभर, जितेंद्र राजभर, रंजन राजभर, छोटे लाल राजभर, सरोज देवी, अर्चना देवी और आरती देवी हाथ में लोहे की रॉड, लाठी-डंडा और ईंट के टुकड़े लेकर पहुंचे और घर को चारों तरफ से घेर लिया। गाली-गलौज की आवाज सुनकर जब पिता-पुत्र नीचे उतरे, तो आरोपियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि अक्षय लाल राजभर ने लोहे की रॉड से विंध्याचल साह के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया। शोर सुनकर जब विंध्याचल का बेटा प्रिंस कुमार बीच-बचाव करने पहुंचा, तो उस पर भी रॉड से हमला कर ललाट जख्मी कर दिया गया।

बीरवट बाजार में कचरा फेंकने को लेकर मां-बेटी को पीटा

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के बीरवट बाजार में एक आरोपित के घर के बगल में स्थित अपने जमीन में कचरा फेंकने गई महिला के साथ पड़ोसियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। बीच-बचाव में आई उसकी बेटी की जमकर पिटाई की गई। वहीं महिला का अंगूठा दांत से काट लिया गया।

लोकतंत्र की जननी वैशाली के वसही में 21 को आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को सफल बनाएं : नित्यानंद राय

एनडीए की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

समस्तीपुर एनएसबी। लोकतंत्र की जननी वैशाली जिले के वसही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में समस्तीपुर से अधिकाधिक संख्या में लोगों के शामिल होने को लेकर बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि भाजपा बिहार प्रदेश के सह प्रभारी राज्यसभा सांसद संगीता यादव, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विधायक अश्वमेध देवी, रालोमो नेता प्रशांत पंकज सहित सभी मंचासीन नेताओं बैठक का विधिवत शुभारंभ किया। बैठक वंदे मातरम् के गायन से प्रारंभ हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी राज्यसभा सांसद श्रीमती यादव ने कहा कि बिहार की धरती पर बिहार के विकास को आगे बढ़ाने को लेकर सौगात लेकर प्रधानमंत्री वैशाली आयेंगे। इस दौरान अनेक योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए जन सभा को संबोधित करेंगे। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनकर जनसभा को ऐतिहासिक बनाना है।



वहीं बैठक को संबोधित करते केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने जनसभा के बारे में बताते हुए कि कहा कि देश ही नहीं दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र के जन्मस्थल वैशाली बिहार में विंदू 6लेन पुल सहित कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसी क्रम मे उन्होंने समस्तीपुर जिला के लोगों से ऐतिहासिक जनसभा में शामिल होने आह्वान करते हुए आमंत्रित किया। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने लोगों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर एनडीए कार्यकताओं से जनसभा में शामिल होने और स्थानीय स्तर पर लोगों को इसमें शामिल होने के निमंत्रित कर अधिकाधिक संख्या शामिल होने का आह्वान किया।

बैठक का अध्यक्षता भाजपा समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, संचालन लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अनुपम सिंह उर्फ हीरा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन जदयू के जिलाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय किया।

बैठक को भाजपा प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, जगरनाथ ठाकुर, एमएलसी डॉ तरूण कुमार, वीरेंद्र कुमार पासवान, महेश्वर हजारी, राजकुमार राय, पूर्व विधायक अशोक कुमार मुन्ना, भाजपा दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा, राम सुमिरन सिंह, हम के जिलाध्यक्ष धीरज ठाकुर, रालोमो के जिलाध्यक्ष निशांत कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, जिला मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, शशिकांत आनंद, अनश रिजवान, नीरज भारद्वाज, विमल कुमार गोलू, सहित अन्य लोग ने संबोधित किया।

डीएम और एसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

अरवल (एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया अरवल नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त निरीक्षण, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अहियापुर, जनकपुर धाम सहित विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव द्वारा संयुक्त रूप से नगर परिषद, अरवल क्षेत्र अंतर्गत अहियापुर, जनकपुर धाम सहित विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, संपर्क मार्गों की स्थिति, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया।



निरीक्षण करते डीएम और एसपी।

नगर परिषद द्वारा क्षेत्र अंतर्गत कुल 10 छठ घाटों पर विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ चेंजिंग रूम, समुचित प्रकाश व्यवस्था, प्रशासनिक मंच, बैरिकेडिंग, वेलकम गेट, साउंड सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षित आवागमन एवं अन्य आवश्यक तैयारियाँ ससमय पूर्ण कर ली जाएँ। विशेष रूप से घाटों तक पहुँचने वाले संपर्क मार्गों को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने, घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने छठ महापर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख छठ घाटों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, प्रभावी भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएँ।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निर्देश दिया कि छठ घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही घाटों पर प्रवेश एवं निकास मार्गों की समुचित व्यवस्था, मजबूत बैरिकेडिंग तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को सभी 10 छठ घाटों पर निर्धारित सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा तैयारियों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित, स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) बालेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी श्री संजीव कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद अरवल मोनू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा कुमारी, अंचलाधिकारी सोनम राज एवं सदर थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

भाई की लंबी उम्र के लिए बहनों ने मनाया भैया दूज

कुर्था (एनएसबी)। भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व प्रखण्ड क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी



अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर परिस्थिति में साथ निभाने का संकल्प लिया। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। इसके बाद भाइयों ने अपनी बहनों को मिठाई और उपहार देकर आशीर्वाद लिया। कई घरों में परिवार के सभी सदस्य एकत्रित होकर इस पर्व की खुशियां मनाते नजर आए। मान्यता है कि भैया दूज के दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं। यह त्योहार भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और आपसी सहयोग को और मजबूत बनाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के लिए विशेष पूजा करती हैं और भाई भी बहनों के प्रति अपने स्नेह और जिम्मेदारी का भाव प्रकट करते हैं। आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ के बीच भी इस पारंपरिक पर्व का महत्व कम नहीं हुआ है। जिन बहनों के भाई दूसरे शहरों में रहते हैं, उन्होंने भी फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से पर्व की खुशियां साझा कीं। कुल मिलाकर भैया दूज का त्योहार जिले में पारिवारिक प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

तिलक लगाकर की सुख-समृद्धि की कामना

अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

कुर्था(एनएसबी) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय निघवां में कथित वित्तीय अनियमितता और विद्यालय संचालन में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में तालाबंदी कर प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार भास्कर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विद्यालय में नियमित रूप से पढ़ने वाले कई छात्र-छात्राओं के नाम विभागीय पोर्टल पर दर्ज नहीं हैं, जबकि विद्यालय से संबंध नहीं रखने वाले विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने की शिकायत है। ग्रामीणों का कहना है कि कथित अनियमितताओं के कारण वास्तविक विद्यार्थियों को योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में अनियमितताओं की शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने मांग की कि अरवल के जिलाधिकारी स्वयं विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच कराएं। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि निष्पक्ष जांच और कार्रवाई होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इसे लेकर प्रधानाध्यापक वीरेंद्र भास्कर से बात करने के कोशिश की गई परन्तु सम्पर्क नही हो सका।

मौलाना आजाद आधुनिक भारत की शिक्षा व्यवस्था के प्रमुख शिल्पकार

पटना (एनएसबी)। राजद कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद एवं भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब की जयंती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर मौलाना साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्री मंडल ने कहा कि मौलाना साहब ने देश के प्रथम शिक्षामंत्री के रूप में शिक्षा में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को प्रतिष्ठित किया और देश की एकता एवं अखंडता की हिमायत की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह, भोला यादव, बीनू यादव, पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, मदन शर्मा, डॉ. प्रेम कुमार गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकताओं ने मौलाना साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जदयू मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा ने देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया और प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद आधुनिक भारत की शिक्षा व्यवस्था के प्रमुख शिल्पकार थे। स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने यूजीसी, एआईसीटीई और आईआईटी जैसे शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखकर देश में ज्ञान और विज्ञान की ज्योति जलाई। दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की 138वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने मौलाना आजाद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान, राजेश राठौड़, असितनाथ तिवारी, वैद्यनाथ शर्मा, पंकज यादव, डॉ. अमन कुमार, अमित कुमार सिंह, अरविन्द लाल रजक, उदय शंकर पटेल सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम की मनायी गयी 138वीं जयंती

छठ व्रतियों के बीच सूप एवं पूजन सामग्री का वितरण

पटना। बुधवार को वैश्य महासभा, पटना महानगर की ओर से फुलवारीशरीफ के पुर्नेदु नगर, खोजा इमली में आयोजित सूप वितरण कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उप-नेता सह विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छठ व्रतियों एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच सूप और पूजन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर श्री सर्राफ ने कहा कि छठ महापर्व हमारी लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पर्व की खुशियां तभी सार्थक हैं, जब समाज का हर वर्ग उसमें सहभागी बने। उन्होंने सभी छठ व्रतियों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान सूर्य एवं छठी मैया से सबके सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में विधायक श्याम रजक, संस्था की चेयरपर्सन रीता देवी, वैश्य महासभा के दिलीप कुमार, कृष्णा मुरारी अग्रवाल, सूरज कुमार, कोमल बरनवाल, रीता जैन, राजकुमार, अजय किशोर, नीतू जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

आईसीसी ने बिहार भवन उप-विधियां 2026 को सराहा

पटना (एनएसबी)। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने बिहार कैबिनेट द्वारा बिहार भवन उप-विधियां 2026 की स्वीकृति का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीसी (बिहार राज्य परिषद) के अध्यक्ष प्रभात कुमार सिन्हा ने इसे राज्य के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने और बिहार की आर्थिक वृद्धि को गति देने की दिशा में एक प्रगतिशील एवं परिवर्तनकारी पहल करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति इज ऑफ डूइंग बिजनेस, इज ऑफ लिविंग और अनुपालन बोझ में कमी के प्रति बिहार सरकार की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसका मुख्य उद्देश्य भवन निर्माण स्वीकृति प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और अधिक निवेशक-अनुकूल नियामक वातावरण तैयार करना है।

पीड़ित परिवार से मिलकर स्थानीय सांसद ने जताई संवेदना



कुर्था (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी मनोज कुमार सुनार की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों के पीड़ित परिवार से मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को स्थानीय सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव कुर्था पहुंचे और स्वर्ण व्यवसायी स्वर्गीय मनोज कुमार के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने इस हृदयविदारक घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की बात कही। विदित हो कि विगत 5 नवंबर को मनोज कुमार की मोतेपुर बाजार स्थित अपनी व्यावसायिक प्रतिष्ठान से घर लौटने के दौरान अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद से ही पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय व्यवसायियों एवं आम लोगों में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता देखी जा रही है। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि स्वर्ण व्यवसायी मनोज कुमार की हत्या प्रशासन की विफलता है। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े अथवा सरेराह इस तरह की जघन्य वारदात होना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए तथा घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। सांसद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को इस तरह अपराधियों का निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस और प्रशासन को पूरी गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। इस दौरान अरवल जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह यादव सहित क्षेत्र के कई स्थानीय नेता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत मनोज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

परिजनों से मिलते सांसद

छठ घाटों का बीडीओ एवं थानाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते पदाधिकारी।

मेहंदिया (एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित कलेर सूर्य मंदिर परिसर, प्रताप नगर सूर्य मंदिर परिसर एवं वहां स्थित तालाब का निरीक्षण बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार एवं कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने सशस्त्र बलों के साथ किया। इस दौरान अधिकारियों ने छठ घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष इंदल सिंह, सचिव रामजी सिंह, पूजा मंत्री नितीश कुमार सिंह, गोरख सिंह एवं उमाशंकर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पटना पुलिस द्वारा वाहनों को रोके जाने से एनएच-139 पर लगा 10 किलोमीटर लंबा जाम घंटों फंसे रहे यात्री

मेहंदिया (एनएसबी)। पटना की ओर जाने वाले वाहनों को पटना पुलिस द्वारा रोके जाने के कारण बुधवार को अरवल जिले में एनएच-139 पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। देखते ही देखते हसनपुर से लेकर मैडला होते हुए मेहंदिया तक करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर ट्रकों, बसों, चारपहिया वाहनों एवं अन्य छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कई किलोमीटर तक वाहनों के पहिए थम गए। इसके कारण यात्रियों एवं वाहन चालकों को घंटों सड़क पर परेशानियों का सामना करना पड़ा।बताया जाता है कि पटना की ओर जाने वाले वाहनों को पटना पुलिस द्वारा रोक दिए जाने के कारण वाहनों का दबाव अरवल जिले की सीमा में बढ़ता चला गया। देखते ही देखते एनएच-139 पर वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई और यातायात प्रभावित होने लगा। हसनपुर से शुरू हुआ वाहनों का जमावड़ा मारेला होते हुए मेहंदिया तक पहुंच गया। सड़क पर ट्रकों की लंबी कतार लगने के कारण छोटे वाहनों को निकलने तक का रास्ता नहीं मिल पा रहा था। वहीं, कई वाहन चालक काफी देर तक एक ही स्थान पर खड़े रहने को मजबूर रहे। जाम के कारण सबसे अधिक परेशानी लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को हुई। पटना सहित अन्य स्थानों की ओर जाने वाले लोग अपने निर्धारित समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। वहीं, रोजमर्रा के काम से निकलने वाले स्थानीय लोगों को भी आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार के कारण आसपास के गांवों से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी भी बढ़ गई। कई वाहन चालकों को जाम से निकलने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।इस संबंध में अरवल थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बताया कि पटना की ओर जाने वाले वाहनों को पटना पुलिस द्वारा रोके जाने के कारण अरवल में जाम की समस्या उत्पन्न हो गई थी। इसके चलते एनएच-139 पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया था। हालांकि, धीरे-धीरे वाहनों को नियंत्रित करते हुए परिचालन सामान्य कराया गया। उन्होंने बताया कि स्थिति को संभालने के बाद सड़क पर वाहनों की आवाजाही पुनः सामान्य स्थिति में बहाल कर दी गई।करीब 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगने से बुधवार को एनएच-139 पर आवागमन करने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।



जाम में फांसी गाड़ियां।

प्रशांत किशोर के बयान पर भड़के कांग्रेस नेता कहा ब्राह्मण समाज को गुमराह करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं

कुर्था (एनएसबी)। प्रशांत किशोर द्वारा ब्राह्मण समाज की आर्थिक स्थिति और धनबल को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता रंजीत तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नाराजगी जताई है। उन्होंने प्रशांत किशोर के बयान की घोर निंदा करते हुए बिहार सहित पूरे देश के ब्राह्मण समाज से अपील की कि वे उनके बहकावे में न आएं और अपने सामाजिक एवं राजनीतिक हितों को समझें। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर ब्राह्मण समाज के हितैषी होने का दावा करते हैं, लेकिन उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि अब तक उन्होंने कितने गरीब ब्राह्मण परिवारों की आर्थिक मदद की है और कितने संस्कृत विद्यालयों के निर्माण में योगदान दिया है। समाज के नाम पर बयान देने से पहले समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का हिसाब भी देना चाहिए। उन्होंने ब्राह्मण और मुस्लिम समाज के बीच संघर्ष की चर्चा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संविधान और गीता में विश्वास रखने वाले ब्राह्मणों ने कभी किसी धर्म के लोगों से दुश्मनी नहीं रखी है और न ही वे आपसी सौहार्द के खिलाफ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अशफाक उल्ला खां और पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की दोस्ती व बलिदान हिंदू-मुस्लिम एकता की ऐतिहासिक मिसाल है। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक के उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की खूबसूरती विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सम्मान भाईचारे और एकता में निहित है। आगे उन्होंने कहा कि ब्राह्मण और मुस्लिम सहित सभी गरीब एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को अपनी ताकत और अधिकारों को पहचानने की जरूरत है। समाज को बांटने वाली राजनीति से बचते हुए आपसी एकता को मजबूत करना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने तथा अपने संवैधानिक और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने दोहराया कि प्रशांत किशोर के बयानों से प्रभावित होने के बजाय समाज के लोग उनके कार्यों और योगदान के आधार पर ही उनका मूल्यांकन करें।

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में धूमधाम से मनाया गया चित्रगुप्त पूजा

पटना (एनएसबी)। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में भगवान चित्रगुप्त की पूजा पूरे विधि-विधान और धूमधाम से मनाई गयी। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद अध्यक्ष व गर्दनीबाग ठाकुड़बाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त सभी मनुष्यों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखते हैं, इसलिए इस दिन विशेष रूप से कलम-दवात की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। पूजा समिति द्वारा विशाल सामाजिक समरसता प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर 25 गरीब और मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप भी प्रदान किया गया। समिति के अन्य सम्मानित सदस्यों में पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कु सिंह, सचिव चंचल कुमार, अंजनी कु सिन्हा, आशीष कु मिश्रा, प्रो केसी सिन्हा, प्रो प्रवीण कुमार, प्रो शशि प्रताप शाही, डॉ नीता नाथ, मुकेश रंजन झा और पं. सत्य प्रकाश पाण्डेय शामिल हैं। साथ ही अभय कुमार, अवधेश प्रसाद सिन्हा, शैलेश कुमार, रूचि श्रीवास्तव, अजय सुंदर, सुषमा सिन्हा, अमन राज, राजीव कुमार, अभिषेक कुमार और अमित राज भी आयोजन को सफल बनाने में बतौर सदस्य अपनी सक्रिय भूमिका में रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के जन-जन के नेता : नित्यानंद राय

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर के बाजार समिति में स्थित रविंद्र पैलेस में प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के राजापाकर विधानसभा अंतर्गत जाफरपट्टी में 21 नवम्बर को उनके आगमन की तैयारी हेतु जिला स्तरीय एनडीए की बैठक आयोजित की गई ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिला के अध्यक्ष दक्षिणी अजय कुशवाहा ने किया। उन्होंने कग कि इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राघोपुर कच्ची दरगाह पुल का उद्घाटन करेंगे और नई सौगात बिहार को देंगे ।

इस अवसर पर भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री आदरणीय नित्यानंद राय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के जन-जन के नेता है उनका फिर से बिहार आना बिहार के विकास के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है ।आज देश की जनता को हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर अटूट विश्वास है। हम लोगो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन पर लाखों लाख की संख्या में उपस्थित

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एनडीए की बैठक आयोजित



होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। पूरा एनडीए के घटक दल और पूरे जिलेवासी हम सब मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। यह वैशाली जिले के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा और यह पूरे जिले वासियों के लिए भी गौरव का पल होगा जब हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एक बार फिर अपने जिले में लोकतंत्र की धरती पर उनका आगमन हो रहा है। बैठक में

बिहार के भाजपा प्रभारी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री हरिश द्विवेदी, बिहार सरकार के मंत्री लखेन्द्र पासवान, माननीय मंत्री दीपक प्रकाश, जादयू के प्रदेश अध्यक्ष माननीय विधायक महनार उमेश कुशवाहा, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री राजेश वर्मा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, हाजीपुर के माननीय विधायक अवधेश सिंह, वैशाली के माननीय विधायक सिद्धार्थ पटेल, विधानपार्षद असरफ अंसारी, लालगंज के माननीय विधायक संजय कुमार सिंह, राजापाकर के माननीय विधायक महेन्द्र राम, भाजपा वैशाली उत्तरी जिलाध्यक्ष अजव लाल, भाजपा वैशाली दक्षिणी जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, जदयू जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, हम के जिलाध्यक्ष अरविंद पासवान, रालोजपा जिलाध्यक्ष लालदेव राम सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना, बहनों ने गोधन कूट भाई दीर्घायु की कामना

पटना सिटी/एनएसबी। कलम जीवियों के आराध्य देव व पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना बुधवार को परंपरागत तरीके से सामूहिक व एकल पूजा कायस्थों ने किया. श्री आदि चित्रगुप्त मंदिर नौजर घाट में सामूहिक पूजा का अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से हुई. मंदिर में दर्शन पूजन के लिए नागलैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन,प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी,मंत्री प्रभाकर मिश्र,विधायक रतनेश कुमार व संजय गुप्ता,महापौर सीता साहू,प्रतिनिधि शिशिर कुमार,पद्मश्री डॉ गोपाल प्रसाद सिन्हा,निर्वतमान एसडीओ सत्यम सहाय समेत अन्य ने पहुंचे. आयोजन में मंदिर प्रबंधक समिति उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा,प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा,पूजन समिति के अध्यक्ष लाला प्रकाश,उपाध्यक्ष प्रभात बहादुर माथुर,धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना,नवीन कुमार सिन्हा, अजय कुमार मंटू,सन्नी सिन्हा,उपेंद्र सिन्हा, अनूप कुमार सिन्ध्या,अजय कुमार बबलू,प्रो चंद्रमोहन राय सक्सेना,चंद्रभानु सिन्हा समेत अन्य लोगों ने भाग लिया. इस दौरान गुरुवार को सामूहिक आरती के साथ चित्रगुप्त मंदिर घाट पर चित्रगुप्त प्रतिमाओं का सामूहिक विसजर्न होगा. चित्रगुप्त पूजा उत्थान समिति की ओर से चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा गायघाट बजरंगपुरी में स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी. इसमें नागलैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव भी शामिल हुए. समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार सिन्हा पंकज की अध्यक्षता व महासचिव राकेश कुमार सिन्हा के संचालन धार्मिक अनुष्ठान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाईभोज का आयोजन हुआ.आयोजन में उपाध्यक्ष अंजनी कुमार कर्ण,सुबोध कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा,सर्वेश्वर कुमार सिन्हा,रूद्र कुमार मिल्लक,आरके वर्मा,सुरेश प्रसाद,राकेश कुमार सिन्हा,कौशल किशोर,मिथिलेश कुमार,अश्विनी कुमार वर्मा,दुर्गेश सिन्हा,केएम अंबष्ठा,विनोद कुमार सिन्हा,राजीव रंजन,सुमन कुमार सिन्हा,मुरारी कुमार सिन्हा,सरोज सहाय,संजीव वर्मा,प्रशांत रंजन,अनूज कुमार अंबष्ट ,अभय कुमार सिन्हा,डॉ अरविंद, अवधेश कुमार सिन्हा,संजय कुमार सिन्हा,संजीव कुमार सिन्हा,राजेश कुमार, श्रषभ राज,शुभम राज,आयुष राज,अशोक कुमार समेत अन्य शामिल थे. दूसरी ओर भैया दूज का त्योहार भी परंपरागत तरीके से मनाया गया. बहनों ने गोधन कूट कर भाई के लंबी उम्र व समृद्धि की कामना की.

सूर्योपासना पर्व छठ का संकल्प व्रत कल से

पटना सिटी/एनएसबी। सूर्य उपासना पर्व छठ के चार दिनों का अनुष्ठान शुक्रवार को संकल्प व्रत से आरंभ होगा. छठव्रती महिलाएं पवित्रता से बने भोजन को ग्रहण कर व्रत का संकल्प नहाय खाय कर लेगी. इधर त्योहार को लेकर उसके निमित्त उपयोग आने वाली सामग्री का बाजार चौक चौराहों पर सज गया गया है. जहां पूजा के नियमित उपयोग आने वाली सामग्री की खरीदारी की जा रही है. खासतौर पर संकल्प व्रत को हरी सब्जी की खरीदारी शुरू हो गयी है. त्योहार के निमित्त उपयोग आने वाली सामग्री व सब्जियों की खरीदारी के लिए गुलजारबाग हाट, मीना बाजार, खाजेकलां सब्जी मंडी, तरकारी बाजार चौक, नून का चौराहा, गुड़ की मंडी, अगमकुआं, चौकशिकारपुर नाला, मोरचा रोड़, गौरीदास की भठ्टी, सकरी गली के साथ त्रिपोलिया और अन्य जगहों पर खरीदारी का सिलसिला कायम रहा. व्रतियों ने पूजन सामग्री के साथ सूप दौरा व आम लकड़ी समेत अन्य सामग्री की खरीदारी की.

विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की प्रतिभा

पटना सिटी/एनएसबी। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस समारोह पर विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी कश्मीरी कोठी स्थित खादिमुल इस्लाम हाई स्कूल में लगायी गयी.कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव सैयद हुसैन मजीद ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया. कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट इबरार अहमद रजा ने किया.आयोजन में अनवरु ल होदा,पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी,मो शमीम,मो जावेद,इरशाद खान,मो निजामुद्दीन, शाह फैजुर रहमान, मो. शब्बीर उद्दीन एवं मो. आदिल समेत अन्य ने विचार रखे. धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य नैय्यर उल हक ने की.

झांसा देकर ठगे 60 हजार, खाता से उड़ाये 90 हजार

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना भागवत नगर मुहल्ला निवासी 70 वर्षीय बैद्यनाथ पांडेय के घर पहुंचे खुद को बिजली कंपनी का स्टॉफ बता मीटर जांच का झांसा दे मीटर से हुई छेड़छाड़ की बात कह कर डरा धमका कर 60 हजार रुपये की ठगी कर लिया है. पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना में दर्ज करायी है. दर्ज शिकायत के आधार पर पुसिल मामले में छानबीन कर रही है. वहीं अगमकुआं थाना में ही मुजफ्फरपुर निवासी दीपंकर चटर्जी ने खाता से 90 हजार रुपये की निकासी करने की शिकायत दर्ज करायी है. दर्ज शिकायत में पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि खाता से बिना किसी लेन देन के तीन किस्तों में 90 हजार रुपये की निकासी हो गयी है. पुलिस ने बताया दोनों पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले में छानबीन की जा रही है.

थानेदार तैयार करेंगे डोजियर, गुंडा पंजी, ऑनलाइन उपलब्ध होगी अपराधियों व माफियाओं की कुंडली

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। इसमें अक्टूबर माह के अपराध और विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गयी। पुलिस कप्तान विनय तिवारी ने थानेदारों को आदेश दिया कि थाने में डोजियर, गुंडा पंजी तैयार करे। अपराधियों, माफियाओं की पूरी कुंडली उसमें दर्ज करे। थाना क्षेत्र में मनबढ़, आदतन, पेशेवर, सुनियोजित क्राइम करने वाले, भू- माफिया, ड्रग्स के कारोबार में लिप्त रहने वालों को उसमें शामिल करे। अपराधियों की कुंडली को ऑनलाइन किया जाये। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष और विभिन्न शाखाओं के संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के निष्पादन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी और अनुसंधान की गुणवत्ता की बिंदुवार समीक्षा की गयी। एसपी ने सभी अनुसंधानकताओं को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, पर्यवेक्षी पदाधिकारियों को कांडों की नियमित मॉनिटरिंग करने और अनुसंधान में आ रही बाधाओं को दूर करने को कहा। एसपी



ने इंजरी स्लिप और इंजरी रिपोर्ट बिना देरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट अधिकतम 30 मिनट के अंदर प्राप्त कर संबंधित पोर्टल पर अपलोड कराने को कहा। रिपोर्ट मिलने में देरी होने की स्थिति में धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में दुष्कर्म और पॉक्सो से जुड़े कांडों की प्रविष्टियों को आइटीएसएसओ पोर्टल पर अपडेट करने को कहा गया। इसके अलावा सीसीटीएनएस, एनएएफआइएस, वात्सल्य समेत अन्य पोर्टलों पर लंबित कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने फरार और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने को कहा। विशेष रूप से एनडीपीएस से जुड़े मामलों के आरोपितों की गिरफ्तारी को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा लंबित वारंट, इश्तेहार और कुर्की का त्वरित निष्पादन करने को कहा गया। बैठक में पुलिस पर हमला, सांप्रदायिक मामलों और निर्वाचन से जुड़े कांडों की अलग-अलग समीक्षा की गयी। एसपी ने पुलिस कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचनाओं का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। सभी पुलिस पदाधिकारी जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।

चित्रगुप्त घाट पर धूमधाम से हुई भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा

हाजीपुर/एनएसबी। केन्द्रीय चित्रगुप्त पूजा समिति के तत्वावधान में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य पूजा अर्चना बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। पूजा का आयोजन चित्रगुप्त घाट स्थित श्री श्री 108 बाबा बद्री विशाल चित्रगुप्त मंदिर में किया गया, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता मंदिर कमिटी के अध्यक्ष डॉ. रंजन ने की। वहीं पूजा एवं कार्यक्रम का सफल संचालन मंदिर कमिटी के सचिव डॉ. प्रतीक यशस्वी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नू प्रसाद श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्था की देखरेख की। पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त को कलम, दवात, पुस्तक और मिठाई का भोग अर्पित किया गया। कायस्थ समाज के लोगों ने अपने इष्ट देव की पूजा कर सुख-समृद्धि और लेखनी में सफलता की कामना की।

इस अवसर पर डॉ. रंजन ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज के आराध्य देव ही नहीं, बल्कि न्याय, लेखन और कर्म के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर शिक्षा, संस्कार

श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। डॉ. प्रतीक यशस्वी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा का आयोजन भव्य रूप से किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नू प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रगुप्त पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से अपनी परंपरा और संस्कृति को सहेज कर रखने की अपील की। पूजा के बाद महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। पूजनोत्सव में उपस्थित लोगों में डॉ रंजन, डॉ प्रतीक यशस्वी, डॉ. आर्य रंजन, आलोक रंजन, अमिय रंजन, अमय श्रेष्ठ रंजन, विशाल गौरव, अनिमेष प्रकाश, डॉ. कुमार विवेक गौरव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, डब्लू श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार रतन, संजीत कुमार कातिब, चुन्नू श्रीवास्तव, प्रणय श्री आदि उपस्थित रहे।

हरपुर गंगाराम में जमीनी विवाद में हुई गोलीबारी में दो लोग घायल, दहशत में ग्रामीण

घटना के बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेते हुए भेजा जेल

महुआ/एनएसबी। थाना क्षेत्र के हरपुर गंगाराम गांव में मंगलवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोग घायल हैं।दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।घटना के बाद घायल पीड़ित के आवेदन दिए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए कई लोगों हिरासत में लेते हुए पूछ ताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है।घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार की रात लोग खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक दो पक्षों के बीच विवाद को लेकर गोलीबारी शुरू हो गई। इस घटना में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए।घटना के बाद ग्रामीणों में भय और तनाव का माहौल है।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से गांव में गश्ती की जा रही है।बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर शिवशंकर सिंह और उमाशंकर सिंह के बीच जमीन विवाद को लेक कहासुनी हुई थी।देखते ही देखते कहासुनी मारपीट बदल गई थी।इसकी सूचना डायल 112 की पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा- बुझाकर तत्काल मामले को शांत करा दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य होती दिखाई दी और पुलिसकर्मी वापस लौट गए।ग्रामीणों के अनुसार, पुलिस के लौटने के कुछ ही समय बाद मंगलवार की देर रात एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच विवाद गहरा गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष की गौशाला में बंधी गाय के साथ लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी।मारपीट होते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गाय को बचाने का प्रयास करने लगे।इसी दौरान अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।इस गोलीबारी की घटना में शिवशंकर सिंह की पत्नी सुमित्रा देवी के हाथ में गोली लग गई, जबकि देवेंद्र महतो के पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए।पीड़ित परिवारों के अनुसार, पांच से छह राउंड गोली चलने की सूचना है। वही पुलिस ने इस घटना में दो राउंड गोली चलने की बात कही है। पीड़ित परिवार के द्वारा दिए गए आवेदन के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है।

छठ महापर्व को लेकर हाजीपुर जंक्शन पर हाई अलर्ट

RPF-GRP और डॉग-बम स्क्वायड की संयुक्त टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

हाजीपुर/एनएसबी। लोक आस्था के महापर्व छठ पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए हाजीपुर जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रभारी निरीक्षक पद्मश्र हाजीपुर प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में पद्मश्र ऋद्ध, डॉग स्क्वायड बरौनी और बम डिटेक्शन स्क्वायड की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन पर गहन चेकिंग अभियान चलाया। संयुक्त टीम द्वारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्सल कार्यालय, वेटिंग हॉल और पार्किंग एरिया की बारीकी से तलाशी ली गई। आरपीएफ डॉग स्क्वायड के खोजी कुत्ता 'मिलो' ने पूरे स्टेशन परिसर में सघन जांच की, वहीं बम डिटेक्शन स्क्वायड ने यात्रियों के सामान और स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पद्मश्र टीम ने लाउडहेलर के माध्यम से यात्रियों को



जागरूक भी किया। यात्रियों को नशाखुरानी गिरोह से सावधान रहने, भीड़ में चोर-उचक्कों से सतर्क रहने, रेलवे ट्रैक पार न करने और हमेशा फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करने की अपील की गई। इस संयुक्त अभियान में पद्मश्र से उप निरीक्षक राकेश कुमार, आरक्षी राजीव रंजन, संजय प्रजापति, त्रिभुवन यादव, महिला आरक्षी सुनीता कुमारी, सहायक उप निरीक्षक अमरेश कुमार, सुनील दत्त राय, ऋद्ध से उप निरीक्षक आरिफ अंसारी, मनोज कुमार, प्रिंस कुमार, पंकज कुमार, महिला आरक्षी इशरत बानो, डॉग स्क्वायड से अश्क अमित कुमार और बम डिटेक्शन स्क्वायड से आरक्षी राजू कुमार शर्मा सहित कई जवान शामिल रहे।

ज्ञान विज्ञान और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर का दिखा जलवा

महुआ/एनएसबी। कृषक कल्याण समिति पर सोनिया के द्वारा आयोजित ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र छात्र छात्राओं के द्वारा किए गए प्रदर्शन को देख कर लोगों ने इन बच्चों की जमकर सराहना की। इस मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्राओं को कृषक कल्याण समिति परसोनिया के द्वारा शील्ड और कई अन्य सामग्री पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित भी किया गया। इस ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में 101 अंकों के साथ आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर प्रथम,69 अंकों के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरपुर ओस्ती द्वितीय, 67 अंकों के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसौनिया तृतीय तथा 45 अंक के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओस्ती चतुर्थ स्थान

प्राप्त किया।वही इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 22



अंकों के साथ आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर प्रथम,19 अंकों के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओस्ती द्वितीय, 17 अंकों के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरपुर ओस्ती तृतीय तथा 15 अंक के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसौनिया चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वंदे मातरम् एवं समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ विश्वनाथ कुमार, बालेंद्र सिंह, सूरज, रंजन, मुन्ना सर,मनीष,रौनक, डॉ आफताब आलम, नगीना प्रसाद सिंह। इस कार्यक्रम में शैलेश कुमार, जयकुमार सिंह, डॉ विश्वनाथ सिंह,राजीव नयन, प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सिंह जवाहर राय,शंभू कुमार ,डॉक्टर नरेश ठाकुर ,अशोक कुमार, रामलाल चौधरी,देव चौधरी, जगन्नाथ कुमार,सारिका कुमारी, नारायण सिंह ,निराला जी के अलावा सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कुख्यात कोढ़ा गैंग का सदस्य कटिहार से गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। नगर थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चेन और रुपये की छिनतई करने वाले कुख्यात कोढ़ा गैंग के एक सक्रिय सदस्य को कटिहार में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अपराधी की पहचान कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के नया टोला जुराबगंज निवासी बलराम यादव के पुत्र राज कुमार यादव के रूप में हुई है। इसके विरुद्ध लूट और स्नैचिंग समेत 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में सदर ऊढ सुबोध कुमार ने जानकारी दी। जदुआ में महिला से चेन छिनतई के बाद हरकत में आई पुलिस उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नगर थाना, सदर थाना और औद्योगिक थाना क्षेत्र में चेन और रुपये छिनतई की घटनाएं बढ़ गई थीं। बीते 3 नवंबर को नगर थाना क्षेत्र के जदुआ लालटेन चौक के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने कुम्हार टोली निवासी दीपमाला के गले से सोने की चेन छीन ली थी। पीड़िता ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के निर्देश पर ऊढ सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में नगर थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार, रक रंजीत केवट समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। टीम ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर अपराधी की पहचान कर कटिहार में छापेमारी कर उसे धर

हाजीपुर में चेन स्नैचिंग गैंग का पदार्फाश, सोने की चेन बरामद



दबोचा। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 3 नवंबर को लूटी गई चेन भी बरामद कर ली है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सुनसान सड़क पर अकेली जा रही महिलाओं का पीछा करता था और मौका पाकर चेन छीनकर फरार हो जाता था। जांच में पता चला है कि राजकुमार शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पटना के अलग-अलग थानों में 4, वैशाली के नगर थाने में 2, पूर्णिया में 1, कटिहार में 1 और अररिया में 2 मामले दर्ज हैं।

हजरत फातिमा जहरा का जीवन पर संगोष्ठी

पटना सिटी/एनएसबी। हजरत फातिमा के स्मृति में हजरत फातिमा जहराः एक अनुकरणीय चरित्र पर राष्ट्रीय संगोष्ठी व मुशायरा सह कवि सम्मेलन सुल्तानगंज स्थित खानकाह हजरत दीवान शाह अरजान में हुई. दो चरणों में हुए संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मौलाना सैयद मुराद रजा व अतिथियों का स्वागत सज्जादा नशीं प्रोफेसर डॉ. सैयद शाह हसीन अहमद ने की. इसकी शुरूआत हाफिज जिगर आलम ने तेलावत कुरान से की. वहीं बजील अहमद अशरफी ने नात-ए-पाक पढ़ी. गोष्ठी का संचालन डॉ. मुहम्मद मिन्हाजुद्दीन ने की. गोष्ठी में प्रो इशक रजा जैदी,संपादक एस.एम. अशरफ फरीद, प्रो हसन अब्बास ने विचार रखे. द्वितीय सत्र संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. कासिम फरीदी व शमीम कासमी ने की. आयोजन में प्रो हसन अब्बास,डॉ. नूरु ल इस्लाम नदवी, डॉ. मुबीन कुरेशी, डॉ आसिफ अख्तर, डॉ सैयद हुमायूँ अख्तर,सरदार गुरु चरण सिंह, प्रो मणि भूषण कुमार, अनवारु ल हसन वस्तवी, सुल्तान आजाद, डॉ. कैसर जाहिदी, डॉ. अशरफ-उन-नबी कैसर, अतहर फरीदी अली अहमद,मंजूर आलम, डॉ. अरमान हसन, सैयद मुदस्सर इमाम रजिवी समेत अन्य ने अपने विचार रखते हुए हजरत फातिमा के जीवन व सेवाओं को सांझा किया. इसके बाद मुशयरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ.

संक्षिप्त खबरें

श्रीराम-जानकी मंदिर समिति के खाते से 1.70 लाख की फर्जी निकासी, मचा हड़कंप

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड के माड़ीपुर स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर समिति के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा 1 लाख 70 हजार 788 रुपये की अवैध निकासी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। दो बार में हुई इस निकासी के बाद समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया है। निकासी से संबंधित लेनदेन में साहिल खान और पुरोखित नाम सामने आने की बात कही जा रही है। घटना के बाद मंदिर समिति की ओर से साइबर हेल्पलाइन पर कॉल कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई है। श्रीराम-जानकी मंदिर समिति, सिमराही के नाम से एक समिति गठित की गई थी। इसमें माड़ीपुर निवासी प्रभुनाथ राय को अध्यक्ष तथा रवि राय को कोषाध्यक्ष बनाया गया था। दोनों के संयुक्त संचालन में नजदीकी भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में समिति का खाता खुलवाया गया था। इस खाते में श्रद्धालु लगातार सहयोग राशि जमा कर रहे थे। साइबर ठगों ने दो बार में 1 लाख 70 हजार 788 रुपये की निकासी कर ली घटना को लेकर समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय और कोषाध्यक्ष रवि राय ने संयुक्त रूप से साइबर थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद इस राशि की अवैध निकासी से श्रद्धालुओं में मायूसी के साथ आक्रोश भी व्याप्त है।

छठ घाट पर होगी बैरिकेडिंग, 15 व 16 नवंबर को एनएच-27 की एक लेन रहेगी बंद

डीएम और एसपी ने सासामुसा दाहा नदी छठ घाट का किया निरीक्षण सुरक्षा व यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।कुचायकोट प्रखंड के सासामुसा स्थित दाहा नदी छठ घाट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।एनएच-27 के किनारे स्थित इस घाट पर पूजा के दौरान बैरिकेडिंग कराई जाएगी। वहीं, 15 नवंबर की दोपहर बाद से 16 नवंबर की सुबह तक एनएच-27 की उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली एक लेन पर यातायात बंद रहेगा।बुधवार को डीएम समीर सौरभ और एसपी विनय तिवारी ने छठ घाट का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट की स्थिति, पहुंच पथ और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।डीएम ने साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े सभी कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि एनएच-27 के किनारे होने के कारण सासामुसा का छठ घाट सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है।ऐसे में पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।उन्होंने निर्देश दिया कि घाट के आसपास मजबूत बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से पूजा-अर्चना करने में सुविधा हो।साथ ही यातायात नियंत्रण की ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे सड़क पर जाम और दुर्घटना की आशंका न रहे।अधिकारियों ने सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करने और सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।इस दौरान सदर एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह, एसडीपीओ चन्दन कुमार बीडीओ आदित्य प्रकाश, थानाध्यक्ष दर्पण सुमन, पंचायत पर्यवेक्षक मुन्ना कुमार, तथा अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



विनोद अनुपम, संजय द्विवेदी समेत पांच विभूतियों को मिलेगा सदानीरा साहित्य सम्मान

18 नवंबर को करवतही बाजार में आयोजित सदानीरा महोत्सव में होंगे सम्मानित, देशभर के साहित्यकारों और कलाकारों का जुटेगा जमावड़ा

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) साहित्य, लोकसंस्कृति और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली पांच विशिष्ट विभूतियों को इस वर्ष सदानीरा साहित्य सम्मान से नवाजा जाएगा।सदानीरा महोत्सव समिति ने वर्ष 2026 के लिए विभिन्न विधाओं में दिए जाने वाले पांच साहित्यिक सम्मानों की घोषणा कर दी है।सभी सम्मान 18 नवंबर को करवतही बाजार में आयोजित होने वाले सदानीरा महोत्सव के मंच से प्रदान किए जाएंगे।समिति की ओर से घोषित सम्मान सूची के अनुसार, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ फिल्म समीक्षक विनोद अनुपम को सदानीरा साहित्य सम्मान दिया जाएगा।वहीं, वरिष्ठ लेखक एवं भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी को संत श्री अशोक तिवारी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।इसी क्रम में प्रख्यात लोक गायक मदन राय को पंडित शमानंद देहाती लोक सम्मान, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ कवि सुनील कुमार तंग को कविता के क्षेत्र में योगदान के लिए योगेन्द्र योगी काव्य सम्मान तथा नवोदित रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाने वाला रजनी राय स्मृति सम्मान चर्चित कवि बलराम बल्लू को प्रदान किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सदानीरा महोत्सव समिति प्रत्येक वर्ष साहित्य की अलग-अलग विधाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को पांच विशिष्ट सम्मानों से सम्मानित करती है।समिति का उद्देश्य साहित्य, कविता, लोकगीत और रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहन देना है।समिति के अध्यक्ष एवं साहित्यकार सर्वेश तिवारी श्रीमुख ने बताया कि 18 नवंबर को करवतही बाजार में आयोजित होने वाला सदानीरा महोत्सव इस बार बेहद भव्य और यादगार होगा।इसमें देशभर से ख्यातिप्राप्त लेखक, कवि, पत्रकार, संत और लोकगायक सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी।उन्होंने कहा कि महोत्सव साहित्य और लोकसंस्कृति के विविध रंगों को एक मंच पर लाने के साथ ही साहित्यिक संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण अवसर बनेगा।



बंगरा में मां पार्वती देवी की पहली पुण्यतिथि पर दिया गया श्रद्धांजलि

हनुमान चालीसा का पाठ कर बांटे गये सीता फल का पौधा, कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को किया गया अंग वस्त्र के साथ सम्मानित

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के बंगरा में मां पर्वती देवी की पहली पुण्यतिथि को समारोह पूर्वक मनाया गया। मां पार्वती देवी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके साथ ही कार्यक्रम में आये अतिथियों को अंगवस्त्र व सीता फल के पौधा देकर से सम्मानित किया गया। उसके साथ ही मां पार्वती देवी के कृतित्व को याद किया गया। आचार्य पं जनार्दन ओझा ने कहा कि उनकी व्यक्तित्व व गरीबों के सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता। उसके साथ ही मां पार्वती देवी सम्मान से बिहार के प्रमुख बांसुरी वादक महर्षि अनिल शास्त्री, परदुम्न दुबे उर्फ पंडित दुबे, संतोष शुक्ला, पत्रकार रामानुज प्रसाद,राजेश पांडेय, लोजपा के अंशु मिश्र, नीतीश तिवारी, पं मुन्ना मिश्रा उर्फ नेताजी तथा बिपिन बिहारी तिवारी को सम्मानित किया गया। मौके पर अवधेश कुमार राजन, संजय कुमार अभय, अजय दुबे, अनुराग कुमार अभय, अविनाश कुमार अभय, प्रणव कुमार अभय, मधुमंगल तिवारी आदि शामिल थे।



चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के समारोह में 53 विभूतियां सम्मानित

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) भगवान श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के अवसर पर चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान की ओर से मंगलवार को पटना सिटी स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस में सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में साहित्य, कला, संस्कृति, संगीत, चिकित्सा, शिक्षा, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 53 विभूतियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कमल नयन श्रीवास्तव ने किया। समारोह का उद्घाटन नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने किया, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने की। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ. संजय मयूख और पटना की महापौर सीता साहू, पूर्व कुलपति प्रो. के सी सिन्हा, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ और राजेश बल्लव विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर नंदकिशोर यादव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त का आदर्श ज्ञान, लेखन, कर्म और न्याय का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कायस्थ समाज की गौरवशाली परंपरा ज्ञान, शिक्षा, प्रशासन, साहित्य और राष्ट्र निर्माण में योगदान की रही है। इस विरासत को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने की जरूरत है। डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बिहार राज्यगीत के रचयिता कविवर सत्यनारायण की स्मृति में झारखंड के वरिष्ठ साहित्यकार निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।सम्मानित होने वाली अन्य विभूतियों में डॉ. आरती कुमारी, डॉ. एस.के. मल्लिक, मधुरेश नारायण, बरखा सिन्हा, प्रो. (डॉ.) सुधा सिन्हा, डॉ. राश दादा श्राशश, डॉ. ऋचा वर्मा, निशीथ वर्मा, डॉ. अमृता सिन्हा, मनीषा श्रीवास्तव, अभिलाष कुमार दत्ता, डॉ. किशोर सिन्हा, डॉ. अमिताभ कुमार वर्मा, संजय कुमार सिन्हा (मुकुल), अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रमोद बहादुर माथुर, सुरेन्द्र शैल, डॉ. विमल मुकेश, अभिजीत श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. नीलिमा वर्मा, जगत नन्दन प्रसाद, अपूर्वा वर्मा, नवीन श्रीवास्तव, प्रो. जितेन्द्र मोहन, राजेश कुमार कंठ, श्रेयसी श्रीवास्तव, मनीष कुमार, संदीप कुमार सिन्हा, विनोद कुमार वर्मा, आशुतोष कुमार, अमिताभ सिन्हा, रमेश शरण, डॉ. संजीव कुमार, मीरा श्रीवास्तव, उर्मिला वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सत्येन्द्र नाथ वर्मा, डॉ. प्रीति, अर्पणा कुमारी, समीर प्रसाद, आस्था दीपाली, डॉ. पूजा, शीला सिन्हा, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, आनंद बिहारी श्रीवास्तव, संजय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, समृद्ध सहाय, अरविन्द अकेला और मेधा अवनीश शामिल हैं। समारोह में राजेंद्र मेघा पुरस्कार से आस्था सिन्हा, निष्ठा, कीर्ति रानी, अनंत आकाश और लावण्या रवि को सम्मानित किया गया। पुरस्कार के साथ सम्मान राशि भी प्रदान की गयी। सांस्कृतिक संध्या में प्रेम कुमार, कुमार संभव,राकेश कुमार,वंशिका सिन्हा, सार्थक सक्सेना, आकांक्षा सिन्हा, मेघाश्री अंजुम, टिया वर्मा, अश्वनी वर्मा, स्मिता वर्मा, सिम्मी माला, विक्की कुमारी, अंश वर्मा और उजाला राज,सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कमल नयन श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अतिथियों, कलाकारों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्थान के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सिन्हा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये।

'कलमजीवी' स्मारिका का लोकार्पण



(कार्यक्रम में मौजुद चित्रगुप्त संस्थान के सदस्य)

अज्ञात वाहन की ठोकर से दुकानदार की मौत

मुआवजे के लिए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम ● पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गया मृतक ● लोजपा जिलाध्यक्ष ने स्वजनों को सौंपा चार लाख का चेक





कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) एनएच-27 पर भटवां मोड़ के समीप मंगलवार की देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक मोबाइल दुकानदार की दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटे ग्रामीणों ने मुआवजे और परिवार को सामाजिक सुरक्षा देने की मांग को लेकर एनएच-27 जाम कर दिया।करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण सड़क पर आवागमन बाधित रहा।बाद में लोजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा की पहल और बीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।मृतक की पहचान बिंदवलिया गांव निवासी सत्यदेव साह के 32 वर्षीय पुत्र बिट्टू साह के रूप में हुई है। वह भटवां मोड़ पर मोबाइल की दुकान चलाते थे। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की देर शाम दुकान बंद करने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे।इसी दौरान भटवां मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था होने से पहले ही घटनास्थल पर उनकी मौत हो गई।हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।इसके बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-27 पर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया।ग्रामीणों की मांग थी कि दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा और सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए।ग्रामीणों का कहना था कि बिट्टू साह अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं।परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए बच्चों के भरण-पोषण और भविष्य की चिंता बनी हुई है।ग्रामीणों ने मुआवजे का ठोस आश्वासन मिलने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने देने की बात कही।इसी बीच मौके पर पहुंचे लोजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने पहल करते हुए अपने निजी बैंक खाते से चार लाख रुपये का चेक मृतक के परिजनों को सौंपा।उन्होंने ग्रामीणों की बातचीत बीडीओ आदित्य प्रकाश से फोन पर कराई।बीडीओ ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।

बरवां चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ हुई भव्य पूजा-अर्चना

प्रसाद स्वरूप वितरित किए गए 201 पौधे



हथुआ (दैनिक नवसंदेश) कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना बुधवार को हथुआ प्रखंड के बरवां स्थित चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना की तथा उनकी प्रतिमा के समक्ष कलम-दवात स्थापित कर सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस वर्ष मंदिर में धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश भी देखने को मिला। पर्यावरण मित्र सह मंदिर व्यवस्थापक डॉ. सत्य प्रकाश की पहल पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप 201 पौधों का वितरण किया गया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना तथा समाज में हरित चेतना का प्रसार करना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पौधों को रोपित करने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। डॉ. सत्य प्रकाश ने कहा कि पौधा केवल प्रकृति का उपहार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। धार्मिक आयोजनों में पौधों को प्रसाद के रूप में वितरित करना समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की एक सार्थक पहल है। पूजा-अर्चना में श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विष्णु प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, पुष्प राज, चिरंजीवी प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, मदन प्रसाद, संतोष कुमार, जय प्रकाश, वेद प्रकाश, दायित्व अमृत, चंचल, अमन, बीरेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भैया दूज पर बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया तिलक, मांगी लंबी उम्र की दुआ



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व भैया दूज बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की।वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सम्मान का संकल्प दोहराया।पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा।बहनों ने स्नान के बाद पूजा की तैयारी की और शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी।इसके बाद भाइयों को मिठाई खिलाकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की गई।कई स्थानों पर विवाहित बहनों के घर भाइयों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा। बाजारों में मिठाइयों और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी चहल-पहल देखी गई।मान्यता है कि भैया दूज के दिन बहन के हाथों तिलक लगवाने से भाई को सुख-समृद्धि और दीघार्यु का आशीर्वाद मिलता है। इस पर्व ने भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम और अपनत्व की मिठास को और गहरा कर दिया।

ग्रामीणों ने संभाली छठ घाट की कमान, ऐतिहासिक सरोवर की सफाई में जुटे श्रद्धालु

आकर्षक सजावट व रोशनी की भी हो रही तैयारी



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं।विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई के साथ वहां तक पहुंचने वाले रास्तों की मरम्मत और व्यवस्था दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। जहां जलजमाव या रास्तों में आवागमन की समस्या है, वहां ग्रामीण वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटे हैं।इसी क्रम में बुधवार को बलथरी गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप ऐतिहासिक सरोवर के छठ घाट की सफाई और प्रतिमाओं की मरम्मत का कार्य ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से किया।बड़ी संख्या में ग्रामीण फावड़ा, खुरपी और बाल्टी लेकर घाट की सफाई में जुटे रहे।ग्रामीणों ने बताया कि यह सरोवर वर्षों से सामूहिक छठ आयोजन का प्रमुख केंद्र रहा है।यहां हजारों श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।इस वर्ष छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाने की तैयारी की जा रही है।इसके लिए आकर्षक टेंट, विद्युत झालर और रंग-बिरंगी रोशनी की व्यवस्था की जाएगी।घाट तक पहुंचने वाले रास्तों की सफाई और मरम्मत का काम भी तेजी से चल रहा है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क के दोनों किनारों पर प्रकाश व्यवस्था की जा रही है, ताकि पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।इस कार्य में अखिलेश प्रताप शाही, भोला शाही, अमोद शाही, गुंजन शाही, पप्पू पाठक, मुकेश कुमार, रजनीश पाठक, संदीप शाही, पप्पू शाही, हर्षित पाठक, निलेश शाही,रानू शाही, रोहन पाठक, रितिक , रितेश,सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

24 नवंबर को गोपालगंज मे होगा ऐतिहासिक रूप से सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम : जदयू जिला अध्यक्ष प्रमोद पटेल



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल की अध्यक्षता में 24 नवम्बर 2026 को सुशासन दिवस नितीश संवाद कार्यक्रम की सफलता हेतु तैयारी बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला कार्यक्रम प्रभारी अजीत कुमार निराला,सांसद डा. आलोक कुमार सुमन,बरौली के विधायक मंजीत कुमार सिंह,हथुआके विधायक रामसेवक सिंह सहित जद(यू०) जिला कमिटी के पदाधिका पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, राज्य परिषद सदस्य, सहित प्रमुख साथी शामिल थे। जिला कार्यक्रम प्रभारी अजीत कुमार निराला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 24 नवंबर को सुशासन दिवस -नीतीश संवाद का कार्यक्रम पूरे बिहार में आयोजित हो रहा है। गोपालगंज में जिला स्तर पर इसकी तैयारी और सफलता को लेकर बैठक की जा रही है। पूरे बिहार में जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 20 वर्ष में किए जा रहे कार्यों एवं नीतीश कुमार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी एवं 24 नवंबर को सुशासन दिवस नीतीश संवाद की सफलता की जिम्मेदारी कार्यकताओं की है और सभी कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारियों को पंचायत एवं प्रखंड में बैठक कर जिला में नीतीश संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण देना है। सांसद डा आलोक कुमार सुमन ने बताया कि आगामी 24 नवंबर को शहर के अंबेडकर भवन में सुशासन दिवस -नीतीश संवाद का कार्यक्रम होगा जिसमें पूरे गोपालगंज से दस हजार पार्टी कार्यकताओं की मजबूत भागीदारी होगी इसकी सफलता के लिए कार्यकताओं को अभी से तैयारी में लग जाना है एवं नीतीश कुमार के कार्यकाल एवं उपलब्धियां को जन-जन तक बताना है। बरौली विधानसभा के विधायक मंजीत सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा बीस वर्षों में जो सुशासन स्थापित किया गया है वो राज्य एवं देश के लिए नजीर है,बिहार को जंगलराज से मूर्ति दिलाकर भयमुक्त एवं कानून का राज स्थापित किया,24 नवंबर को नीतीश संवाद को ऐतिहासिक और सफल बनाना है। वहीं हथुआ विधायक रामसेवक सिंह ने कहा कि जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास पुरूष हैं महिलाओं के उत्थान एवं उनके जीवन यापन के लिए जीविका समूह का गठन किया,शराबबंदी की,पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी एवं 125 यूनिट बिजली फ्री किया,जिसका लाभ आज सभी को मिल रहा है,24 नवंबर को अंबेडकर भवन में महिला एवं पुरूष कार्यकताओं की मजबूत भागीदारी होगी एवं यह कार्यक्रम सफल होगा। वहीं जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने जिला कार्यकारिणी के सदस्यों,प्रखंड एवं नगर अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के सभी जिलाध्यक्षों को कार्यक्रम की सफलता के लिए एकजुट होकर गांव से पंचायत ,प्रखंड स्तर पर बैठक कर कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी , जिलाध्यक्ष ने कहा कि 17 नवंबर से 19नवंबर तक पंचायत स्तर पर एवं 19 नवंबर से 22 नवंबर तक प्रखंड स्तर पर बैठक कर नीतीश संवाद के कार्यक्रम की सफलता हेतु बैठक करनी है और 24 नवंबर को नीतीश संवाद अंबेडकर भवन में शामिल होकर सफल बनाना है। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह,मनोज तिवारी, जिला प्रवक्ता अभय पांडेय, जिला महासचिव हसीब अख्तर खान, राज्य परिषद सदस्य ललन मांझी, अरविंद पटेल, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राधेश्याम सहनी, विनोद कुमार तिवारी, डा ए के तिवारी, मिथिलेश राय, हसीब अख्तर खान, परवेज आलम खान, परवेज हसन, प्रखंड अध्यक्ष मो.तौहीद, योगेश प्रसाद, नंदलाल मौर्य, उमेश कुशवाहा, संतोष दास, प्रभात कुंवर, प्रभात कुमार, साहेब जाद अली, मुना कूवर, छात्र जदयू जिलाध्यक्ष राजा कुमार अनिश, अजय तिवारी, आनन्द बिहारी श्रीवास्तव, रामशिष सिंह, रीता देवी, शशि भूषण प्रसाद, लालबाबू राम, उमेश कुशवाहा, विकास तिवारी, सहित, सैकड़ो जदयू नेता, कार्यकर्ता मौजूद थे।